सुप्रभात
रांची, शनिवार
26.08.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | श्रावण, शुक्ल पक्ष, दशमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 46



12 मुद्रास्फीति को काबू में रखना मेरी प्राथमिकता : सीतारमण

TATA MOTORS
Connecting Aspirations





वर्ष 2024 से चरणबद्ध तरीके से उत्पादन होगा शुरू

## ऐतिहासिक शुरुआत

**मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन** के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में देश का पहला हाइड्रोजन इंजन संयंत्र स्थापित करने की ओर बढ़ा झारखण्ड


**खास बातें :**

- **₹ 350 करोड़** से अधिक का निवेश
- जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए देश की प्रतिबद्धता के साथ सजग खड़ा झारखण्ड
- स्वच्छ ऊर्जा तकनीकों और कार्बन के कम उत्सर्जन वाली अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ते कदम
- कमर्शियल वाहन उद्योग के लिए उन्नत तकनीकी उत्पादों के निर्माण के खुले द्वार
- हाइड्रोजन इंटरनल कम्बशन इंजन, बैटरी इलेक्ट्रिक व्हीकल प्रणाली, फ्यूल सेल इलेक्ट्रिक व्हीकल प्रणाली और फ्यूल डिलीवरी प्रणाली जैसे उत्पाद होंगे निर्मित
- युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार तथा कौशल विकास का होगा सृजन

**कम-से-शून्य उत्सर्जन पावरट्रेन समाधान बनाए जाएंगे**

**उद्योग विभाग, झारखण्ड सरकार और टीसीपीएल ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशन प्रा. लिमिटेड** (टाटा कमिंस प्राइवेट लिमिटेड (टीसीपीएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) **के बीच हुआ एमओयू**



आज का दिन सिर्फ झारखण्ड के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। मुझे खुशी है कि स्वच्छ ऊर्जा की परिकल्पना को धरातल पर उतारने का यह ऐतिहासिक कदम झारखण्ड सरकार और टाटा मोटर्स तथा कमिंस ने उठाया है।

**- हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

उद्योग विभाग, झारखण्ड सरकार
PRNO 305602 ( industries) IPRD 23-24

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की संकल्प यात्रा के दौरान शिकारीपाड़ा में जनसभा

# जेल से भी भ्रष्टाचार के खिलाफ करते रहेंगे आवाज बुलंद : बाबूलाल मरांडी

**आरोप** महागठबंधन सरकार के भ्रष्टाचार से खोखला होता जा रहा झारखंड



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/शिकारीपाड़ा।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जेल से भी भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद करते रहेंगे। श्री मरांडी शुक्रवार को शिकारीपाड़ा में आयोजित जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अब खान, खादान के मालिक स्थानीय बनेंगे। उन्होंने संथाली भाषा में कहा कि अटल जी ने अलग राज्य का सौगात दी। जिसे राज्य और केंद्र की भाजपा सरकार ने संवारने का कार्य किया लेकिन, गठबंधन सरकार के भ्रष्टाचार से प्रदेश की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों की चिंता करते हैं और हेमंत सोरेन दलालों, भ्रष्टाचारियों की चिंता करते हैं। गठबंधन सरकार के भ्रष्टाचार के कारण झारखंड खोखला होता जा रहा है। गठबंधन सरकार ने खदान व खनिज संपदा दिल्ली, मुंबई वालों को दे दिया। उन्होंने कहा कि 2024 में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनायें। झारखंड में भाजपा की सरकार बनायें। भाजपा स्थानीय को खदान का लीज देगी।

उन्होंने कहा कि राज्य में अपराधियों का तांडव हो रहा है। अपराधी बेखौफ होकर अपराध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक प्रदेश में गठबंधन सरकार है कानून राज स्थापित, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकारें विकास के लिये जानी जाती है। जबकि कांग्रेस-झामुमो, राजद की सरकार का मतलब ही भ्रष्टाचार, लूट, दलालों, बिचौलियों की भरमार है। उन्होंने कहा कि जितना केस करवाना है, करवा लें। वे जेल से भी राज्य सरकार द्वारा मची लूट, झूठ और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद करते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि जब भाजपा की सरकार बनी तो गांव-गांव में सड़कों का निर्माण हुआ। संथाल परगना में भी विकास के कई योजनायें चल रही है। रेलवे मार्ग से लेकर हवाई मार्ग से यह क्षेत्र जुड़ गया। देवघर में एम्स और दुमका में मेडिकल कॉलेज भाजपा सरकार में ही निर्माण हुआ। इतना ही नहीं भाजपा ने अलग से आदिवासी मंत्रालय, संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराया।

## बाबूलाल की संकल्प यात्रा की सफलता से घबरा गयी राज्य सरकार : प्रतुल शाहदेव



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा को मिल रहे अपार समर्थन से राज्य सरकार घबरा गयी है। श्री शाहदेव शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गर्मी और बारिश के बावजूद हजारों की संख्या में लोग बाबूलाल मरांडी की सभा में उन्हें सुनने आ रहे हैं। इससे साफ है कि सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री पर जो भ्रष्टाचार के संगीन आरोप लगाए थे, वह तीर बिल्कुल निशाने पर लगा है। तभी सरकार की ओर से आज तक किसी ने इसका खंडन नहीं किया लेकिन बाबूलाल मरांडी पर फर्जी मुकदमों की झड़ी लगा दी गई है। अब तक बाबूलाल मरांडी पर चार फर्जी केस किये गये हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और उनके सलाहकार यह कंफ्यूजन में हैं कि बाबूलाल मरांडी और भाजपा के नेता ऐसे फर्जी मुकदमों से विचलित हो जायेंगे। वो बाबूलाल पर चार क्या 400 मुकदमे भी कर दें, तब भी उनकी भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही मुहिम नहीं रुकने वाली है। इस अवसर पर शिवपूजन पाठक भी उपस्थित थे।

कैग रिपोर्ट पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केन्द्र पर हुए हमलावर, कहा

# आजादी के बाद सबसे ज्यादा घोटाले बीजेपी सरकार में हुए

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कैग की रिपोर्ट पर कांग्रेस पार्टी एनडीए सरकार पर हमलावर रूख अख्तियार कर लिया है। राजधानी रांची समेत प्रदेश के सभी जिलों में शनिवार को कैग की रिपोर्ट पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष संवाददाता सम्मेलन कर केंद्र सरकार की गड़बड़ियों को सार्वजनिक कर रहे हैं। इसी कड़ी में राजधानी रांची में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कांग्रेस भवन में कहा कि कैग की रिपोर्ट में मोदी सरकार के 7 घोटाले उजागर हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नाक के नीचे सारा कुछ हुआ और वे मौन हैं। उन्होंने बताया कि कैग ने पदार्फाश किया है कि भारतमाला प्रोजेक्ट की बिडिंग प्रक्रिया में फर्जीवाड़ा हुआ है। द्वारका एक्सप्रेस-वे में भारी धांधली हुई है। सड़क बनाने की कीमत 18 करोड़ प्रति किलोमीटर से 250 करोड़ रुपये प्रति किलोमीटर पहुंच गई है।

राजेश ठाकुर ने कहा कि फर्जीवाड़ा सूची लंबी है। आयुष्मान भारत में मृत लोगों को जीवित दिखा कर भुगतान और एक ही नंबर से 7.5 लाख लाभार्थियों के जुड़े होने का फर्जीवाड़ा हुआ है। अयोध्या डेवेलपमेंट प्रोजेक्ट में ठेकेदारों के गल्ले में अनुचित लाभ पहुंचाने की कोशिश की गई है। टोल नियमों का उल्लंघन करते हुए एनएचआई ने गलत तरीके से यात्रियों से 132 करोड़ रुपये वसूले लिये हैं। एचएएल पर विमान इंजन की डिजाइन-प्रोडक्शन में खामियों का गंभीर आरोप है जिससे 159 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ हुआ है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्रालय ने वृद्ध, विकलांग और विधवा पेंशन योजनाओं का पैसा अन्य योजनाओं के प्रचार में खर्च कर दिया है।



**इन सवालों का प्रधानमंत्री दें जबाव :** प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि क्या प्रधानमंत्री अपनी नाक के नीचे हो रहे इन घोटाले पर चुप्पी तोड़ेंगे? प्रधानमंत्री की निगरानी में भारत माला प्रोजेक्ट में हुई धांधली पर कार्रवाई होगी। केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री के खिलाफ कार्रवाई होगी। आयुष्मान भारत में हो रहे फर्जीवाड़ा पर प्रधानमंत्री कुछ बोलेंगे, क्या वे पता करेंगे कि आखिर लाभार्थियों का पैसा कहां जा रहा है? श्री ठाकुर यह भी कहा कि ग्रामीण विकास मंत्रालय पेंशन बजट की राशि दूसरी योजनाओं के प्रचार पर क्यों खर्च कर रहा है। प्रधानमंत्री इसका पता लगायेंगे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में पहले जमीन की धांधली और अब डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के नाम पर घोटाले के लिए जिम्मेवार कौन हैं? आखिर कौन ठिकेदारों को अनुचित लाभ पहुंचा रहा है।

मौके पर प्रदेश महासचिव अमुल्य नीरज खलखो, विनय सिन्हा दीपू, प्रवक्ता आभा सिन्हा, रांची महानगर अध्यक्ष डॉ कुमार राजा, स्टेट को-ऑर्डिनेटर सोशल मीडिया गजेन्द्र सिंह उपस्थित थे।

## शिबू सोरेन लोकपाल केस : दिल्ली हाइकोर्ट में एक सितंबर को होगी अगली सुनवाई

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन से जुड़े लोकपाल मामले में दिल्ली हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान शिबू सोरेन के अधिवक्ता की ओर से विस्तृत बहस की गई, जिसके बाद अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 1 सितंबर की डेट तय की है। पूर्व की सुनवाई में अदालत ने डीए (आय से अधिक संपति) मामले में शिबू सोरेन के खिलाफ लोकपाल के सामने कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। जिसे कोर्ट ने 1 सितंबर तक विस्तार दिया है। शिबू सोरेन ने अधिकार क्षेत्र के आधार पर सीबीआई को प्रारंभिक जांच की कार्यवाही और आदेश को चुनौती दी है।

## जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद तहला खान की जमानत अर्जी खारिज

**रांची।** सेना की 4.55 एकड़ जमीन समेत अन्य जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद तहला खान को ईडी कोर्ट ने राहत देने से इनकार कर दिया है। दाखिल जमानत अर्जी शुक्रवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने खारिज कर दी है। अदालत ने 19 अगस्त को अर्जी पर सुनवाई के पश्चात आदेश सुरक्षित रख लिया था। इससे पूर्व ईडी के वकील शिव कुमार काका ने उसकी जमानत का विरोध किया। उन्होंने कहा कि मामले में चार्जशीट दाखिल है। जिसमें आरोपी के खिलाफ ठोस साक्ष्य है। वहीं, प्रार्थी के वकील ने कहा कि मामले में वह निर्दोष है। जमानत देने का अनुरोध किया। आरोपी की ओर से 16 अगस्त को जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की गई है। उक्त मामले में ईडी ने 13 अप्रैल को आरोपी को गिरफ्तार किया था।

## बोकारो में एप्रोच पथ के बिना ब्रिज बनाने के मामले में सौंपी रिपोर्ट, कोर्ट ने मांगा जवाब

**रांची।** बोकारो के चंदनक्यारी सहित अन्य ब्लॉक में खेत में नदी पर ब्रिज बनाने, उसका एप्रोच पथ नहीं होने एवं ब्रिज निर्माण के जिम्मेदार लोगों से पैसे की वसूली करने का आग्रह करने वाली रवि कुमार वर्मा की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट द्वारा गठित तीन सदस्य वाली कमीशन की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गई। कोर्ट ने मामले में प्रार्थी और राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह कमीशन की रिपोर्ट पर अपना जवाब दाखिल करें। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 8 सितंबर निर्धारित की है। इससे पहले कमीशन की रिपोर्ट पर कोर्ट ने मौखिक कहा कि कुछ ब्रिज का कनेक्टिंग रोड पक्की सड़क के रूप में दिख रहा है जबकि कुछ ब्रिज का अब कनेक्टिंग रोड कच्ची सड़क दिख रही है। इस पर राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद ने कोर्ट को बताया कि सभी ब्रिज को पक्की सड़क से जोड़ा गया है, हो सकता है वर्ष 2012-13 में बनी ये सड़क थोड़ी टूट गई हो, जिसकी मरम्मत करा दी जाएगी। प्रार्थी की ओर से बताया गया कि कई ब्रिज का कनेक्टिंग रोड नहीं है, खेत में ही ब्रिज बना दिए गए हैं।

# लालू की जमानत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई अक्टूबर तक टली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को झारखंड हाईकोर्ट से मिली जमानत को चुनौती वाली सीबीआई की याचिका पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई अक्टूबर तक टाल दी है। सीजेआई की कोर्ट ने फिलहाल सुनवाई की अगली तारीख नहीं बतायी है। अब सभी की नजरें अक्टूबर में सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई पर टिकी हैं। लालू यादव को जेल होगी या फिर सुप्रीम कोर्ट से भी राहत मिलेगी, अब अक्टूबर में पता चलेगा।

**सजा की आधी अवधि पूरी करने के ग्राउंड पर कोर्ट ने दी थी बेल**

दरअसल लालू यादव को झारखंड हाइकोर्ट ने सजा की आधी अवधि पूरी करने के ग्राउंड पर बेल दी थी। इसके बाद सीबीआई ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सीबीआई ने लालू यादव की जमानत रद्द करने के लिए अपनी याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग की थी।

सीबीआई ने अपनी याचिका में यह भी कहा था कि लालू प्रसाद यादव को कई मामलों में कम सजा मिली है। ऐसे में उन्हें जो भी सजा कोर्ट ने दी है, उसे भुगतनी चाहिए। दूसरी ओर लालू यादव की ओर से सीबीआई की मांग का विरोध किया गया है।

### चार कोषागार से धोखाधड़ी से पैसे निकालने से संबंधित घोटाले में दोषी हैं लालू प्रसाद



लालू यादव देवघर, दुमका और चाईबासा कोषागार से धोखाधड़ी से पैसे निकालने से संबंधित चार घोटाले में दोषी हैं। 2019 में उन्हें देवघर कोषागार मामले में जमानत मिल गयी थी। उन्हें चाईबासा कोषागार से फर्जी निकासी के दो मामलों में दोषी ठहराया गया था। चाईबासा कोषागार मामले में भी 9 अक्टूबर 2020 को हाइकोर्ट से लालू को इस आधार पर जमानत दे दी गयी थी कि उन्होंने सजा की आधी अवधि काट ली है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने झामुमो के बयान पर दी प्रतिक्रिया

## झामुमो बताये- संथाल परगना विल्डर्स प्रा. लि. कंपनी के कौन-कौन हैं डायरेक्टर : बाबूलाल



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झामुमो के उस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें कहा गया था कि उन्होंने संथाल परगना बिल्डर्स लिमिटेड के जरिये अवैध रूप से सैकड़ों एकड़ जमीन की खरीदारी की है। श्री मरांडी ने कहा कि झामुमो बताये कि नवंबर 2005 में बनी संताल परगना विल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड एक कंपनी जिसके दो डायरेक्टर उनसे जुड़े हैं, वह कंपनी आज भी मौजूद है और जमीन तथा शराब का कारोबार करती है, और जिन लोगों का नाम लिया गया है, उसका एक भी कागजात झामुमो दिखा दे कि वर्तमान में वे डायरेक्टर हैं। झामुमो से अनुरोध करता हूं कि वो यह भी बताये कि वे दोनों आज के दिन किसी भी तरह से उस कंपनी से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार चाहे तो खुद भी जांच करा ले तथा सार्वजनिक रूप से बताए कि उस कंपनी में कौन कौन जुड़े हुए हैं।

# सीएमपीडीआइ और टाटा कैंसर केयर फाउंडेशन के बीच हुआ एमओए

**परियोजना की लागत 1.82 करोड़ रुपये**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएमपीडीआइ और टाटा कैंसर केयर फाउंडेशन, मुम्बई के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर शुक्रवार को हस्ताक्षर किये गये। वित्त वर्ष 2023-25 के दौरान कैंसर निदानार्थ परीक्षणों (डायग्नोस्टिक टेस्ट्स) और उपचार के लिए रांची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (आरसीएचआरसी), कांके, रांची में सामाजिक-आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए किया गया है। इस परियोजना की लागत 1.82 करोड़ रुपये है। इस परियोजना के तहत सीएमपीडीआइ करीब 1615 लोगों के कैंसर निदानार्थ परीक्षणों (डायग्नोस्टिक टेस्ट्स) की लागत और 12 लोगों के कैंसर के इलाज के लिए 1 लाख रुपये वहन करेगा, जो किसी भी सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के अंतर्गत शामिल नहीं है। सीएमपीडीआइ के महाप्रबंधक (एचआरडी/सीएसआर) आरके महापात्रा और टाटा कैंसर केयर फाउंडेशन-मुम्बई के मुख्य वित्तीय अधिकारी कुमार नंदुला ने समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किये।

मौके पर सीएमपीडीआइ की ओर से महाप्रबंधक (उत्खनन/एचआरडी) अजय प्रसाद एवं उनकी सीएसआर टीम तथा रांची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (आरसीएचआरसी), कांके, रांची के डॉ (कर्नल) मदन मोहन पांडे उपस्थित थे।




# दो साल का कार्यकाल पूरा होने पर कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का किया अभिवादन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं कार्यकारी अध्यक्ष गीता कोड़ा, बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो और शहजादा अनवर के दो वर्ष का कार्यकाल सफलता पूर्वक पूरा होने पर शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों, आयोग, बोर्ड, निगम के अध्यक्षों, अग्रणी मोर्चा संगठन के पदाधिकारियों, रांची महानगर एवं जिला ग्रामीण के अध्यक्षों एवं उनके पदाधिकारियों के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं पगड़ी पहनाकर अभिवादन किया गया। मौके पर केक भी काटा गया।

मौके पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राजेश ठाकुर का कार्यकाल अब तक के अध्यक्षों में सफल कार्यकाल के रूप में सदैव याद रखा जाएगा। हमें पूरी उम्मीद है कि आने वाले दिनों में राजेश ठाकुर के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी शानदार प्रदर्शन करेगी। नेताओं ने कहा कि राजेश ठाकुर के नेतृत्व में लंबे अर्से के बाद प्रदेश कांग्रेस कमिटी का गठन हुआ, जिला प्रखंड मंडल एवं पंचायत कमिटी का भी गठन हुआ, पहली बार प्रदेश, प्रमंडल, जिला एवं प्रखंड के कार्यकताओं से संवाद किया गया। झारखंड गठन से अब तक पहली बार सबसे सफल सदस्यता अभियान संपन्न हुआ। 8.5 लाख से ज्यादा सदस्य बनाये गए। डिजिटल सदस्यता अभियान में पूरे देश में पांचवां स्थान मिला। देश भर में सबसे सफल यात्रा कार्यक्रमों- भारत जोड़ो उप यात्रा, हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा, जय भारत सत्याग्रह यात्रा, गौरव यात्रा, जनजागरण यात्रा का आयोजन हुआ। बोर्ड निगम आयोग में कार्यकर्ताओं को सम्मान मिला। कार्यकर्ताओं के सुख दुख में हमेशा साथ रहे, केंद्र सरकार की गलत नीतियों के विरोध में प्रदेश जिला एवं प्रखंड स्तर पर आंदोलन का नेतृत्व किया।



**अभिनंदन करनेवाले में ये थे शामिल :** कृषि विपणन पर्षद चेयरमैन रवीन्द्र सिंह, गौ सेवा आयोग चेयरमैन राजीव रंजन प्रसाद, प्रदेश महासचिव अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, विनय सिन्हा दीपू, मदन मोहन शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता डॉ एम तौसीफ, आभा सिन्हा, प्रदेश सचिव अमरेन्द्र सिंह, बाल अधिकार संरक्षण के सदस्य उज्वल तिवारी, डॉ कुमार राजा, डॉ राकेश किरण महतो, गजेन्द्र सिंह, अजहर पप्पू, अभिलाष साहु, नेली नाथन, केदार पासवान, सुरेन राम, निरंजन पासवान, जगदीश साहु, वशिष्ट लाल पासवान, सुधीर चंद्रवंशी, सुरजीत नागवाला, राजेश चन्द्र राजू, परवेज आलम, दिनेश लाल सिन्हा, नरेन्द्र लाल गोपी, दीपक गुप्ता, पूर्णिमा सिंह, राखी कौर, प्रियदर्शनी, गौरव सिंह, प्रिंस बट्ट, बिनता पाठक, राजीव प्रकाश चौधरी आदि थे।

प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग ने जयंती पर बीपी मंडल को श्रद्धासुमन अर्पित कर किया याद

# स्व. बीपी मंडल ने संघर्ष कर सभी पिछड़ी जातियों को किया एकजुट: कैलाशचंद्र साहू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के चेयरमैन अभिलाष साहू की अध्यक्षता में शुक्रवार को कांग्रेस भवन, रांची में स्वर्गीय बीपी मंडल का 105वीं जयंती मनायी गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय को-ऑर्डिनेटर और झारखंड प्रभारी कैलाश चंद्र साहू, राष्ट्रीय ज्वाइंट को-ऑर्डिनेटर झारखंड सह प्रभारी प्रोफेसर रूपम यादव एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर उपस्थित थे।

कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी कैलाश चंद्र साहू ने कहा कि स्वर्गीय बीपी मंडल जी को हमारा देश हमेशा याद रखेगा। पिछड़ी जातियों के लिए उन्होंने संघर्ष कर एकजुट किया और अपने हक और अधिकार कैसे लिया जाता है यह सिखाया। आज उनका संघर्ष का नतीजा है कि पिछड़ी जातियों को पूरे देश में 27 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा है परंतु झारखंड राज्य बनने के बाद भाजपा की पहली सरकार ने पिछड़ी जातियों को आरक्षण 27 प्रतिशत से घटकर 14 प्रतिशत कर दिया। उन्होंने कहा कि 27 परसेंट आरक्षण झारखंड में पिछड़ी जातियों को मिले इसकी लड़ाई सड़क से सदन तक हम लोगों को एकजुट होकर लड़ना होगा।



### बीपी मंडल ने जीवन भर किया संघर्ष : राजेश

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि स्वर्गीय बीपी मंडल जी ने जीवन भर पिछड़ी जातियों के अधिकार की लड़ाई लड़ी। आज देश में मंडल कमीशन की सिफारिश पर ही पिछड़ी जातियों को 27 प्रतिशत का आरक्षण का लाभ मिल रहा है। स्वर्गीय मंडल काफी संपन्न परिवार से थे परंतु उन्होंने हमेशा अपने समाज के लिए आवाज बुलंद करते रहे पिछड़ी जातियों को एकजुट कर समाज के मुख्य धारा से जोड़ने का हमेशा प्रयास करते रहे।

**बीपी मंडल के बताये रास्ते पर चलना चाहिए : रूपम यादव**

सह प्रभारी प्रोफेसर रूपम यादव ने कहा कि बीपी मंडल महान नेता थे जिन्होंने पिछड़ी जातियों को अपने हक अधिकार की लड़ने की सीख दी। हमलोगों को एकजुट होकर उनके बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। झारखंड में भी जातिगत जनगणना होनी चाहिए। झारखंड में भी पिछड़ी जातियों को 27 प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पिछड़ों का हक और अधिकार मारना चाहती है। इसके लिए लड़ना होगा।

**बीपी मंडल के बताए रास्ते चलकर लिया जा सकता है अधिकार : अभिलाष**

प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के अध्यक्ष अभिलाष साहू ने कहा कि स्वर्गीय मंडल जी के बताए हुए रास्ते पर चलकर ही पिछड़ों की हक और अधिकार की लड़ाई को जीता जा सकता है। बहुत जल्द जिलों का दौरा कर प्रखंड अध्यक्षों और पंचायत अध्यक्षों से बैठकर बूथ कमेटी बनवाकर संगठन को सशक्त और मजबूत कैसे बने इसका विचार विमर्श किया जायेगा। ओबीसी जाति के साथियों को संगठन में जोड़कर पिछड़ी जातियों का हक व अधिकार की लड़ाई को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास होगा।

**कार्यक्रम में ये लोग थे मौजूद :** कार्यक्रम में हजारीबाग से सुजीत नागवाला दीपक गुप्ता चतरा से कैप्टेन प्रदीप साहू, प्रदीप गुप्ता धनबाद से मनोज यादव, शमशेर आलम मदन महतो, जीवन घोष बोकारो से महेश्वर मंडल, जितेंद्र यादव सुदामा यादव चाईबासा से मायाधर बाईरा, रंजीत यादव खूंटी से सोनू इमरान लोहरदगा से संतोष महतो बोकारो से आशा देवी, अब्दुल गफ्फार अंसारी कोडरमा से संतोष कुमार यादव, पलामू से सुधीर चंद्रवंशी धनंजय यादव रांची से संतोष महतो,राजेश चंद्र राजू ,राजेश वर्मा, विनोद साहू, कुलदीप कुमार अजय प्रजापति मो मन्नान अंसारी अजय कुमार संजय जयसवाल हाजी निजाम पप्पू एवं सैकड़ो ओबीसी कार्यकर्ता स्वर्गीय बीपी मंडल जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

सुप्रभात

रांची, शनिवार

26.08.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | श्रावण, शुक्ल पक्ष, दशमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 46




12 मुद्रास्फीति को काबू में रखना मेरी प्राथमिकता : सीतारमण

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### छत से गिरी स्कूली छात्रा हालत गंभीर

**रांची।** राजधानी के सेक्रेड हार्ट स्कूल में पढ़ने वाली एक छात्रा स्कूल में ही गिरने से संदेहास्पद परिस्थितियों में बुरी तरह से जख्मी हो गयी है। क्लास छह में पढ़ने वाली छात्रा को धुर्वा के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। तुपुदाना ओपी की पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। स्कूल प्रबंधन ने ने उसे आनन-फानन में नजदीक के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। डॉक्टर के अनुसार छात्रा की स्थिति गंभीर है। फिलहाल उसे आईसीयू में भर्ती किया गया है। पुलिस पता लगा रही है कि बच्ची किन परिस्थितियों में गिर कर घायल हुई है।

### नीरज चोपड़ा ओलंपिक के लिए क्वालीफाई

**नयी दिल्ली।** स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा ने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 के फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने अपने पहले ही प्रयास में 88.77 मीटर दूर भाला फेंका और फाइनल में जगह पक्की कर ली। स्वीडन के बुडापेस्ट में आयोजित हो रहे वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला 27 अगस्त को आयोजित होगा। टोक्यो ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने करियर का चौथा सर्वश्रेष्ठ थ्रो था। वे पेरिस ओलंपिक के लिए भी क्वालिफाई कर चुके हैं। पेरिस ओलपिंक का आयोजन अगले साल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होगा।

### दादी प्रकाशमणि की स्मृति में डाक टिकट

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को यहां ब्रह्माकुमारीज की पूर्व प्रमुख दादी प्रकाशमणि की स्मृति में एक डाक टिकट जारी किया। समारोह का आयोजन राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में किया गया था। राष्ट्रपति ने इस मौके पर आध्यात्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले वैश्विक गैर-सरकारी संगठन और लोगों से जनकल्याण की भावना से काम करने का आह्वान किया।

### पीएम मोदी को ग्रीस का सर्वोच्च सम्मान

**एथेंस।** दक्षिण अफ्रीका की यात्रा पूरी कर पीएम मोदी मोदी ग्रीस पहुंचे। वे ग्रीस में एक दिन रहेंगे। ग्रीस के पीएम क्यारीकोस मित्सोटाकिस ने उन्हें आमंत्रित किया था। 40 साल बाद भारत के कोई भारतीय पीएम ग्रीस की यात्रा कर रहा है। ग्रीस की राष्ट्रपति कतेरीना साकेलारोपोलू ने पीएम मोदी को द ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर से सम्मानित किया है।

### वायनाड में सड़क हादसा, 8 की मौत

**वायनाड।** राहुल गांधी के संसदीय क्षेत्र केरल के वायनाड में शुक्रवार सवारियों से भरी जीप का एक्सीडेंट हो गया। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गयी। इसमें अधिकतर महिलाएं हैं। वायनाड पुलिस ने बताया कि यह हादसा अपराह्न करीब 3:30 बजे वलाड-मननथावडी रोड पर यह दुर्घटना हुई। वाहन में कम से कम 12 लोग सवार थे।

### पुतिन जी-20 शिखर सम्मेलन में नहीं आयेंगे

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति पुतिन जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत नहीं जा सकेंगे। रूसी राष्ट्रपति के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने शुक्रवार को यहां मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस समय राष्ट्रपति का मुख्य जोर विशेष सैन्य अभियान पर है।


गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |


# इंडिया स्मार्ट सिटी अवार्ड : ईस्ट जोन के शहरों में रांची नंबर 1

### केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने की घोषणा

संजीव मिश्रा



**रांची।** केंद्र सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने इंडिया स्मार्ट सिटी अवार्ड कॉन्टेस्ट 2022 का परिणाम घोषित कर दिया है। भारत सरकार द्वारा जारी इस अवार्ड कॉन्टेस्ट में फिर से एक बार झारखंड की राजधानी रांची ने अपना परचम लहराया है। पूर्वी क्षेत्र के 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में रांची को नंबर वन अवार्ड गया है। जल्द राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले एक बड़े कार्यक्रम में अवार्ड वितरण किया जायेगा, जिसमें रांची स्मार्ट सिटी को भी सम्मानित किया जायेगा। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजधानी नयी दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये अवार्ड की घोषणा की है।

**हर साल होता है कॉन्टेस्ट :** गौरतलब है कि भारत सरकार के स्मार्ट सिटी मिशन की ओर से देश के 100 चुने हुए शहरों में स्मार्ट सिटी की योजना चल रही है। इन योजनाओं की प्रगति और शहरों के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किये जा रहे कार्य को आधार बनाकर प्रतिवर्ष भारत सरकार की ओर से इंडिया स्मार्ट सिटी अवार्ड कॉन्टेस्ट का आयोजन किया जाता है। इस कांटेस्ट में कई बार रांची स्मार्ट सिटी को सम्मानित किया गया है।

(शेष पेज 11 पर)


### विभाग के सचिव ने दी बधाई

राज्य सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव एवं रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक विनय कुमार चौबे ने नगर विकास विभाग ,रांची स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन और स्मार्ट सिटी के विकास में जुड़ी विभिन्न एजेंसियों के पदाधिकारी एवं कर्मियों को बधाई दी है। साथ ही रांची की जनता को भी सहयोग के लिए दिल से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में प्रदेश हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहा है। इसी कुशल नेतृत्व की वजह से हमारा प्रदेश और स्मार्ट सिटी रांची, स्मार्ट सिटी मिशन की योजनाओं में लगातार अग्रणी पंक्ति में खड़ा है।

### रांची स्मार्ट सिटी के सीइओ ने भी दी बधाई

रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के सीईओ अमित कुमार ने इस अवार्ड के लिए केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय का आभार व्यक्त किया है साथ ही राज्य सरकार के कुशल नेतृत्व और माननीय मुख्यमंत्री तथा विभागीय सचिव के कुशल मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने आश्वस्त किया है कि रांची स्मार्ट सिटी आने वाले वर्षों में और भी कई अवार्ड का हकदार बनेगा। उन्होंने रांची स्मार्ट सिटी के विकास और प्रगति के लिए पूरी टीम को बधाई दी है।

## रोवर ने की चांद पर आठ मीटर की चहलकदमी



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली। चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम ने चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित उतरकर जानकारी एकत्र करना शुरू कर दिया है। रोवर अच्छी स्थिति में है और पूरी तरह से सही काम कर रहा है। इसरो ने शुक्रवार को बताया कि रोवर प्रज्ञान ने चांद की सतह पर 8 मीटर की दूरी तय की है। उसके सारे पे लोड सही तरीके से काम कर रहे हैं। अगले 14 दिनों में रोवर के 2 और लैंडर के 4 वैज्ञानिक उपकरण नयं तथ्यों की खोज करेंगे। चंद्रयान बुधवार को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सुरक्षित रूप से उतरा था। इसरो ने कहा कि सभी नियोजित रोवर गतिविधियों को सत्यापित कर लिया गया है। रोवर के दो पेलोड (उपकरण) एलआईबीएस और एपीएक्सएस सुचारू रूप से काम कर रहे हैं। प्रोपल्शन मॉड्यूल, लैंडर और रोवर पर सभी उपकरण सामान्य ढंग से काम कर रहे हैं। प्रज्ञान रोवर के दो उपकरण अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर का लक्ष्य चंद्र सतह की रासायनिक संरचना और खनिज संरचना का अध्ययन करना है। वहीं, लेजर-इंड्यूस्ड ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोप चंद्रमा पर लैंडिंग स्थल के आसपास की मिट्टी और चट्टानों की मौलिक संरचना की पड़ताल के लिए है। विक्रम के तीन पे लोड ने भी काम करना शुरू कर दिया है।

(शेष पेज 11 पर)

### आज एथेंस से सीधे इसरो जा कर पीएम देंगे बधाई

एथेंस। पीएम मोदी ग्रीस से वह शनिवार को सीधे बेंगलुरु उतरेंगे। इसरो दफ्तर जा कर चंद्रयान-3 अभियान से जुड़े वैज्ञानिकों से मुलाकात कर उन्हें व्यक्तिगत तौर पर बधाई देंगे।

## एमओयू : झारखंड में लगेगा देश का पहला हाइड्रोजन ईंधन उद्योग

# झारखंड को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाना लक्ष्य : मुख्यमंत्री

### एक झलक

- सीएम की मौजूदगी में टाटा के साथ समझौता
- 354.28 करोड़ के निवेश प्रस्ताव पर हस्ताक्षर
- परियोजना से राज्य के विकास को गति मिलेगी
- राज्य को पिछड़ेपन से निकालने में लगा हूं



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ग्रीन एनर्जी की दिशा में झारखंड ने एक बड़ा कदम उठाया है। देश का पहला हाइड्रोजन इंधन प्लांट झारखंड में लगेगा। इसकी घोषणा के साथ ही झारखंड सरकार और टाटा समूह के बीच एमओयू हो गया। जलवायु परिवर्तन की चुनौती के तहत इसे एक बड़ा कदम माना जा रहा है। सीएम हेमंत सोरेन की उपस्थिति में शुक्रवार को टीसीपीएल व झारखंड सरकार के बीच हाइड्रोजन ईंजन को लेकर समझौता हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हाइड्रोजन इंधन निर्माण परियोजना के लिए टाटा मोटर्स एवं टाटा कमिंस के संयुक्त उपक्रम तथा झारखंड सरकार के बीच एमओयू होना निश्चित रूप से झारखंड के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है। ऐसे तो देश की आजादी से लेकर अब तक झारखंड में उद्योग के क्षेत्र में कई कड़ियां जुड़ी हैं। ईश्वर ने इस राज्य को विभिन्न प्रकार की खनिज संपदाओं से आच्छादित किया है।

यही कारण है कि झारखंड में कई छोटे-बड़े उद्योग के साथ-साथ बड़े-बड़े तकनीकी उद्योग भी लगे हैं। सीएम ने कहा कि झारखंड को पिछड़ेपन से बाहर निकालने के लिए लगागार तलाश रहा हूं। झारखंड को विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा करना हमारी सरकार का प्रमुख लक्ष्य है।

**झारखंड को विकसित करना लक्ष्य :** मुख्यमंत्री ने कहा कि वैसे तो झारखंड कहने के लिए देश के पिछड़े राज्यों में शामिल है। प्राकृतिक संसंधानों की प्रचुरता के बाद भी हम, क्यों पिछड़े राज्यों की लाइन में खड़े हैं, इसका इसकी मुकम्मल हल नहीं ढूंढ पाया हूं। हल ढूंढने के लिए निरंतर प्रयासरत हूं। हमारी सरकार झारखंड के युवा पीढ़ी की सोच के अनुरूप, यहां की जन भावनाओं के अनुरूप विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर एक बेहतर कार्य योजना के साथ राज्य को आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### प्रकृति से खिलवाड़ पड़ रहा है भारी

सीएम ने कहा कि दिल्ली जैसे शहर की जलवायु के विषय में हम लोग अक्सर सुनते आ रहे हैं। प्रकृति के साथ चुनौती मानव जीवन के लिए भारी पड़ रहा है। जलवायु परिवर्तन का घातक असर दिख रहा है, इसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। इसी का नतीजा है कि कहीं बेमौसम बरसात, क हीं सुखाड़, कहीं बाढ़, विचित्र स्थिति बन गयी है। प्रकृति के साथ ज्यादा छेड़-छाड़ करने का परिणाम भी हम सभी लोग देख रहे हैं। प्रकृति के साथ समन्वय स्थापित कर विकास के पथ पर आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य में हाइड्रोजन इंजन निर्माण परियोजना जलवायु परिवर्तन में सुधार के लिए मिल का पत्थर साबित होगा।

## झारखंड शराब घोटाला मामला : दो साल से थी सिंडिकेट पर नजर

# आज योगेंद्र और अमरेंद्र से इडी करेगी पूछताछ

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड में शराब घोटाला मामले में इडी की ताबड़तोड़ छापेमारी से शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया है। फिलहाल इडी ने 26 अगस्त को योगेंद्र तिवारी और अमरेंद्र तिवारी को एजेंसी के दफ्तर तलब किया है। दोनों से शराब घाटाले के मामले में जांच एजेंसी के अधिकारी पूछताछ करेंगे। योगेंद्र तिवारी शराब घोटाले का किंगपिन है। दो साल से झारखंड में शराब सिंडिकेट पर इडी की नजर थी। इडी का शक तब और गहरा हो गया जब झारखंड के एक शहर के एक बैंक से एक साथ 30 करोड़ का डिमांड ड्राफ्ट बनाया गया। झारखंड में शराब घोटाला मामले में इडी जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ेगी मामले में कई सफेदपोश लोगों के चेहरे निकल कर सामने आने की उम्मीद है। राज्य में शराब घोटाले पर ईडी की नजर वर्ष 2021 से ही थी।

2021 में दर्ज एफआईआर के आलोक में ही झारखंड की नयी और पुरानी शराब नीति के तहत झारखंड में हुए शराब कारोबार और उसमें शामिल लोगों पर नजर रखने के बाद बीते बुधवार से ईडी ने अपनी कार्रवाई शुरू की। शराब घोटाले के किंगपिन योगेंद्र तिवारी ने वर्ष 2021-22 में शराब के थोक कारोबार का ठेका हासिल किया था। झारखंड के सबसे बड़े शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी ने अपने राजनीतिक और नौकरशाही में संबंधों के जरिये राज्य में शराब के थोक कारोबार में वर्चस्व स्थापित किया था।

वर्ष 2021 में सरकार की थोक शराब नीति लागू होने के बाद योगेंद्र तिवारी ने अपने सिंडिकेट के जरिए 19 जिलों में शराब के ठेकों पर वर्चस्व स्थापित किया था, तब उत्पाद विभाग को भेजे गये बैंक खातों से इस बात का खुलासा हुआ था। ईडी राज्य में शराब कारोबार में नीतिगत निर्णयों को बदलवाने में भूमिका, शराब कंपनियों के लिए लॉबिंग में योगेंद्र तिवारी की भूमिका पर जांच शुरू की है।

(शेष पेज 11 पर)

## इडी को दूसरे पत्र में भी सीएम ने कहा समन राजनीति प्रेरित

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने फिर इडी को पत्र लिख कर फिर समन भेजे जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। गुरुवार को उन्हें इडी कार्यालय जाना था, पर नहीं गये और पत्र वाहक के जरिये जानकारी भेजी कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में पीटिशन दायर की है। लिहाजा फैसला आने तक पूछताछ नही की जाये। दरअसल, गुरूवार की दोपहर बाद सीएम आवास के एक कर्मी के जरिये एक पत्र इडी के असिस्टेंट डायरेक्टर को भेजा गया। पत्र में सुप्रीम जाने की बात कही। समन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में रिट पीटिशन दायर किया है। वहीं, सीएम ने 14 अगस्त को भेजे गये अपने पहले पत्र की तरह ही दूसरे पत्र में भी इडी पर राजनीति से प्रेरित होकर कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि रांची जमीन घोटाले में ईडी ने पहली बार 14 अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाया था। तब भी उन्होंने इडी पर आरोप लगाते हुए कोर्ट की शरण में जाने की बात कही थी। उसके बाद ईडी ने दूसरा समन भी उन्हें भेज दिया था।

## डुमरी उपचुनाव : सभी रेस में, बेबी और यशोदा में टक्कर

# दोनों के पति भी एक दूसरे से लड़ चुके हैं चुनाव



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डुमरी के चुनावी मैदान में जीत के दावे वाली डफली की आवाज चारों ओर गूंज रही है। सभी छह प्रत्याशी जोर शोर से प्रचार अभियान में जुटे हैं। सभी जीत का दावा कर रहे हैं। दावों की सच्चाई 8 सितंबर को सामने आयेगी। इनमें तीन प्रत्याशी पार्टियों से जुड़े हैं तो तीन बतौर निर्दलीय भाग्य आजमा रहे हैं। सीधा मुकाबला झामुमो की बेबी देवी और आजसू की यशोदा देवी के बीच है। बेबी देवी और यशोदा देवी में एक समानता है कि दोनों के पति एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ चुके हैं। 2009 के चुनाव में यशोदा के पति दामोदर महतो, जगरनाथ महतो से चुनाव हार गये थे। 2019 में यशोदा देवी का सामना जगरनाथ महतो से हुआ था लेकिन उनको भी हार मिली थी। इस बार इनके मुकाबले को दिलचस्प बना रहे हैं ओवैसी की पार्टी के अब्दुल मोबिन रिजवी।

इस बीच तीनों प्रत्याशियों को लेकर कुछ ऐसी बातें हैं जिसे सभी जानना चाहेंगे। मसलन, कौन प्रत्याशी ज्यादा धनवान है। कौन कितना पढ़ा-लिखा है। किस पर मुकदमा चल रहा है। किसका कैसा बैकग्राउंड है। सबसे खास बात है कि शिक्षक दिवस के दिन यानी 5 सितंबर को उपचुनाव होना है। शिक्षा के मामले में आजसू की यशोदा देवी आगे हैं। उन्होंने 1994 में बिहार इंटरमीडिएट काउंसिल के अधीन प्लस टू रामविलास हाईस्कूल, बेरमो से इंटर साइंस की पढ़ाई पूरी की है। इस मामले में दूसरे स्थान पर हैं ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम प्रत्याशी अब्दुल मोबिन रिजवी। इन्होंने मदरसा मिसबाहुलम ओलुम, नवादा, हजारीबाग से मैट्रिक तक की पढ़ाई की है। इनके पास आय का श्रोत कमिशन एजेंट और नजराना के रूप में है। शिक्षा के मामले में निचले पायदान पर हैं डुमरी से चार बार विधायक रहे दिवंगत जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी। वह सिर्फ साक्षर हैं। मुकदमा और धन-दौलत के मामले में झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी के पति चार बार विधायक रहे।

(शेष पेज 11 पर)

## मन की बात में पीएम मोदी कल लोहरदगा और गुमला के ग्रामीणों से करेंगे बात

# बंबू क्राफ्ट से मसियातू के आत्मनिर्भर बनने की कहानी बतायेंगे

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची, लोहरदगा।** 27 अगस्त को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी लोहरदगा के कुड़ू प्रखंड के मसियातु और गुमला के कोटेंगसेरा गांव की चर्चा करेंगे। दोनों गांवों के लोगों से बात करेंगे। मसियातु बंबू क्राफ्ट के लिए और कोटेंगसेरा गांव के किसान जैविक खेती के लिए चर्चित हैं।

लोहरदगा लोकसभा सदस्य सुदर्शन भगत ने इस कार्यक्रम पुष्टि की और कहा कि पीएम का यह कार्यक्रम लोहरदगा-गुमला के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। मन की बात कार्यक्रम के तहत पहली बार दोनों की चर्चा हो रही है। मसियातु के ग्रामीण बांस से सूप, टोकरी, पेन स्टैंड, टूथब्रश स्टैंड, फोटो फ्रेम, टेबल, सोफा, कुर्सी आदि का निर्माण करते हैं। इसे दूसरे जिलों से व्यापारी जाकर खरीद कर ले जाते हैं। पीएम मोदी देश के लोगों को बंबू क्राफ्ट से मसियातू गांव के आत्मनिर्भर बनाने की कहानी बतायेंगे।

### बंबू क्राफ्ट को ले चर्चित है मसियातू

कुड़ू प्रखंड के सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावित जंगली और पहाड़ी इलाके में बसा है यह गांव। मसियातु गांव बांस से सूप, टोकरी, पेन स्टैंड, टूथब्रश स्टैंड, फोटो फ्रेम, टेबल, सोफा, कुर्सी बनाने को ले कर चर्चित है। बांस की कलाकारी ने यहां की महिलाओं की जिंदगी बदल दी है। आत्मनिर्भर भारत की रख रही बुनियाद रखी हैं। सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र मसियातु के 50 परिवार पीढ़ी दर पीढ़ी बंबू क्राफ्ट के माध्यम से अपनी जीविका चला रहे हैं। बांस के बने उत्पादों से यह आत्मनिर्भर हो रहे हैं। परिवार का हर सदस्य इस काम से जुड़ा हुआ है। यहां के लोगों की जिंदगी इसी पर निर्भर है। एक परिवार के सदस्य घर बैठे आराम से 10 से 12 हजार रुपये की आमदनी करते हैं। कच्चा माल इन्हें जंगलों से मिल जाता है। यहां के ग्रामीणों की मेहनत प्रधानमंत्री को काफी पसंद आयी है। यही कारण है कि पीएम मोदी देश के लोगों मसियातू गांव के आत्मनिर्भर होने की कहानी बतायेंगे।


## स्पीड न्यूज

### दिलीप सिंह पूरी तरह स्वस्थ : नामधारी



**मेदिनीनगर।** झारखंड के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी के पुत्र दिलीप सिंह नामधारी पूरी तरह स्वस्थ है। उक्त जानकारी स्वयं इंदर सिंह नामधारी ने दी। नामधारी ने बताया कि मैं पिछले लगभग 20 दिनों से अपने बेटे दिलीप नामधारी के बीमार होने के कारण चंडीगढ़ में हूं। डालटनगंज में मुझे अचानक सूचना मिली थी कि सेप्टिक इंफेक्शन हो जाने के कारण वह फॉर्टिस हॉस्पिटल चंडीगढ़ में भर्ती हैं। इस दौरान दिलीप के मित्रों, शुभचिंतकों, कार्यकर्ताओं एवं मेरे साथियों एवं अन्य न जाने कितने लोगों ने फोन के द्वारा उसके स्वस्थ होने के लिए के लिए प्रार्थनाएं एवं शुभकामनाएं भेजें है। मैं उन सबको सस्नेह सूचित करना चाहता हूं कि दिलीप अब ठीक हो चुका है और हॉस्पिटल वालों ने अभी कुछ दिन और उसे वहां रखने की इच्छा व्यक्त की है। इसलिए उन सभी के प्रति मैं धन्यवाद व्यक्त करता हूं जो उसके स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थनाए एवं चिन्ता व्यक्त किए हैं उन्हें बधाई देते हैं।

### कोयल नदी के तट पर स्थित टूटे यात्री शेड की मरम्मत प्रशासन कराये : परशुराम ओझा



**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के कोयल नदी तट पर स्थित यात्री शेड का निर्माण लाखों रूपये खर्च कर कराया गया था ताकि इस शेड में यात्री धूप एवं वर्षा से बच सकें। या शेड में बैठकर अपने बस का इंतजार कर सकें लेकिन इस शेड के उपर का करकट टूट चुका है जिस कारण यात्रियों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस शेड के पास बस स्टैंड भी है जहां से गढ़वा अंबिकापुर, भंडरिया, बड़गड़ समेत विभिन्न गंतव्य स्थानों के लिए बस एवं छोटी वाहन खुलती है। इस स्टैंड में सैकड़ों महिला, पुरूष व बच्चे बस के इंतजार में यात्री शेड के अभाव में उमस भरी धूप में इधर उधर खड़े रहते हैं। इसे देखते हुए भाजपा नेता परशुराम ओझा ने उपायुक्त से मांग किया है कि इस टूटे हुए यात्री शेड का मरम्मत जनहित को देखते हुए अविलंब कराया जाये।

### हरिहरगंज : विद्यालय में बरसात का पानी भरने से पठन पाठन प्रभावित



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के ढाब ग्राम स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में बारिश का पानी भर जाने से पठन पाठन प्रभावित हुआ है। बारिश होने के कारण क्लास रूम के अंदर बरसात का पानी भर गया। विद्यालय के समय पर जब शिक्षक व छात्र विद्यालय पहुंचे तो विद्यालय में कहीं खड़े रहने की जगह तक नहीं थी। सभी जगह पानी भरा हुआ था। मालूम हो कि उक्त विद्यालय में वर्ग एक से आठ तक लगभग 400 से अधिक बच्चे नामांकित हैं। एन एच 98 फोरलेन सड़क निर्माण होने के दौरान विद्यालय के मुख्य भवन का एक भाग तोड़ दिया गया है। इसके बदले सड़क निर्माण कर रही शिवालया कंपनी द्वारा सड़क के पश्चिम दिशा में रूफिंग शीट से चार रुम का भवन बनाई गई है। जहां 3 से 8 वर्ग के छात्र पढ़ते हैं। सहायक शिक्षक अर्जुन राम ने बताया कि विद्यालय में बरसात का पानी भरने से कई दस्तावेज तथा एमडीएम की राशन भी भीग गया है। बीपीएम रेखा कुमारी ने बताया कि उक्त विद्यालय में बरसात का पानी भर गया है। छात्रों को नए भवन में शिफ्ट कर विद्यालय संचालित की गई।

### सोना सोबरन योजना के तहत लाभुकों के बीच धोती -साड़ी का हुआ वितरण



**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड 16 में डीलर विनोद कुमार के जन वितरण प्रणाली दुकान पर लाभुकों के बीच सोना सोबरन योजना के तहत शुक्रवार को धोती साडी और लुंगी का वितरण किया गया। वितरण निवर्तमान वार्ड पार्षद पूनम देवी और समाजसेवी विजय कुमार रवि ने किया। विजय ने कहा कि सरकार के हर कल्याणकारी योजनाओं को वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। पूनम देवी ने बताया कि 340 साड़ी,240 धोती और 136 लोगों को लूंगी दिया गया। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

### कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने किया बिश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र में पार्क बनवाने की मांग



**बिश्रामपुर (पलामू)।** कांग्रेस के बिश्रामपुर नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से रांची जाकर मुलाकात की। पांडेय ने आलमगीर आलम व राजेश ठाकुर को अपना मांगपत्र सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से ऋषि पांडेय ने बिश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र में पार्क बनवाने की मांग रखी है। पांडेय ने बताया कि पार्क निर्माण हेतु दो करोड़ की राशि भी विभाग द्वारा नगर परिषद को दिया गया है लेकिन भूमि की अनुपलब्धता के चलते पार्क का निर्माण नहीं हो पा रहा है। ऋषि ने कहा कि पार्क के निर्माण हो जाने से विश्रामपुर नगर परिषद की सुंदरता बढ़ेगी। आलमगीर आलम व राजेश ठाकुर ने पांडेय को आश्वस्त किया कि इस दिशा में राज्य सरकार जल्द ही सकारात्मक पहल करेगी। संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में निर्देशित किया जायेगा।

### शहीद एसआई के दशगात्र में शामिल हुए भाजपा नेता ब्रजेंद्र पाठक




बिश्रामपुर (पलामू) । नक्सलियों से मुठभेड़ में शहीद हुए एसआई अमित तिवारी के दशगात्र में वरीय भाजपा नेता ब्रजेंद्र पाठक शामिल हुए। इस दौरान पाठक ने शहीद के परिजनों को ढाढ़स बंधाया। शहीद दारोगा अमित तिवारी को श्रद्धांजलि भी अर्पित किया। उन्होंने कहा कि अमित तिवारी ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। उनका यह बलिदान ब्यर्थ नही जायेगा। मौके पर गढवा भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी, आनंद मोहन तिवारी आदि मौजूद थे।

### संत जोसेफ कान्वेंट स्कूल में चंद्रयान-3 की सफलता पर मनाया गया जश्न



**बिश्रामपुर (पलामू)।** पूनम तिवारी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित बिश्रामपुर संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल में चंद्रयान-3 का चन्द्रमा पर सफलता पूर्वक लैंडिंग का स्कूल प्रबंधन और बच्चों द्वारा जश्न मनाया गया। यहां बताते चलें कि स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों के लिए चंद्रयान लैंडिंग का लाइव टेलीकास्ट दिखाने की व्यवस्था की गई थी। स्कूल के निदेशक एन के तिवारी ने कहा कि देश को गौरवान्वित करने वाले इसरो के वैज्ञानिकों को पूरी दुनिया सलाम कर रही है। स्कूल के सह निदेशक पूनम तिवारी द्वारा बच्चों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के बारे में कई चीजें विस्तृत रूप से बताया गया। मौके पर शिक्षक विकाश कुमार, दिनेश सिंह,शिक्षिका निधि राय,ऋतु कुमारी,लक्ष्मी कुमारी, रिंकी कुमारी,मंजू गुप्ता,सुशीला कुमारी, रिंजू यादव, पप्पू पासवान सहित सभी शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्रा मौजूद थे।

### चंद्रयान की सफलता पर बी मोड़ के फल विक्रेताओं ने निकाला जुलूस



**बिश्रामपुर।** बिश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत बी मोड़ के फल विक्रेताओं ने चंद्रयान-3 की सफलता पर जुलूस निकाला। विजय जुलूस बी मोड़ से शुरू होकर रेहला, बीसीसीएल मोड़, डंडिला खुर्द, डंडीला कला सहित कई जगह घुमा। जुलूस में शामिल फल विक्रेता हाथों में तिरंगा लिए वैज्ञानिक जिंदाबाद और भारत माता की जय का नारा लगा रहे थे। जुलूस के प्रायोजक फल विक्रेता चंदन प्रसाद गुप्ता, राम कुमार मेहता गुड्डू व संजय मेहता ने कहा कि इसरो के वैज्ञानिकों ने इतिहास रचा है।

## मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज की लचर व्यवस्था को लेकर पूर्व मंत्री धरने पर बैठे

# मरीज की मौत के इंतेजार में लगे रहते हैं डॉक्टर : केएन त्रिपाठी

खबर मन्त्र संवाददाता




**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिल कॉलेज अस्पताल की व्यवस्था दिन प्रतिदिन दयनीय होती जा रही है। यहां आनेवाले गरीब व मध्यम वर्गीय रोगी भगवान भरोसे ही ईलाज कराते हैं। सरकार के सपने पर पानी फेर रहे अस्पताल प्रबंधन इन्हें किसी का भय नहीं है। जिस कारण मरीजों के जिंदगी और मौत से आये दिन खिलवाड़ होता ही रहता है। ऐसी ही घटना बीती रात्रि को चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चांदो निवासी भूपेंद्र सिंह को पेट व छाती में दर्द एवं सांस लेने की तकलीफ थी। जिसे इलाज के लिए उसकी पत्नी गौरी देवी मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उपस्थित चिकित्सकों ने मामूली सी ईसीजी की जांच कराने के बाद बिना प्राथमिक उपचार किये ही मरीज के भर्ती पूर्जा पर रेफर टू हायर लिखकर छोड़ दिया। इधर मरीज की स्थिति अच्छी नहीं थी। इसके परिजन एंबुलेंस के लिए 108 नंबर पर लगातार फोन करते रहे लेकिन किसी ने एक नहीं सुनी। इसकी सूचना जैसे ही पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी को मिला तो वे फौरन मरीज का हालचाल पूछने के बाद अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ धरने पर बैठ गये। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार करोड़ों रूपये खर्च कर पलामू प्रमंडल के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल का निर्माण कराया। जहां पर प्रतिमाह करोड़ रूपये से भी अधिक खर्च किये जा रहे हैं। इसके बावजूद भी अस्पताल प्रबंधन गरीब व मध्यम वर्गीय परिवार को सरकारी स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने में विफल साबित हो रहे हैं। त्रिपाठी ने कहा कि सत्य व अन्याय के विरूद्ध मेरा संघर्ष जारी रहेगा। अन्याय करने वाले सिविल सर्जन, अधीक्षक या स्वास्थ्य मंत्री या सचिव ही क्यों न हों उनके विरूद्ध भी मेरा आंदोलन जारी रहेगा। कारण कि गरीबों को इलाज के अभाव में मरने के लिए हम छोड़ नहीं सकते हैं। यहां के डॉक्टर मरीजो के मरने का इंतजार करते हैं जो नहीं होने दिया जायेगा। धरना की सूचना पाते ही सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह, प्रभारी अधीक्षक डॉ आरके रंजन धरना स्थल पर पहुंच कर पूर्व मंत्री से वार्ता किये। जिस पर पूर्व मंत्री ने कहा कि लापरवाही बरतने वाले चिकित्सकों पर अविलंब कार्रवाई होनी चाहिए ताकि इसकी पुनरावृति नहीं हो।

# हावड़ा भोपाल एक्सप्रेस का गढ़वा टाउन रेलवे स्टेशन पर होगा स्टॉपेज : सांसद

पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गढ़वा की जनता के लिए खुशखबरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों के फलस्वरुप हावड़ा भोपाल एक्सप्रेस (साप्ताहिक) ट्रेन संख्या 13025/13026 का अगले महीने से गढ़वा टाउन स्टेशन पर स्टॉपेज प्रारंभ होगा। उक्त मामले की सूचना रेलवे बोर्ड के संयुक्त निदेशक (कोचिंग) विवेक कुमार सिन्हा के पत्रांकः- सीसी 83एफ/2023, दिनांक 21/8/2023 के माध्यम से धनबाद रेलवे मंडल के सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार ने दी है। सांसद ने कहा कि अगले महीने 31 अगस्त के बाद तिथि निर्धारित कर उक्त ट्रेन का स्टॉपेज प्रारंभ किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि उक्त ट्रेन के स्टॉपेज की मांग लगातार गढ़वा की जनता द्वारा की जा रही थी। इस ट्रेन के स्टॉपेज के लिए पत्राचार के साथ-साथ सांसद ने व्यक्तिगत रूप से रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव जी से मुलाकात कर अनुरोध किया था। सांसद राम ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी को अपनी ओर से एवं पलामू संसदीय क्षेत्र की तमाम जनता की ओर से आभार प्रकट किया है।

# यातायात प्रभारी ने मुख्य बाजार से दो पहिया वाहनों को किया जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**सड़क पर बेतरतीब तरीके से वाहन को पार्क करने से जाम की समस्या उत्पन्न होती है : रामजीत सिंह**

**इसके पूर्व एएसपी ऋषभ गर्ग ने बाजार क्षेत्र में घूमकर लोगों को दी थी चेतावनी**

**मेदिनीनगर।** शहर के मुख्य बाजार में आये दिन आमजनों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। वहीं पुलिस भी जाम हटाने में बराबर परेशानियों का सामना करती है। इसे लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एएसपी ऋषभ गर्ग ने बीते दिन शहर के मुख्य बाजार के विभिन्न मार्गों में घूमकर दो पहिया वाहन चालकों को अंतिम चेतावनी देते हुए कहा था कि आगे भविष्य में वाहन लगाकर सड़क को जाम किया गया तो कानून सम्मत कार्रवाई की जायेगी। साथ ही श्री गर्ग ने व्यवसायी एवं फुटकर व्यवसायियों को भी नसीहत देते हुए कहा था कि आप अपना व्यवसाय सीमा क्षेत्र के अंदर ही करें। दुकान का सामान सीमा से बाहर रखकर सड़क को अवरूद्ध न करें। इसे लेकर एएसपी श्री गर्ग ने यातायात प्रभारी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शहर में लगातार अतिक्रमणमुक्त अभियान चलायें। इस निर्देश के आलोक में यातायात प्रभारी रामजीत सिंह ने पुलिस बल के साथ बीती रात्रि को छह मुहान से धर्मशाला रोड होते हुए पंच मुहान समेत विभिन्न मार्गों में अभियान चलाकर सड़कों पर बेतरतीब तरीके से खड़े वाहनों को जब्त कर थाना ले गये। इस संबंध में यातायात प्रभारी ने कहा कि लोगों को हिदायत देने के बावजूद भी वे अपने आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं जिस कारण यातायात की समस्या से आमजनों को जूझना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जब्त किये गये वाहनों की सूची जिला परिवहन कार्यालय को भेज दिया गया है। यदि सड़क को अतिक्रमण करनेवाले लोग इतने से भी सचेत नहीं होते हैं तो उनके विरूद्ध और सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# मोदी सरकार के घोटाले का सीएजी ने किया पर्दाफाश : बिट्टु

भारतमाला प्रोजेक्ट की बिडिंग प्रक्रिया में फजीर्वाड़ा पूरा सच देश के सामने आ गया

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कार्यालय के सभागार में मनिका विधानसभा के विधायक रामचंद्र सिंह एवं जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने पत्रकार वार्ता में कहा कि सीएजी ने केंद्र सरकार के घोटाले का पदार्फाश किया। प्रधानमंत्री मोदी की नाक के नीचे धांधली हो रही है। भारतमाला प्रोजेक्ट की बिडिंग प्रक्रिया में फजीर्वाड़े, बनाई की लागत 100% बढ़ गई, द्वारका एक्सप्रेस-वे में भारी धांधली, सड़क बनाने की कीमत 18 करोड़ प्रति किलोमीटर से 250 करोड़ रुपये प्रति किलोमीटर पहुंच गई। पाठक ने कहा कि आयुष्मान भारत में मृत लोगों को जीवित दिखा कर भुगतान और एक ही नंबर से 7.5 लाख लाभार्थियों के जुड़े होने का फर्जीवाड़ा, अयोध्या डेवेलपमेंट प्रोजेक्ट में ठेकेदारों के गल्ले में अनुचित लाभ पहुंचाने का घोटाला, टोल नियमों का उल्लंघन, एन एच ए आई ने गलत तरीके से यात्रियों से 132 करोड़ रुपये वसूले। एच ए एल पर विमान इंजन की डिजाइन-प्रोडक्शन में खामियों का गंभीर आरोप जिससे 159 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने वृद्ध, विकलांग और विधवा पेंशन योजनाओं का पैसा अन्य योजनाओं के प्रचार में खर्च कर दिया। देश विरोधी संस्था है सीएजी जो सरकार के सारे खर्चे का ऑडिट करती है। यह संस्था प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ साजिश रच रही है और उनकी नाक के नीचे हो रहे सात घोटालों को बेनकाब कर रही है अगर हां तो अब बस तुरंत मोदी जी उस पर इडी की रेड करवा कर ताला लगवाए अगर सीएजी का रिपोर्ट गलत है तो मोदी जी जेल भेजवा ही सकते है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार में घोटाले ही घोटाले हैं । अब पूरा सच देश के सामने आ रहा है। कांग्रेसी नेताओं ने प्रधानमंत्री से सीधे सवाल किया है कि क्या प्रधानमंत्री अपनी नाक के नीचे हो रहे इन घोटालों पर चुप्पी तोड़ेंगे? प्रधानमंत्री अपनी सीधी निगरानी में हो रहे हैं भारतमाला प्रोजेक्ट में धांधली पर कार्रवाई करेंगे? मोदी जी सवालों का जवाब नहीं देंगे, लेकिन कैग को देशविरोधी घोषित किया जाएगा । पत्रकार सम्मेलन में कांग्रेस प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी, ईश्वरी प्रसाद सिंह, रविंद्र राम, जितेंद्र कमलापुरी, अरविंद पासवान, महिला जिला अध्यक्ष इंदू भगत, मुकेश सिंह, प्रमोद यादव ,अनिल सिंह, सुनील सिंह, सौरभ पांडेय शामिल थे।

## 26 दिव्यांग छात्रों के बीच सहायक यंत्रों का हुआ वितरण



हरिहरगंज पलामू। स्थानीय बीआरसी परिसर में शुक्रवार को दिव्यांग छात्र-छात्राओं के बीच सहायक यंत्रों का वितरण किया गया। समावेशी शिक्षा अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के तहत कुल 26 विद्यार्थियों के बीच 4 व्हीलचेयर, पांच विद्यार्थियों को 10 कान की मशीन, 13 मेंटल किट, एक ब्रायन किट, दो एडीएल किट तथा तीन कैलीपर वितरित की गई। समावेशी शिक्षा प्रभारी राजीव चौबे ने बताया कि उक्त सभी छात्रों का गत वर्ष जांच किया गया था इसके अलावे 17 छात्र छात्राओं की दिव्यंका जांच की गई उन्होंने बताया कि अगले वर्ष जनवरी-फरवरी के बीच जांच कराए गए छात्रों को सहायक यंत्र दिया जाएगा इस अवसर पर बीपीएम रेखा कुमारी, एलिम्को विशेषज्ञ धनंजय मोहराणा, रंजन कुमार, नीतीश यादव, अरुण यादव, लेखापाल कमलेश कुमार, अमरजीत कुमार, संतोष कुमार मृत्युंजय कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## रामगढ़ में प्रखंड कृषि सलाहकार समिति का चयन

बीरेंद्र यादव



**रामगढ़ पलामू।** रामगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी पार्थ नंदन की उपस्थिति में प्रखंड कृषि सलाहकार समिति का चयन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय होने पर वोटिंग के माध्यम से चुनाव कराया गया। महेंद्र प्रसाद सोनी सबसे अधिक मत लाकर प्रखंड कृषि सलाहकार समिति के अध्यक्ष बने। महेंद्र प्रसाद सोनी ने बताया कि प्रखंड में खाद बीज समय समय पर उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता होगी। हर पंचायत में समय पर बीज एवं खाद उपलब्ध कराएंगे। चुनाव में सभी कृषि मित्र ने अपना-अपना पर्ची पेपर के माध्यम से वोटिंग किया। जिसमें सबसे अधिक मत महेंद्र प्रसाद सोनी को मिला। चुनाव प्रखंड प्रमुख प्रेमी देवी के उपस्थिति में किया गया। मौके पर उपस्थित प्रखंड कृषि पदाधिकारी निलेश कुमार, जन सेवक आनंद गोयल, एटीएम नवीन कुमार, सहायक अभियंता सुनील कुमार यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष कलीम अंसारी, जिला परिषद सदस्य छोटन सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभू, मुखिया मोतीलाल मुंडा, उमाशंकर प्रसाद, मुखिया पति नागेंद्र राम, अवध बिहारी सिंह, पंचायत समिति सदस्य पिंकी सुरीन सहित सभी जनप्रतिनिधि एवं कृषि मित्र उपस्थित थे।

### ग्रामीण खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने की जरूरत : भाजपा नेता आशीष सिन्हा



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड के धावाडीह तथा रेवारातु पंचायत में खिलाड़ियों के बीच समाजिक कार्यकर्ता सह भाजपा नेता आशीष सिन्हा ने फुटबॉल वितरण किया। सिन्हा ने कहा कि खेल से मानसिक व शारीरिक विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों से नशा से दूर रहने की अपील की। सिन्हा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्रतिभा को निखारने के ख्याल से करीब चार वर्षों से फुटबॉल का वितरण किया जा रहा है ताकि गरीबी खेल के क्षेत्र में बाधक नहीं बने। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, धीरज कुमार सिंह, निर्मल कुमार सिंह, तुलेश्वर सिंह, निर्मल सिंह, मदन उरांव, सुरेंद्र उरांव, प्रदीप कुमार, सुमित कुमार राजीव कुमार लखन उरांव राजेश्वर उरांव सहित कई खिलाड़ी और ग्रामीण मौजूद थे।

### भाजपा नेता रामराज ने की वाहन जलाने की निंदा



**हुसैनाबाद पलामू।** महुदंड पहुंच मुख्य सड़क के निर्माण कार्य लगे निमार्णाधीन संवेदक के दर्जनों वाहन को उपद्रवियों के द्वारा जलाए जाने की घटना की घोर निंदा भाजपा उर्दवार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता ने किया है । उन्होंने कहा कि प्रदेश की वर्तमान निकम्मी सरकार में उग्रवाद, गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार, बलात्कार, हत्याएं इत्यादि की घटनाओं में वृद्धि हुई है इससे आम जनमानस में भारी दहशत है और विकास के कार्य अवरुद्ध पड़े हैं प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति चरमरा चुकी है। इस घटना में लिप्त उपद्रवियों पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है।

### कुंआ से बरामद हुआ वृद्ध महिला का शव



**बिश्रामपुर (पलामू)।** रेहला थाना क्षेत्र के मधुरीडीह-तेनवाही गांव स्थित कुंआ से एक बृद्ध महिला का शव बरामद किया गया। मृतिका की पहचान बिश्रामपुर ठाकुर मोहल्ला निवासी बबन ठाकुर की मां अदरी कुंवर (85) के रूप मे हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका अदरी कुंवर बुधवार शाम से ही गायब थी। परिजनों का कहना है कि मृतिका का मानसिक हालत ठीक नहीं था। जिसके कारण वह घर आने के क्रम में कुंआ में गिर गई। थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में ऑपरेटर ने लाभुक से लिया पैसा

**उंटारी रोड पलामू।** उंटारी रोड प्रखंड कार्यालय में कार्यरत कंप्यूटर आपरेटर अनुज कुमार पर करकट्टा गांव के रामराज मेहता के पूत्र सुधीर कुमार मेहता ने अपने दादी मां का मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने के एवज में पैसा लेने का आरोप लगाया है। जिसके बाद सुधीर ने इसकी शिकायत प्रखंड प्रमुख अलका कुमारी से उनके प्रमुख कक्ष में किया। सुधीर कुमार ने प्रखंड प्रमुख कुमारी को बताया कि कंप्यूटर आपरेटर अनुज कुमार ने मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने के एवज में पैसा लिया है जिसके बाद प्रमुख ने कंप्यूटर आपरेटर अनुज को अपने कक्ष में बुलाकर जमकर फटकार लगाई जिसके उपरांत कंप्यूटर आपरेटर ने सुधीर का पैसा प्रमुख कक्ष में ही लौटा दिया। प्रमुख ने आपरेटर को जमकर फटकार लगाते हुए आगे से किसी भी लाभुक से किसी काम में पैसा नहीं लेन देन करने की बात कही।

# उपायुक्त के निरीक्षण एवं आदेश का भी एमएमसीएच अस्पताल प्रबंधन पर असर नहीं

अस्पताल का निरीक्षण पूर्व में भी सांसद, विधायक द्वारा किया गया लेकिन व्यवस्था ज्यों की त्यों

गजेंद्र कुमार



**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल का एकलौता मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल है, जहां पर गरीब व मध्यमवर्गीय लोग अपना ईलाज कराने दूर के गांवों से पहुंचते हैं इस आशा और उम्मीद के साथ कि कम खर्च में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा हमें मिलेगा। मेडिकल कॉलेज की स्थापना सरकार ने इसी उम्मीद से की थी कि पलामू प्रमंडलवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके और इनकी जान जोखिम में न पड़े। बावजूद इसके अस्पताल प्रबंधन के लापरवाही के कारण घटना दुर्घटना में घायल या सामान्य रोग से ग्रसित मरीजों के साथ सकारात्मक रूप से उपचार संसाधन के अभाव में नहीं किया जाता है। यहां तक कि मरीज के परिजन से बाहर की दवा एवं उपकरण मंगाकर ईलाज किया जाता है यह किसी से छिपी हुई नहीं है। वहीं दूसरी ओर सांसद, विधायक एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के द्वारा अस्पताल का निरीक्षण कर भर्ती मरीजों से हालचाल पूछकर सिविल सर्जन एवं अधीक्षक को मांग पत्र सौंपा जाता है। ताकि व्यवस्था में सुधार हो सके लेकिन इसका तनिक भी असर अस्पताल प्रबंधन पर नहीं पड़ता है। इतना ही नहीं पूर्व में भी स्वास्थ्य सचिव द्वारा निरीक्षण कर सुधार हेतु कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये जाते हैं। इसके बावजूद भी व्यवस्था में कोई सुधार होने का नाम नहीं लेता है। अभी बीते दिन ही उपायुक्त शशिरंजन द्वारा अस्पताल का औचक निरीक्षण कर सभी वार्डों का सघन रूप से जायजा लेकर अधिकारियों को सुधार हेतु निर्देश दिये लेकिन इनके निरीक्षण के कुछ चंद घंटों के बाद ही अस्पताल की कुव्यवस्था उजागर हुआ।

## जदयू जिलाध्यक्ष ने की खीरू महतो से मुलाकात




**पाटन पलामू।** जनता दल यूनाईटेड के पलामू जिला अध्यक्ष मनोज कुमार दूबे ने जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद खीरू महतो से मुलाकात कर संपूर्ण झारखंड में सुखाड़ घोषित कराने की मांग है। उन्होंने सांसद को बताया कि वर्षा नहीं होने के कारण पूरा झारखंड सुखाड़ की चपेट में है। ऐसे में प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो से मांग की है कि सरकार से मिलकर झारखंड में सुखाड़ घोषित कराया जाये ताकि किसानों को राहत मिल सके।

# किसान ब्रिगेड ने किया हरिहरगंज प्रखंड का दौरा

सेमरवार में पंचायत स्तरीय बैठक का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**हरिहरगंज (पलामू)।** भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल संजय कुमार सिंह सहित किसान ब्रिगेड के शीर्ष कार्यकताओं ने शुक्रवार को हरिहरगंज प्रखंड का दौरा कर जन सम्पर्क किया। इस दौरान सरसोत सतगावां तथा सेमरवार के लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को दूर करने की बात कही। उसके बाद सेमरवार पंचायत स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी जनेश्वर भुईयां तथा संचालन मुखिया जितेंद्र पासवान ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कर्नल संजय कुमार सिंह ने कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हम आपकी समस्याओं से अवगत होने के लिए आए हैं। कम बारिश के वजह से हुसैनाबाद विस क्षेत्र में सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई हैं। हमारे सदस्य गांव-गांव जाकर ग्रामीणों के समस्याओं से रूबरू होकर उसके निराकरण का प्रयास कर रहे हैं। आज हम सब सेमरवार पंचायत में आप सभी को जागरूक करने के लिए आया हूं। अब समय आ गया है बहुत लोग आपके पास आएंगे और आपके हमदर्द बनने का नाटक करेंगे। लेकिन उनसे सतर्क रहना है। हम सभी को एक साथ मिलकर हुसैनाबाद को एक नई सोच के साथ आगे बढ़ाना है। हमारा संगठन ने किसानों को हक दिलाने के लिए पिछले साल भी हुसैनाबाद विस के सभी प्रखंडों पर आंदोलन किया था और इस वर्ष में विभिन्न मुद्दों को लेकर हम सभी प्रखंड कार्यालयों पर सरकार के खिलाफ सत्याग्रह करेंगे। उपस्थित सभी ग्रामीणों ने संजय सिंह के साथ खड़े रहने की बात कही और उनके हर जन आंदोलन में बढ़-चढ़कर साथ देने का वादा किया। मौके पर भोला पासवान, राजाराम पासवान, गणेश प्रजापति, उपेन्द्र मेहता, जनेश्वर भुईयां, वशिष्ठ पासवान, मोना पासवान, सत्येंद्र, मनोज एवं बुटन यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# मनरेगा ऑपरेटर ने पंचायत समिति सदस्य के साथ किया अभद्रता, कार्रवाई की मांग

अमित कुमार चौधरी



सतेश्वर मेहता (फाइल फोटो)

**उंटारी रोड पलामू।** ओए हैलो, तुम यहां से उठो। तुम यहां से जाओ। उक्त बातें उंटारी रोड प्रखंड कार्यालय में कार्यरत मनरेगा आपरेटर राहुल कुमार ने करकट्टा पंचायत समिति सदस्य सतेश्वर मेहता से कहा। जिससे पंचायत समिति सदस्यों में रोष व्याप्त है। उंटारी रोड प्रखंड कार्यालय में कार्यरत मनरेगा आपरेटर राहुल कुमार पर करकट्टा पंचायत समिति सदस्य सतेश्वर मेहता ने गंभीर आरोप लगाया है। पंचायत समिति सदस्य मेहता ने कहा कि मनरेगा योजना संबंधी बातचीत के लिए शुक्रवार को करकट्टा पंचायत के रोजगार सेवक पंकज कुमार के पास पहुंचे। जहां पर कार्यरत मनरेगा आपरेटर राहुल कुमार ने सतेश्वर मेहता को कुर्सी से उठा दिया। मेहता ने बताया कि आपरेटर बोला ओए हैलो, यहां से उठो। तुम यहां से जाओ साथ ही अभद्रता किया जिसके बाद मैंने वहां से निकल गया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रखंड कार्यालय में कार्यरत एक मनरेगा आपरेटर के द्वारा एक जनप्रतिनिधि के साथ ऐसा व्यवहार कर रहे हैं जो भ्रष्ट कर्मी की चरित्र को दशार्ता है। इससे मेरा मान सम्मान को ठेस पहुंचा है। उन्होंने आपरेटर राहुल कुमार के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

इस संबंध में प्रमुख अलका कुमारी ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में आया है जिसमे आरोप सत्य पाया गया है। पंचायत समिति सदस्य के साथ मनरेगा ऑपरेटर का अभद्रता निंदनीय है। उक्त मनरेगा आपरेटर के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई के लिए उपायुक्त को आवेदन दिया जाएगा।
**अलका कुमारी, प्रमुख, उंटारी रोड**

मनरेगा आपरेटर के द्वारा पंचायत समिति सदस्य के साथ अभद्रता व कुर्सी से उठा देने का मामला मेरे संज्ञान में आया है। जिसमें पंचायत समिति सदस्य का बयान आया है। जबकि मनरेगा आपरेटर का बयान प्रखंड से चले जाने के कारण नहीं आया है। जांच का विषय है।मामला सत्य पाया गया तो कंप्यूटर आपरेटर के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई किया जाएगा।
**ललित राम, बीडीओ, उंटारी रोड**

स्पीड न्यूज

## भालूबासा के बनारस साड़ी इम्पोरियम में खुला कुर्ती हाउस



जमशेदपुर। बनारस साड़ी एम्पोरियम भालुबासा रेडियो मैदान, जमशेदपुर ने अपने नये श्रृंखला में कुर्ती हाउस का नाम जोड़ दिया है। लगभग 30 वर्षों से भी ज्यादा समय से बनारस साड़ी एम्पोरियम भालुबासा में बनारसी एवं सिल्क साड़ियों का विशाल संग्रह के साथ साउथ सिल्क, प्योर सिल्क, बालुचोरी, टांगाईल, इक्कत, बंगाल हैन्डलुम के तांत साड़ी और अनेक तरह के डिजाइनर एवं फैन्सी साडियों के लिए प्रसिद्ध इस दुकान में अब रेडिमेड सलवार सुट, कुर्ती, लेगिंस के नये डिजाइनों एवं वृहद कलेक्शन भी मिलना शुरू हो चुका है। बनारस साड़ी एम्पोरियम दुर्गा पुजा से पहले हर वर्ष प्री पूजा सेल का आयोजन करती है। जहां पर भारी छुट के साथ ग्राहको को अनेक तरह का लाभ मिलता है। इस सेल में कुछ चुनिंदा साड़ियों में बाई वन गेट वन का प्रावधान रहता है।

## प्रो भुवनेश्वर महतो को मिलेगा सीनियर फैलोशिप अवार्ड



पटमदा। कोल्हान विश्वविद्यालय के अंतर्गत पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला पटमदा के प्रो भुवनेश्वर महतो का चयन सीनियर फेलोशिप अवार्ड के लिए भारत सरकार सांस्कृतिक मंत्रालय ने किया है। प्रो महतो पंच परगना क्षेत्र के बुंडू अनुमंडल अंतर्गत नावाडीह गांव के निवासी हैं। भारत सरकार सांस्कृतिक मंत्रालय के स्वायत्त संस्थान सांस्कृतिक स्रोत व प्रशिक्षण केंद्र दिल्ली की ओर से निदेशक ऋषि वशिष्ठ ने पत्र भेजकर डांस और मैजिक विषय पर भारत के विभिन्न राज्यों में हो रहे छऊ डांस रिसर्च करने की स्वीकृति प्रदान की है। प्रो० भुवनेश्वर महतो का अभी पीएचडी कर रहे हैं इनका शोध का विषय कुरमाली संस्कृति का वैज्ञानिक अध्ययन को लेकर बांग्लादेश और नेपाल की यात्रा की है। इसके साथ ही छऊ डांस की टीम को लेकर केरल, हिमाचल प्रदेश, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में प्रदर्शन किये हैं। महतो ने बांसुरी वादन का भी उस्ताद हैं। उन्होंने कहा की झाड़खण्ड राज्य को कला संस्कृति को विश्व पटल पर पहचान देने का काम करेंगे। 31 अगस्त को सभी कागजात के साथ मंत्रालय की ओर से सम्मानित करने के लिए उनको आमंत्रित किया गया है।

## जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित



जमशेदपुर। वीमेंस यूनिवर्सिटी में वार्षिक खेलकूद कैलेन्डर के अनुसार खेलकूद का आयोजन किया गया। माननीय कुलपति प्रो.(डॉ.) अंजिला गुप्ता ने बताया कि यूनिवर्सिटी बनने के तुरंत बाद यहां की छात्राओं को स्पोर्ट्स में आगे बढ़ने का अवसर मिले इसके लिए स्पोर्ट्स एंड कल्चरल कमिटी बनाई गई। कबड्डी प्रतियोगिता में यूनीवर्सिटी टीम के गठन के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर को मिलाकर कुल 8 टीमें सम्मिलित हुईं। टीम के चयन के लिए खेल विशेषज्ञ जगदीश कुमार एवं सुखदेव सिंह शामिल हुए। शतरंज, बैडमिंटन सिंगल डबल एवं कबड्डी की टीम बन चुकी है। इनके चयन में क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष डॉ सनातन दीप, सदस्यगण आर तेजा, शान्ति मुक्ति बारला एवं प्रभात कुमार की विशेष भूमिका रही।

## जमशेदपुर महिला विवि की योग की छात्राओं का बेहतरीन प्रदर्शन



जमशेदपुर। धतकीडीह कम्युनिटी सेंटर जमशेदपुर में पूर्वी सिंहभूम जिला योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन द्वारा 19 अगस्त एवं 20 अगस्त को आयोजित दो दिवसीय तृतीय पूर्वी सिंहभूम जिला योगासन स्पोर्ट चैंपियनशिप में जमशेदपुर महिला विवि की एम ए योग की छात्राओं ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए महिला वर्ग में क्रमश: प्रथम, द्वितीय, एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त कर जमशेदपुर महिला विवि के योग विभाग को गौरवान्वित किया है। सीनियर बालिका 18 वर्ष से 28 वर्ष आयु वर्ग में चतुर्थ स्थान छात्रा सदफ आरा, महिला 28 वर्ष से 35 वर्ष ए. आयु वर्ग में प्रथम स्थान मिली सन्यासी एवं महिला 35 वर्ष से 45 वर्ष बी आयु वर्ग में द्वितीय स्थान बीना कुंभकार को प्राप्त हुआ है। छात्राओं ने कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता से औपचारिक मुलाकात कर उनके साथ वहां हुए अनुभवों को साझा किया। छात्राओं की सफलता पर कुलपति ने उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ अन्नपूर्णा झा आदि मौजूद थे।

# टाटा स्टील यूआइएसएल को नंबर वन प्राइवेट म्यूनिसिपल सर्विसेज कंपनी बनाना लक्ष्य : रितुराज सिन्हा

**● सरकार की नीतियों में पीपी मोड को लेकर बदलाव का इंतजार कर रही कंपनी : एमडी ● नगरपालिका सेवाओं में पीपी मोड लाने से ही होगा सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव**

विशेष संवाददाता/सत्येन्द्र कुमार





संवाददाता सम्मेलन में टाटा स्टील यूआइएसएल के प्रबंध निदेशक रितुराज सिन्हा।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआइएसएल ने अपनी सेवा के 20 वर्ष पूरे कर लिए। यह देश की पहली निजी कंपनी है जिसने वर्ल्ड क्लास नगरपालिका सेवाएं उपलब्ध कराने में बेंचमार्क स्थापित किया है। अब कंपनी अगले 20 साल में पूरे राष्ट्रीय फलक पर अपनी सेवाएं देने के लिए दीर्घकालिक रणनीति लेकर आगे बढ़ रही है,बस इंतजार है कि भारत सरकार और राज्य सरकारें नगरपालिका सेवाओं में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के लिए आवश्यक नीतियों का निमार्ण करें। दीर्घकालिक रणनीति के तहत जमशेदपुर में वर्ल्ड क्लास बिजली आपूर्ति, पेयजल आपूर्ति,सड़क एवं अन्य नागरिक सेवाओं के प्रबंधन को शो केस करते हुए दूसरे राज्यों में भी नगरपालिकाओं के कार्यों में हाथ बंटाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए कंपनी वर्ल्ड क्लास मैन पावर तैयार कर रही है जो प्रबंधन एवं सुपरवाइजिंग दोनों स्तर के लिए होंगे। उक्त जानकारी टाटा स्टील यूआइएसएल के प्रबंध निदेशक रितुराज सिन्हा ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने कहा कि कंपनी के पास अभी जो एक्सीलेंट मैनपावर है वह हर तरह की मुंसिपल सुविधा बेहतर ढंग से उपलब्ध कराने में सक्षम है। इसके लिए कंपनी तैयार है।

बीते 20 सालों में टाटा स्टील यूआइएसएल अपने को वर्ल्ड क्लास बनाने में सफल रही है वहीं अपना सालाना टर्नओवर 110 करोड़ रुपये से बढ़ा कर 1450 करोड़ रुपये करने में सफल रही है। प्रबंध निदेशक रितुराज सिन्हा ने खबर मन्त्र के एक सवाल के जवाब में कहा, अगले पांच वर्ष में हम अपनी सेवाओं का दायरा और टर्न ओवर दोनों मल्टीप्लाई करना चाहेंगे वशर्ते परिस्थितियां अनुकूल बनी रहे। एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि बीते दो दशक में कंपनी की सबसे बड़ी उपलब्धि झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में पावर डिट्रिब्यूशन लाइसेंस हासिल कर प्राप्त किया है। इस जिले के सिर्फ आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में कंपनी अपनी गुणवत्तापूर्ण बिजली देकर सालाना 550 करोड़ रुपये का कारोबार कर रही है। धीरे-धीरे पूरे जिले में बिजली कंपनी उपलब्ध करायेगी। प्रबंध निदेशक रितुराज सिन्हा ने यह भी बताया कि कंपनी जमशेदपुर में जलापूर्ति,बिजली, सड़कों के रख-रखाव एवं अन्य आधारभूत संरनाओं के निर्माण में वर्ल्ड क्लास है किन्तु सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट एवं सिवरेज ट्रिटमेंट समेत कुछ अन्य क्षेत्रों में वर्ल्ड क्लास बनने के लिए अगले चार साल में बहुत कुछ करने जा रही है।

मुंसिपल सर्विसेस का निजीकरण होने से शुल्क अधिक होने के सवाल पर रितुराज सिन्हा ने बताया कि सरकारी व निजी कंपनियों द्वारा जो मुंसिपल सुविधा मुहैया कराई जाती है उसकी लागत कमोबेश बराबर होती है। लेकिन सरकारी तंत्र में कम शुल्क के एवज में जो घाटा होता है उसे स्थानीय व केंद्रीय सरकारों द्वारा भर दिया जाता है जबकि निजी कंपनियां घाटा में काम नहीं करती हैं इसलिए शुल्क अधिक होता है। लेकिन निजी कंपनियां क्वालिटी सर्विस देती हैं जिससे लिविंग स्टैंडर्ड अच्छा होता है। उन्होंने संकेत दिया कि सरकार की ओर से मानगो, आदित्यपुर व आसपास में मुंसिपल सर्विसेस (पानी, बिजली, साफ सफाई) का मौका प्रक्रिया के तहत देती है तो वे अपने दायित्व का पूरा निर्वाह करेगी। एक अन्य सवाल पर रितुराज सिन्हा ने कहा कि 20 साल में जुस्को ने जमशेदपुर, सरायकेला खरसावां समेत, कोलकाता, हल्दिया, मैसूर में अपनी क्वालिटी नागरिक सुविधा की बदौलत विशेषकर पानी व बिजली आपूर्ति में कीर्तिमान स्थापित किया है। इसी तरह अगले 1-2 वर्षों में जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएससी) के सभी लोगों के घरों में नल से जल आएगा। इसकी प्रक्रिया चल रही है। 3-4 साल में सॉलिड बेस्ड मैनेजमेंट में भी बेंचमार्क होगा। इसकी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

### 20 साल की उपलब्धियों पर कंपनी को गर्व है : रितुराज

प्रबंध निदेशक रितुराज सिन्हा ने कहा कि कंपनी की स्थापना 20 साल प्रोफेशनल तरीके से शहरवासियों को नागरिक सुविधा मुहैया कराना था। इस 20 साल के सफर में कंपनी ने क्वालिटी पूर्ण पानी, बिजली आपूर्ति में बेंचमार्क स्थापित किया है। यही वजह है कि हर दिन दो चार लोग काल कर बिजली,पानी का कनेक्शन देने की मांग करते हैं।

कंपनी की उपलब्धियों के बारे में उन्होंने कहा कि कंपनी के पहले एमडी संजीव पाल ने जुस्को सहयोग की शुरूआत किया था। इससे एक सिस्टम डेवलप हो गया है और हर सुविधा से संबंधित समस्या का निर्धारित समय सीमा के अंदर समाधान होता है। साथ ही इसकी समीक्षा कर जो खामियां सामने आती है उसे दूर किया जाता है। सरायकेला खरसावां में जुस्को की बिजली पानी पहुंचने से वहां बड़ा बदलाव हुआ है। यह सब प्रोफेशनल तरीसे से संभव हो सका है। जुस्को बनने से पहले यह सभी काम टाउन डिविजन के तहत होता था। टाटा स्टील के तत्कालीन एमडी बी. मुत्थुरमण की दूरदर्शी सोच की वजह से जुस्को गठन हुआ वर्ना पानी, बिजली समेत अन्य नागरिक सुविधाओं में यह बदलाव नहीं होता। साथ ही एमडी ने कहा कि शहर की सीवरेज सिस्टम को अपडेट करना बड़ा चुनौति है। जहां सीवरेज सिस्टम को दुरुस्त किया जा सकता है किया जा रहा है पर जहां नहीं हो सकता है वहां सेप्टिक टैंक के विकल्प पर भी विचार किया जा रहा है।

### नागरिक सुविधाओं में होगा एआई का उपयोग

एक अन्य सवाल पर रितुराज सिन्हा ने कहा कि कंपनी नागरिक सुविधाओं में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का इस्तेमाल करेगी। उदाहरण देते हुए कहा कि अभी शहर के ट्रैफिक सिग्नल के पास एक ओर एक व्यक्ति रेड सिग्नल होने के कारण 18 सेकेंड तक खड़ा रहता है। यह बदलना चाहिए।

शहर के बिष्टुपुर, साकची समेत सभी 9 प्रमुख बाजारों में वाहनों के नहीं घुसने व अन्य नागरिक सुविधा नहीं होने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में एमडी ने कहा कि शहर के सभी सैरात बाजारों को सिस्टमेटिक करने के लिए पुनःनिर्माण की योजना है। सभी बाजारों को बहुमंजिला बनाकर पूरे जगह का उपयोग कर पार्किंग व अन्य नागरिक सुविधा मुहैया कराया जाएगा। यह सरकार स्तर से होना है इसकी प्रक्रिया चल रही है और उम्मीद है कि जल्द ही इस दिशा में सकारात्मक पहल होगी।

**नार्दन और साउथ-इस्ट कोरिडोर बनने तक शहर का ट्राफिक लोड कम करना मुश्किल**

टाटा स्टील यूआइएसएल के प्रबंध निदेशक ने एक अन्य सवाल पर कहा कि जमशेदपुर के सड़कों पर बढ़ते दबाव व भारी वाहनों के दबाव कम करने के लिए कंपनी की ओर से दो नए कॉरिडोर बनाने की योजना है। एक अन्ना चौक, हुडको डैम से पीपला होते हुए हाईवे पर जाना है तथा दूसरा टिनप्लेट के बगल से सीआरएम बारा होते हुए सीधे हाईवे तक पहुंचना है। इन दोनों कॉरिडोर के बन जाने से भारी वाहनों के शहर में प्रवेश पूरी तरह से बंद हो जाएंगे।

इससे शहर के सड़कों पर दबाव कम होगा और आम लोगों को ट्रैफिक संबंधित समस्याओं से निजात मिल जाएगा। इसके लिए भी सरकार के पास प्रस्ताव गया है और यह प्रोजेक्ट प्रक्रियाधीन है। वैसे शहर के दबाव वाले सभी सड़कों को फोरलेन किया जा चुका है और आगे भी जरूरत के अनुसार किया जाएगा।

# पीएम इमानदार हैं तो कैग रिपोर्ट पर करवाई करें: बन्ना

**स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, पीएम चुप रहे तो होगा देश ब्यापी जन आंदोलन**

खबर मन्त्र ब्यूरो



संवाददाता सम्मेलन में बोलते स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता। साथ में कांग्रेस जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दूबे व अन्य।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर परिसदन में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि संसद के मानसून सत्र में पेश नियंत्रक और महालेखा परीक्षा (कैग) की रिपोर्ट में मोदी सरकार में हुए घपले-घोटालों को खुलासा हुआ है। देश की लाखों करोड़ रुपये की अनियमितता उजागर हुआ है। मैं देश के प्रधानमंत्री से मांग करता हूं कि घोटालों एंव अनियमितता में शामिल मंत्रालयों के खिलाफ मामला दर्ज कर करवाई करें।अन्यथा कांग्रेस पार्टी देश ब्यापी जन आंदोलन करने को विवश होगी। मंत्री बन्ना गुप्ता ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि द्वारका एक्सप्रेस-वे सड़क निर्माण जिसकी निर्माण लागत 18 करोड़ रुपये प्रति किलोमीटर कैबिनेट से मंजूर थी, उसे बढ़ाकर 250 करोड़ रूपया प्रति कि.मी. कर दिया गया। मोदी सरकार की बहुप्रचारित आयुष्मान भारत हेल्थ स्कीम ने तो घपलों की सारी हदे ही पार कर दी। 7.5 लाख लाभुकों का एक ही मोबाईल नम्बर 9999999999 पर निबंधन पाया गया। ऐसे ही अन्य कई फर्जी नम्बर यथा 8888888888 पर भी हजारों लाभुक निबंधित पाये गये जिसका कैग की ऑडिट रिपोर्ट में खुलासा है। आयुष्मान भारत हेल्थ योजना में एक और अदभुत रिकार्ड बनाया मोदी जी की सरकार ने मृत व्यक्तियों के नाम पर आयुष्मान स्कीम अन्तर्गत ईलाज दिखाकर राशि की निकासी कर ली गयी। ऐसे 88670 मृत व्यक्ति थे, जिनके नामों का इस्तेमाल कर फजीर्वाड़ा को अंजाम दिया गया। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सिर्फ 5 टोल प्लाजा की रैंडम ऑडिट पर कैग ने पाया कि सड़क उपयोग करने वाली जनता से 132 करोड़ रुपए ज्यादा वसूली कर ली गयी। यह तो जनता की पॉकेटमारी थी। टोल प्लाजा के नियमों का एनएचएआई ने इस घपले को अंजाम दिया। स्वदेशी दर्शन योजना अंतर्गत 14 परियोजनाएं थीं, जिसमें 8 प्रोजेक्ट में 22 माह से 47 माह तक का विलम्ब हुआ 6 परियोजनाएं अभी भी बाकी है। कैग की रिपोर्ट के मुताबिक 2014-15 से 2018-19 की अवधि में 76 प्रोजेक्ट के लिए 5.45,569 करोड़ रुपए थे। ये प्रोजेक्टस योजना आयोग वित्त मंत्रालय की आपत्ति के बावजूद शुरू कर दिये गये। पर्यटन मंत्रालय ने कैबिनेट की मंजूरी के बगैर ही फंड मंजूर कर दिया, जबकि 1000 करोड़ रूपया से अधिक के प्रोजेक्ट कैबिनेट की स्वीकृति लेना जरूरी होता है। इस योजना में 15 पर्यटन सर्किटों की पहचान की गयी थी, जिसके विकास के लिए 76 प्रोजेक्ट मंजूर किये गये। बन्ना गुप्ता ने आगे कहा कि कोयला खदानों की नीलामी में भारी अनियमितताएं बरती गयी।कोयला खदानों की नीलामी प्रक्रिया की ऑडिट करने पर कग ने पाया कि इसमें पब्लिक मनी की लूट और बंदरबाट हुई है। कोयला खदानों की नीलामी में प्रतिस्पधा होना चाहिये था वह नहीं हुआ। ऐसा कारपोरेट्स और उनकी सहायक कम्पनियों के घालमेल से मैनेज हुआ। नीलामी की गयी खदानों के मूल्यांकन (मूल्य असेसमेंट) में त्रुटियां और विसंगतियां थी, जिससे सरकार को राजस्व का भारी नुकसान हुआ। पहले दो चरण में नीलाम की गयी 11 कोयला खदानों की नीलामी बोली में कम्पटीशन का संभावित स्तर हासिल नहीं पाया गया। कैग ने लअछ हिन्दुस्तान ऐरोनाटिक्स द्वारा इंजन की डिजाईन में की गयी त्रुटियों के कारण 159 करोड़ रूपया का नुकसान सरकार को हुआ। मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया कि भारतमाला की परियोजनाओं की निविदा प्रक्रिया में कैग ने त्रुटियां पायी है। इस परियोजना में निर्माण लागत 15.37 करोड़ रूपया प्रति कि.मी. थी।

जिसे बढ़ाकर 32 करोड़ रूपया प्रति कि.मी. कर दिया गया। संवाददाता सम्मेलन में मंत्री के साथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, मनोज झा,संजय तिवारी समेत दर्जनों कांग्रेस के नेता एंव कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ग्रामीण बैंक ने 16 फुटपाथी दुकानदारों को प्रदान किया ऋण स्वीकृति पत्र



खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक के भिलाई पहारी शाखा में आज दिनांक 24.08.23 को प्रधान मंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 16 फुटपाथ विक्रेताओं को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। मौके पर जीआरजी बैंक के सिंभुम क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक श्रीकांत कटारे के साथ साथ शाखा प्रबंधक मनमीत सिन्हा, मानगो नगर निगम की ओर से क्लस्टर प्रभारी नदीम वासी तथा सिटी मेनेजर निर्मल कुमार आदि उपस्थित थे। योजना के विषय में जानकारी देते हुए कटारे ने बताया कि आज बैंक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र अपने ग्राहकों के लिए बेहतर बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के साथ साथ शहरी क्षेत्र का विकास कर लोगों के जीवन स्तर में सुधार करना है। पीएम स्वनिधि योजना के लाभुकों ने झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक को इस पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद दिया। आज हम अपने ग्राहकों को न सिर्फ कृषि ऋण बल्कि आवास ऋण, कार ऋण, व्यवसाय ऋण तथा व्यक्तिगत ऋण आदि काफी कम दर पर उपलब्ध करा रहे हैं। हमारे यहां संपत्ति पर ढछंस्र लोन उपलब्ध है। बैंक ने ग्राहकों के सुविधा के लिए गोल्ड लोन प्रारंभ किया है जो कि आसानी के साथ बैंक की शाखाओं से लिया जा सकता है। उन्होंने डिजिटल बैंकिंग के तहत मिलने वाली सभी सुविधाओं के विषय में जानकारी दी। जीआरजी बैंक के द्वारा जल्द ही इस माह के अंत तक व्हाट्सएप बैंकिंग की शुरूआत होने की जानकारी दी। शाखा के ग्राहक स्व विभीषण गोराए के नामित गांधारी देवी को प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई ) क्लेम के अंतर्गत 2 लाख रूपए का चेक सौंपा गया।

## गुलमोहर हाई स्कूल में होराइजन 2023 मैजिकल मिलेट्स मनाया गया



जमशेदपुर। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी गुलमोहर हाई स्कूल के प्रांगण में होराइजन 2023 मैजिकल मिलेट्स मजेदार और महत्वपूर्ण संदेशों से भरे मनोरंजक कार्यक्रमों द्वारा मनाया गया गया। इस वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष के रूप में घोषित किया है जिसका उद्देश्य खाद्य सुरक्षा और पोषण में पोषक अनाज/बाजरा/मोटे अनाज के योगदान के बारे में जागरूकता का प्रसार करना है। अत: गुलमोहर हाई स्कूल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष के महत्व पर विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों द्वारा प्रकाश डालने और जागरूकता बढ़ाने की कोशिश की की गई । जमशेदपुर के 30 प्रसिद्ध स्कूलों के 240 छात्रों ने इस अनूठे इंटर स्कूल कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि टाटा मोटर्स के (महाप्रबंधक टी.एम.सी.वी) प्रदोष मोहन्ती के स्वागत भाषण एवं दीप प्रज्वलित कर की गई । कार्यक्रम की शुरूआत में 'दिव्य गणेश स्तुति' प्रार्थना नृत्य से सभागार में जान आ गई।

# देश में तय मानक से कहीं बेहतर नागरिक सुविधा दे रही टाटा स्टील यूआइएसएल : चाणक्य चौधरी

**टाटा स्टील यूआइएसएल के 20 वर्ष पूरे होने पर नया प्रतीक चिन्ह जारी**

खबर मन्त्र ब्यूरो



जुस्को कारपोरेट ऑफिस के सामने नया प्रतीक चिन्ह का अनावरण करते दायें से कंपनी के चेयरमैन चाणक्य चौधरी, जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय और प्रबंध निदेशक रितुराज सिन्हा।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में टाटा स्टील के लिए नागरिक सुविधा प्रदान करने वाली कंपनी टाटा स्टील यूआइएसएल (पहले जुस्को) ने अपने 20 साल पूरे कर लिये है। 20 साल में कंपनी ने उत्तरोत्तर अपनी सेवाओं की गुणवत्ता में बढ़ोत्तरी की है जबकि नागरिक सुविधाओं को भी और धारदार किया है। शुक्रवार को टाटा स्टील यूआइएसएल की ओर से नये लोगो को लांच किया गया। नये लोगो को नये सिरे से डिजाइन किया गया है, जिसमें 20 साल का लोगो है। इस नये लोगों का अनावरण टाटा स्टील के वीपी सह टाटा स्टील यूआइएसएल के चेयरमैन चाणक्य चौधरी ने किया। इस मौके पर टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा, टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी टुन्नु, महासचिव सतीश सिंह, डिप्टी प्रेसिडेंट शैलेश सिंह, जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। इस दौरान कंपनी के चेयरमैन चाणक्य चौधरी ने कंपनी के स्थापना के 20 वर्ष पूरे होने पर कंपनी परिवार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि नागरिक सुविधाओं में लगातार बढ़ोत्तरी हुई है। पानी, बिजली, सड़क, साफ सफाई को लेकर जो मानक देश में तय है, उससे कहीं बेहतर सर्विस कंपनी प्रदान कर रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि टाटा स्टील यूआइएसएल की ओर से दी जा रही नागरिक सुविधाओं का लोग बेहतर इस्तेमाल करें, पानी को बचाये, बिजली को बचाये ताकि पर्यावरण का भी संरक्षण हो सके। चेयरमैन ने कहा कि आने वाले सालों में भी स्थिति बेहतर होगी, ऐसी उम्मीद है। मौके पर टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा ने कहा कि नागरिक सुविधाओं के क्षेत्र में कंपनी ने 20 साल में काफी सुधार किये है। नगर सेवाओं में और बेहतर करने के लिए टाटा स्टील लगातार काम करेगी।

# किरणोत्सव के तहत 1000 से अधिक छात्राओं को दिया गया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

खबर मन्त्र ब्यूरो



एक कार्यक्रम में श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे व अन्य।

**जमशेदपुर।** किरणोत्सव एक प्रयास महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम श्रीलेदर्स और रेडियो धूम 104.8 एफएम के संयुक्त तत्वावधान में 9 जून 2023 को आरंभ किया गया जिसके अंतर्गत पन्द्रह सरकारी माध्यमिक एवम् उच्च विद्यालयों की छात्राओं को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग विशेषज्ञ ट्रेनर के द्वारा दी गई। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान लगभग एक हजार छात्राओं को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग प्रशिक्षकों के द्वारा दी गई। सम्मानित हर एक विद्यालय से दो छात्राओं का चयन भी किया गया, जिन्हें आज 25 अगस्त को श्रीलेदर्स के सभागार में सम्मान समारोह आयोजित कर उनके अध्यापक/ अध्यापिका/ प्रधानाध्यापक/ प्रधानाध्यापिका के साथ सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय मुक्केबाज अरुणा मिश्रा, द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित आर्चरी कोच पूर्णिमा महतो एव रैपिड एक्शन फोर्स की डेपुटी कमांडेंट मनीषा पाठक उपस्थित रहीं। इस सम्मान समारोह कार्यक्रम में सभी विद्यालयों की तीस छात्राओं को, पन्द्रह अध्यापक/ अध्यापिका/ प्रधानाध्यापक/ प्रधानाध्यापिका को प्रमाण पत्र देकर अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर सम्मानित हुई छात्राएं एवं उनके परिवारजन काफी उत्साहित और प्रसन्न नजर आए। मुख्य अतिथियों ने छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि ऐसे आत्मरक्षा प्रशिक्षण वाले कार्यक्रम से छात्राओं का आत्मविश्वास बढेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे, वरुण डे, गोविंद राव, अनीता जैक्सन, सुनंदा कर, अभिजीत चौधरी आदि उपस्थित थे। इस मौके पर मुख्य अतिथियों के द्वारा बिपल्बी सुरेश डे भवन का विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया। इस भवन में लगभग 200 से अधिक लोगों के बैठने की क्षमता है और निकट भविष्य में इस भवन में समाज सेवा से जुड़े अन्य कई कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है।


**समाहरणालय हजारीबाग**
**(समाज कल्याण शाखा)**

**—: प्रेस विज्ञप्ति :—**

सरकार के सचिव, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्र संख्या–2757 दिनांक–12.10.2018 के आलोक में विभागीय निदेश द्वारा जिला स्तर से अनुमोदित सूचना/विज्ञापन संख्या–PR248368 Social Welfare, Woman and Child Development (21-22) का समाचार पत्रों में प्रकाशन करते हुए समेकित बाल संरक्षण सेवाएँ योजनान्तर्गत संप्रेक्षण गृह, हजारीबाग में रिक्त पदों के विरुद्ध जैप आई. टी., झारखण्ड, राँची के वेबसाईट www.recruitment.jharkhand.gov.in के माध्यम से संविदा आधारित नियुक्ति हेतु योग्य आवेदकों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

विभागीय निदेश एवं जिला स्तरीय चयन समिति के निर्णय के अनुसार संशोधित प्रारंभिक मेधा सूची से भण्डारपाल–सह–लेखापाल, गृहपति एवं शिक्षक के एकल पदो के विरुद्ध पॉच गुणा शीर्ष अभ्यर्थियों का चयन करते हुए हजारीबाग जिला के समाज कल्याण कार्यालय के सूचनापट्ट एवं वेबसाईट www.hazairbag.nic.in पर अपलोड किया गया है।

प्रत्येक पद के लिए चयनित शीर्ष प्रारम्भिक मेधा सूची में शामिल अभ्यर्थियों का पदवार दिनांक–12.09.2023 को कम्प्यूटर हिन्दी एवं अंग्रेजी टाइपिंग जॉच परीक्षा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (NIC), ग्राउंड फ्लोर, समाहरणालय हजारीबाग में 11:00 बजे पूर्वाह्न से ली जायेगी। जॉच परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले अथवा ससमय उपस्थित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों को दुबारा अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
हजारीबाग।

PR 305575 (Social Welfare,Women and Child Development) 23-24 (D)

# सुरक्षा में निवेश

रक्षा मंत्रालय ने 25 अगस्त, 2023 को भारतीय नौसेना के लिए पांच फ्लीट सपोर्ट शिप (एफएसएस) के अधिग्रहण के लिए हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल), विशाखापत्तनम के साथ एक 19,000 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। यह रक्षा मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक बड़ा प्रोत्साहन होगा क्योंकि इन जहाजों को एचएसएल, विशाखापत्तनम द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित किया जाएगा। मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति ने 16 अगस्त, 2023 को अपनी बैठक में इन जहाजों के अधिग्रहण को मंजूरी दी थी। एफएसएस को ईंधन, पानी, गोला-बारूद और भंडार के साथ समुद्र में जहाजों को फिर से भरने के लिए नियोजित किया जाएगा, जिससे भारतीय नौसेना के बेड़े को बंदरगाह पर लौटने के बिना लंबे समय तक संचालित करने में सक्षम बनाया जा सके। ये जहाज बेड़े की रणनीतिक पहुंच और गतिशीलता को बढ़ाएंगे। इन जहाजों के शामिल किए जाने से भारतीय नौसेना की समुद्री क्षमता में काफी वृद्धि होगी। जहाजों को लोगों को निकालने और मानव सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) कार्यों के लिए भी तैनात किया जा सकता है। 44,000 टन के फ्लीट स्पोर्ट जहाज भारतीय शिपयार्ड द्वारा भारत में निर्मित होने वाले अपनी तरह के पहले होंगे। यह परियोजना आठ वर्षों में लगभग 168.8 लाख मानव दिवसों का रोजगार सृजन करेगी। जहाजों के अधिकांश उपकरण और प्रणालियां स्वदेशी निमार्ताओं से प्राप्त की जा रही हैं, ये जहाज सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल के अनुरूप 'आत्मनिर्भर भारत' के एक गौरवशाली ध्वजवाहक होंगे। निश्चित ही देश की सुरक्षा के क्षेत्र में यह एक बड़ा कदम होगा।

# निलंबन की पीड़ा

विश्व कुश्ती की सर्वोच्च संचालन संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेस्लिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने समय पर चुनाव नहीं कराने के कारण भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को निलंबित कर दिया है। इसका मतलब है कि भारतीय पहलवान आगामी विश्व चैंपियनशिप में भारतीय ध्वज तले नहीं खेल पाएंगे। भारतीय पहलवान 16 सितंबर से शुरू होने वाली विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में तटस्थ खिलाड़ी के रूप में भाग लेंगे। विश्व चैंपियनशिप पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग प्रतियोगिता भी है। भूपेंद्र सिंह बाजवा की अगुवाई वाले तदर्थ पैनल को 45 दिनों के अंदर चुनाव कराने की समय सीमा दी गई थी, लेकिन वह इसका पालन करने में नाकाम रहे। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने कुश्ती का कामकाज देखने के लिए 27 अप्रैल को तदर्थ पैनल की नियुक्ति की थी। विश्व संस्था का यह फैसला पटियाला में विश्व चैंपियनशिप के ट्रायल से एक दिन पहले आया है। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने 28 अप्रैल को चेतावनी दी थी कि अगर चुनाव कराने के लिए समय सीमा का पालन नहीं किया जाता है तो वह भारतीय महासंघ को निलंबित कर सकता है। हालांकि, पहलवान 23 सितंबर से हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों में भारतीय ध्वज तले प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं, क्योंकि इसके लिए डब्ल्यूएफआई नहीं, बल्कि आईओए प्रविष्टियां भेजता है। विश्व चैंपियनशिप के लिए डब्ल्यूएफआई प्रविष्टियां भेजता है। कुश्ती महासंघ को निलंबित करने के बावजूद आगामी विश्व चैंपियनशिप के लिये भारतीय कुश्ती टीम का चयन ट्रायल 25 और 26 अगस्त को ही होगा। निश्चित ही विवादों से घीरे इस संघ का इस प्रकार से निलंबित होना देश की शान में कमी का संकेत है। आने वाले समय में खेलो इंडिया की नारा की सार्थकता तब सिद्ध होगी जब हमारी खेल यूनियन को राजनीति और अन्य सभी प्रकार के समस्या से दूर रखा जाए।

# चंद्रयान-3 की सफलता से दुनिया के वैज्ञानिक अचंभित

भारत के चंद्रयान-3 की सफलता ने दुनिया के वैज्ञानिकों को अचंभित कर दिया है। सारे देश में खुशी का माहौल है। होना भी चाहिए। यह हर भारतीय के लिए गौरव की बात है। मेरा मानना है कि अब इस पर विशद शोध शुरू होना चाहिए कि आमजन के जीवन पर इसका प्रभाव कैसा, क्या और कितना पड़ेगा ? यह महत्वपूर्ण खगोलीय घटनाक्रम है। यूं चंद्र उपग्रह है, मगर उसे ज्योतिष में पूर्णग्रह माना जाता है। संतोषजनक रहा कि यह यान चांद पर विशाखा नक्षत्र में स्थापित हुआ था, जो सर्वाधिक शुभ माना जाता है। चंद्रमा तो मन का कारक भी है। यह शोध इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होगी क्योंकि यूपी के पुलिस महानिदेशक विजय कुमार (आईपीएस-1988) ने गत सप्ताह (21 अगस्त 2023) ने चंद्रकलाओं के आधार पर पुलिस की तैनाती का उल्लेख किया था। पंचांग के महत्व को उकेरा था। उनके शब्दों में- 'अधीनस्थ अधिकारियों को हिंदू पंचांग के आधार पर चंद्रमा की गतिविधि के हिसाब से तैनाती का आदेश दिया है। साथ ही लोगों को भी इसी आधार पर सतर्क रहने की सलाह दी है।'


चंद्रमा के प्रभाव की चर्चा पहले इस्लाम और चांद पर कर लें। रेडियो खबर के अनुसार यूपी के सभी विद्यालयों को निर्देश था कि चंद्रयान को छात्रों को दिखाया जाए। उनका ज्ञानवर्धन हो सके। इसमें करीब दस हजार मदरसा के तालिबे-इल्म भी शरीक थे। आम धारणा यह है कि इन मदरसों से ज्यादा ध्यान मजहबी शिक्षा को दी जाती है। अतः उन सबको चांद के भिन्न आकारों का भी सम्यक ज्ञान भी मिले। मसलन हिलाल अर्थात धनुषाकार चंद्र। इस्लाम के अनुसार चंद्रमा को पैगंबर ने विभाजित किया था। इस पर भी अन्य नए सिलेबस में विस्तार से अध्ययन हो। हिंदू छात्रों को चंद्रयान पर खास विश्लेषण करना होगा। चंद्रयान ने नया आयाम ही जोड़ दिया। अर्थात ग्रहण कब, कैसे और क्यों पड़ता है ? इस पर अधिक अध्ययन हो। अब केवल चांद पर झंडा गाड़ने अथवा झंडे पर चांद फहराने मात्र से अध्ययन खत्म नहीं होगा।


पंडितों को तो खास कर तार्किकता सिद्ध करनी ही है कि चंद्रमा नहीं दिखता है (कृष्ण पक्ष)। अतः उस दौरान कोई भी शुभ कार्य करना उचित क्यों नहीं होता है। दरअसल इसके पीछे ज्योतिष में चंद्रमा की घटती हुई कलाएं होती हैं। इसी भांति शुक्ल पक्ष है जो अमावस्या और पूर्णिमा के दरम्यान आता है। चांद तब चमकने लगता है। पूर्णिमा के दिन बहुत बड़ा होता है। बलशाली होकर अपने पूरे आकार में रहता है। यही कारण है कि शुभ काम करने के लिए इस पक्ष को उपयुक्त माना जाता है।

सनातनी हिन्दू तो प्रत्येक खगोलीय घटना का पौराणिक कारण खोज लेता है। जैसे कृष्ण और शुक्ल पक्ष क्यों पड़ते हैं ? एक कथा के अनुसार उन आदित्य वर्ग के देवता दक्ष प्रजापति के बारे में स्वयं पुराण में एक प्रसंग है। उनकी 27 बेटियां थीं। इन सभी का विवाह चंद्रमा से किया गया। ये वास्तव में 27 नक्षत्र थी। चंद्रमा सभी में सबसे ज्यादा रोहिणी से प्रेम करते थे। बाकी सभी से हमेशा रूखा व्यवहार करते थे। ऐसे में बाकी सभी ने चंद्रमा की शिकायत अपने पिता से की। राजा दक्ष ने चंद्रमा को डांटा और कहा कि सभी के साथ समान व्यवहार करें। इसके बाद भी चंद्रमा का रोहिणी के प्रति प्यार कम नहीं हुआ। इस बात को लेकर दक्ष प्रजापति गुस्से में आकर चंद्रमा को क्षय रोग का शाप दे देते हैं। इसी शाप के चलते चंद्रमा का तेज धीरे-धीरे मध्यम होता गया। तभी से कृष्ण पक्ष की शुरूआत मानी गई। दक्ष प्रजापति के शाप के कारण क्षय रोग से चंद्रमा का तेज कम होता गया और उनका अंत करीब आने लगा। तब चंद्रमा ने भगवान शिव की आराधना की और शिवजी प्रसन्न होकर चंद्रमा को अपनी जटा में धारण कर लिया। शिवजी के प्रताप से चंद्रमा का तेज फिर से लौटने लगा और उन्हें जीवनदान मिला। दक्ष के शाप को रोका नहीं जा सकता था। ऐसे में शाप में संशोधन करते हुए चंद्रमा को हर 15-15 दिनों में कृष्ण और शुक्ल पक्ष में जाना पड़ता है। इससे शुल्ल पक्ष की शुरूआत हुई।

सुरक्षा जगत में समाज शास्त्रीय और अपराध-विज्ञान की दृष्टि से चंद्रमा और फौजदारी वाले जुर्म के संबंध पर विचार करें। जैसे डीजीपी विजय कुमार ने पत्रकारों को बताया था कि पुलिस अधिकारियों को प्रेषित परिपत्र में उन्होंने कहा-'कैसे चंद्रमा की कलाओं के आधार पर तैनाती करें।' वे बोले- 'चंद्रमा की कलाओं को जानने के लिए सबसे आसान तरीका हिंदू पंचांग है। इससे पता चलता है कि किस तारीख को चंद्रमा कितने बजे उगता और अस्त होता है। रात कब आंशिक रूप से और कब बिल्कुल अंधेरी होती है। लोगों को यह जानना चाहिए ताकि वे सतर्क रहें। पुलिस को भी यह जानना चाहिए ताकि वह उसे समय सबसे ज्यादा मुस्तैद रहें।'

इसी संदर्भ में नृशास्त्रीय अध्ययन से ज्ञात होता है कि पारदी तथा बावरिया गैंग पेशेवर अपराधी हैं, मगर ईशभक्त भी। जैसे बावरिया गिरोह के ये जनजातीय लुटेरे अमावस्या की रात में वारदात को अंजाम देते हैं। पारदी गैंग भी हर डकैती के पूर्व देवालय जाते हैं। मंदिरों के निकट मुखबिरी ठीक से हो तो उन्हें पकड़ा जा सकता है। यूं भी बड़े अपराधी, खासकर डकैत तो बहुधा मुहूर्त देखकर काम करते हैं। एक खबर महाराष्ट्र से थी। पुणे जिले के बारामती में बदमाशों ने ज्योतिष सलाह के बाद एक करोड़ रुपये से अधिक की डकैती की। भविष्यवक्ता रामचंद्र चावा से उन्होंने शुभ समय की सलाह ली थी। पुलिस ने ज्योतिषी समेत छह आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। अर्थात ज्योतिष का दुतरफा उपयोग होता है। पुलिस भी यदि पारंगत होती तो कामयाब हो सकती है। डीजीपी विजय कुमार इंजीनियर (सिविल बी-टेक) ज्ञानी हैं। अतः उनसे अपेक्षा है कि वैज्ञानिक आधार पर वे ज्योतिष का प्रयोग करेंगे। फिलवक्त चंद्रमा पर ही सम्पूर्ण आस्था नहीं रख सकते जैसे कवि विलियम शेक्सपियर ने जूलियट से रोमियो को कहलवाया था- 'चांद की कसम मत खाओ। वह हर पखवाड़े बदल जाता है।' अतः ज्योतिषीय आकलन भी गड़बड़ा सकता है।



- के विक्रम राव

> पंडितों को तो खास कर तार्किकता सिद्ध करनी ही है कि चंद्रमा नहीं दिखता है (कृष्ण पक्ष)। अतः उस दौरान कोई भी शुभ कार्य करना उचित क्यों नहीं होता है। दरअसल इसके पीछे ज्योतिष में चंद्रमा की घटती हुई कलाएं होती हैं। इसी भांति शुक्ल पक्ष है जो अमावस्या और पूर्णिमा के दरम्यान आता है। चांद तब चमकने लगता है। पूर्णिमा के दिन बहुत बड़ा होता है। बलशाली होकर अपने पूरे आकार में रहता है।

## खास बात
### भारत-चीन संबंध

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने जोहानिसबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मुलाकात की। संक्षिप्त बैठक के दौरान मोदी ने सीमा मुद्दों के समाधान में हो रही देरी पर चिंता जताई। विदेश सचिव विनय क्वात्रा के मुताबिक, पीएम ने रेखांकित किया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखना और एलएसी का सम्मान करना भारत-चीन संबंधों को सामान्य बनाने के लिए आवश्यक है। इस संबंध में दोनों नेता इस बात पर सहमत हुए कि वे अपने संबंधित अधिकारियों को मामले के शीघ्र निपटान एवं तनाव कम करने की दिशा में उचित प्रयास करने का निर्देश देंगे।

ब्रिक्स सम्मेलन के संबंधित वीडियो में पहले पीएम मोदी और शी जिनपिंग को हाथ मिलाते हुए दिखाया गया था। इसके बाद दोनों के बीच एक संक्षिप्त बातचीत हुई। फिर वे अपनी निर्धारित सीटों पर चले गए। भारत ने अपने सीमा मतभेदों को सुलझाने के लिए प्रधानमंत्री के जोहानिसबर्ग रवाना होने से पहले कमांडर स्तर की वार्ता और उसके बाद तीन दिनों तक मेजर-जनरल स्तर की बैठकें आयोजित करके पूर्वी लद्दाख में सीमावर्ती क्षेत्रों में मामले को हल करने की कोशिश की थी। दोनों नेताओं ने पिछले साल जी20 बाली शिखर सम्मेलन में एक-दूसरे से मुलाकात की थी, इसके बारे में कहा गया था कि पीएम मोदी ने द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करने की आवश्यकता पर बल दिया था। भारत और चीन दोनों के बीच पिछले तीन वर्षों से गतिरोध की स्थिति है। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों में चौतरफा गिरावट आई है। दोनों देशों के बीच अब तक 19 दौर की वार्ता हो चुकी है। ब्रिक्स समूह में अर्जेंटीना, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को भी शामिल किया गया है।

समूह का आधुनिकीकरण और विस्तार यह संदेश है कि सभी वैश्विक संस्थानों को बदलते दौर में खुद को बदलने की जरूरत है।पांच देशों के इस समूह में शामिल करने की घोषणा दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा के साथ एक संयुक्त मीडिया ब्रीफिंग में की।

# इंसानी रिश्तो का सत्य

## विचार-प्रवाह

**अमीश**

**तो क्या** अब तक हमने काफी दुख नहीं झेल लिए? क्या वाकई हमें बहुत पीड़ा सहने की जरूरत है? कितना दुख हो तो उसे पर्याप्त कहा जाएगा? क्या हम नियति का झन्नादेदार थप्पड़ पड़े बिना सीख सकते हैं सबक? धर्म क्या कहता है? क्या कोई आध्यात्मिक उद्देश्य है इस महामारी का? यह एक आध्यात्मिक अवसर हो सकता है क्या?यह सब हम पर निर्भर करता है। हममें से हर एक पर। सबक तो हैं ही। हम सामुदायिक भावना जगा सकते हैं। परिवार, दोस्तों, पास-पड़ोस के घेरे में गूंथ सकते हैं खुद को। सोशल मीडिया के शोरगुल के बजाय ऐसे इंसानी रिश्तों में, जिनका हमारे लिए कोई मायने हो। क्या हम ऐसी जिंदगी बसर कर सकते हैं, जो हमारे स्वार्थ, हमारे लक्ष्यों और महत्वाकांक्षाओं के दायरे से कहीं बड़ी हो? हम कम में, बहुत कम में गुजारा कर सकते हैं, यह बात इस महामारी ने सिखाई है। हमने सीख लिया है कि चाहतों का कोई ओर-छोर नहीं होता और यह भी कि इनकी सीमा भी हो सकती है। मामला सोच का है। क्या प्रेस रिलीज और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए ढिंढोरा पीटने के बजाय हम चुपचाप किसी की मदद कर सकते हैं? ऐसा कर सकें तो हम अपनी जिंदगियों में धर्म के लिए गुंजाइश बना पाएंगे।हमने देखा है कि हमारी इस धरती पर दूसरे जीव राहत की सांस ले रहे हैं। क्या हम न केवल अपने लिए, बल्कि जानवरों के लिए भी इस दुनिया को बेहतर बना सकते हैं? तालाबों-नदियों, पहाड़ों और मैदानों के लिए? सभी जीवों के लिए? अपने अंदर झांकिए। दैवीय होता है समय का सबक। हैरान होकर कुछ और जानने-समझने का अहसास एक बार फिर जिंदा कीजिए।

**जब** माता जीजाबाई जैसी हो,
तो पुत्र शिवाजी जी होते हैं। मां भारती के लाल, शतरंज के बादशाह प्रज्ञानंद को ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं
– संजय सेठ, सांसद रांची

## आपके ट्वीट

**स्वच्छ** ऊर्जा के क्षेत्र में आज झारखण्ड ने ऐतिहासिक शुरूआत की है। देश का पहला हाइड्रोजन इंजन संयंत्र राज्य के जमशेदपुर में स्थापित होने जा रहा है। टाटा मोटर्स और टाटा कम्मिन्स तथा झारखण्ड सरकार के उद्योग विभाग के अधिकारियों जोहार – हेमंत सोरेन





**यशस्वी** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को एथेंस में ग्रीक राष्ट्रपति कतेरीना एन. सकेलारोपोलू द्वारा ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया।
– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री

## कार्टून वर्ल्ड

खाद्य पदार्थों के मूल्य...



साभार कॉर्टून डॉट कॉम

# वैश्वीकरण और 21वीं सदी का भारत

**धैर्य नारायण झा**

**पुरातनकाल** से भारत का समस्त विश्व के लिए कुटुंब भाव के सामने वैश्वीकरण कोई भिन्न विषय नहीं है। तथापि भारत में वसुधैव कुटुंबकम की धारणा सर्वदा आदरणीय रही है। वैश्वीकरण के तमाम फायदों के बावजूद इसके अपनाने को लेकर प्रश्नचिह्न लगते आए हैं। अंतर यह कि वसुधैव कुटुंब में परिवार व विनय का भाव है, लेकिन वैश्वीकरण व्यापार और विनिमय की परिधि में घिर जाता है। फिर प्रश्न उठता है कि हम किस सीमा तक वैश्वीकरण से आच्छादित रहें और वैश्वीकरण के प्रवाह में बहें। इस संदर्भ में संयुक्त अरब अमीरात का उदाहरण प्रासंगिक है। यहां लगभग 200 देशों के लोग रहते हैं। वे यहां विश्वभर में आई नई तकनीक, वस्तुओं और सेवाओं का इस्तेमाल करते हैं, इसके बाद भी वे अपनी मौलिकता, पहनावा और भाषा इत्यादि को अक्षुण्ण बनाकर रखते हैं, यह अनुकरणीय हो सकता है। वैश्वीकरण का पर्याय भौगोलिक सीमाओं से बिना छेड़छाड़ किए अन्य सभी दीवारों को ध्वस्त होना है। अतः इसका प्रभाव हमारे जीवन के हरेक क्षेत्रों में होना स्वाभाविक है। कुछ अच्छे और कुछ बुरे, जो भी हों, यह तय है कि यह हमारी मानसिकता पर निर्भर है कि हम अपने में क्या बदलाव लाते हैं। भारत जैसे देश में वैश्वीकरण के घोर निंदक भी इसके आर्थिक लाभ की प्रशंसा ही करेंगे, जो प्रतिवर्ष करोड़ों लोगों को समृद्धि के मार्ग पर आगे ले जा रहा है।

भारत की युवा जनसंख्या, पढ़ने लिखने वालों की संख्या में निरंतर वृद्धि, कंपिटिटिव वेज जहां विकसित देशों से उन्नत तकनीक को अपने यहां आमंत्रित करता है, वहीं इसके विकास और प्रसार के लिए अपना बाजार उसे एक आधार के रूप में भेंट देता है। इससे और अधिक प्रगति होती है तथा उपभोक्ता बाजार और बड़ा होता जाता है। विकसित देशों का स्किल भारत जैसे के विकासशील देशों में स्केल का स्वरूप ले लेता है।

## सामयिक

भारत का विश्व अर्थव्यवस्था से इंटीग्रेट करने का जो दौर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय नरसिम्हा राव के काल में प्रारंभ हुआ था, वह आज भी अच्छी गति में अनवरत चल रहा है। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी पिछले दिनों अमेरिका के दौरे पर वहां किन-किन व्यापारिक हस्तियों से मिले या स्वदेश लौटने के बाद किनसे मिले हैं, हमें इसका आभास देता है। परिणाम हमारे सामने है।

भारत की आर्थिक दर में निरंतर वृद्धि, विदेशी निवेश में प्रतिवर्ष नया कीर्तमान और भारत का एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में उदय होना, इस सबसे संकेत मिलता है कि अल्प समय में ही भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। सकल घरेलू उत्पाद में अगले कुछ वर्षों में सात ट्रिलियन डॉलर का हो जाएगा। अगले 25 से 30 वर्षों तक यह क्रम चलता रहेगा। संभव है कि उसके बाद पर्यावरण की चुनौती और प्रबल होगी तथा पूरा विश्व अधिक जोर से एकजुट होगा। सतत विकास एक नारा नहीं बल्कि विवशता होगी। प्रकृति के दोहन को न्यूनतम करने की मांग बढ़ेगी और उपभोक्तावाद से आवश्यकतावाद पर बल दिया जाएगा।

21वीं सदी के उत्तरार्द्ध में अर्थव्यवस्था को ही नहीं पूरी व्यवस्था को मापने के नये मापदंड होंगे। वैश्वीकरण के अगले दौर में योग और प्रिय होगा। अभी योग का प्रसार कहीं न कहीं शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के उद्देश्य से ही अभ्यास होता है। हम एक सोपान और चढ़ेंगे। विश्व को योगेश्वर के संदेश व्यवाहारिक लगेंगे। जहां इंद्रियों का शमन व मन का दमन पर जोर दिया गया है। एक ओर विश्व में भौतिकतावाद में ह्रास की शुरूआत होगी तो दूसरी उपभोक्तावाद से आवश्यकतावाद की ओर ट्रांसफारमेशन की शुरूआत होगी।

# सोरोस से जुड़ी ओसीसीआरपी बनायेगी भारतीय कॉरपोरेट को निशाना: रिपोर्ट

**हिंडनबर्ग** 2.0 जॉर्ज सोरोस समर्थित ओसीसीआरपी एक और 'एक्सपोज' की योजना बना रही है

अमेरिका के एक शॉर्ट सेलर द्वारा अडानी समूह पर एक निराशाजनक रिपोर्ट से बाजार में हलचल मचाने के कुछ महीनों बाद, जॉर्ज सोरोस और रॉकफेलर ब्रदर्स फंड जैसे लोगों द्वारा वित्तपोषित एक संगठन, ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट (ओसीसीआरपी) शुरू हो गया है। सूत्रों ने बताया कि कंपनी भारत में कुछ कॉरपोरेट घरानों पर एक और 'एक्सपोज' की योजना बना रही है।

ओसीसीआरपी जो खुद को यूरोप, अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में फैले 24 गैर-लाभकारी जांच केंद्रों द्वारा गठित एक खोजी रिपोर्टिंग मंच कहता है। एक रिपोर्ट या लेखों की एक श्रृंखला प्रकाशित कर सकता है। 2006 में स्थापित, ओसीसीआरपी संगठित अपराध पर रिपोर्टिंग में विशेषज्ञता का दावा करता है और बड़े पैमाने पर मीडिया घरानों के साथ साझेदारी के माध्यम से इन समाचार लेखों को प्रकाशित करता है।

अपनी वेबसाइट पर, यह जॉर्ज सोरोस के ओपन सोसाइटी फाउंडेशन को संस्थागत दानदाताओं में से एक के रूप में पहचानता है, जो दुनिया भर में कट्टरपंथी कारणों को वित्तपोषित करने में रुचि रखने वाला एक फाइनेंसर है। अन्य में फोर्ड फाउंडेशन, रॉकफेलर ब्रदर्स फंड और ओक फाउंडेशन शामिल हैं।

## आर्थिक

सूत्रों के अनुसार 'एक्सपोज' में कॉरपोरेट घराने के शेयरों में निवेश करने वाले विदेशी फंड शामिल हो सकते हैं। कॉरपोरेट घराने की पहचान तुरंत पता नहीं चल पाई है लेकिन कहा जा रहा है कि एजेंसियां पूंजी बाजार पर कड़ी निगरानी रख रही हैं।

हिंडनबर्ग रिसर्च ने 24 जनवरी की रिपोर्ट में लेखांकन धोखाधड़ी, स्टॉक मूल्य में हेरफेर और टैक्स हेवन के अनुचित उपयोग का आरोप लगाया, जिससे शेयर बाजार में गिरावट आई और बाजार मूल्य अपने सबसे निचले बिंदु पर 150 बिलियन अमरीकी डालर के करीब मिट गया। अडानी ग्रुप ने सभी आरोपों से इनकार किया है। इस साल मई में, हिंडनबर्ग रिपोर्ट में दावों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ समिति ने कहा कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट जारी होने से पहले अदानी समूह के शेयरों में शॉर्ट पोजीशन के निर्माण के सबूत थे। हानिकारक आरोपों के प्रकाशन के बाद कीमतों में गिरावट के बाद स्थिति को बराबर करके लाभ कमाया गया।

वित्तीय अपराध से लड़ने वाली एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को हिंडनबर्ग रिपोर्ट के प्रकाशन से ठीक पहले विशिष्ट पक्षों द्वारा संभावित रूप से उल्लंघनकारी और ठोस बिक्री के बारे में खुफिया जानकारी मिली है, और इससे भारतीय बाजारों में ठोस अस्थिरता के विश्वसनीय आरोप लग सकते हैं, और सेबी को चाहिए प्रतिभूति कानूनों के तहत इस तरह की कार्रवाइयों की जांच करने के लिए, यह ईडी की प्रतिक्रिया का हवाला देते हुए कहा था। छह संस्थाओं की ओर से संदिग्ध व्यापार देखा गया। इसमें कहा गया था कि इनमें से चार एफपीआई, एक कॉरपोरेट निकाय और एक व्यक्ति है। हिंडनबर्ग रिपोर्ट के तुरंत बाद, सोरोस ने कहा था कि गौतम अडानी के व्यापारिक साम्राज्य में उथल-पुथल से सरकार पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की पकड़ कमजोर हो सकती है - एक बयान जिसे भाजपा ने भारतीय लोकतंत्र पर हमले के रूप में जोरदार विरोध किया था।

## लेटर टू एडिटर

### राष्ट्रीयता का जज्बा

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा मिशन चंद्रयान-3 की चांद के साउथ पोल पर सॉफ्ट लैंडिंग पर देश झूम रहा है। पृष्ठ की साज सज्जा भी ध्यान आकर्षित करती है। चंद्रमा पर भारतोदय शीर्षक और इसरो को तिरंगा रूप में चित्रित करना, मन में रमी भारतीयता की भभूत के दर्शन कराता है। इस सफलता से देश भर में इसरो और वैज्ञानिको के प्रति विश्वास बढ़ा है।

### रिश्तों की ऊर्जा

**सहजता**-संवेदनशीलता से सींचिये रिश्ते समाज तथा परिवार में आपसी रिश्तों में सहजता, सरलता, मीठी वाणी तथा समरसता की जरूरत पर बल देने वाला था। लेखिका के अनुसार परिवार में पति-पत्नी तथा समाज में एक-दूसरे के साथ संवाद बनाए रखने की बहुत जरूरत है। रिश्तों के पुल को सहजता, सरलता, सहजता तथा आपसी मान-सम्मान से मजबूत बनाया जा सकता है। – रवि,रांची

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95705-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### सड़क हादसा में बाईक सवार घायल

**भरनो।** भरनो थाना क्षेत्र के ब्लॉक गेट के समीप गुरूवार की शाम सड़क दुर्घटना में भंडरा ब्लॉक के उंदारी गांव निवासी 22 वर्षीय अमित उरांव घायल हो गया। जिसे इलाज के भरनो स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल से अमित उरांव चट्टी की ओर से तेज रफ्तार से भरनो की ओर आ रहा था। इसी दौरान ब्लॉक गेट के समीप असंतुलित होकर सड़क पर चल रहे साइकल सवार को पीछे से जोरदार ठोकर मारते खुद असंतुलित होकर रोड पर गिरकर बेशुध हो गया। घटना की सूचना मिलने पर भरनो पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। हालांकि इससे पहले ही ग्रामीणों की मदद से घायल को उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो पहुंचा दिया गया। संयोगवश गंभीर रूप से घायल अमित उरांव के परिजन का फोन अमित के नंबर आया और स्थिति अनुरूप ग्रामीणों ने बात किया और घटना से अवगत कराया।

### रैपिड एक्शन फोर्स ने किया फ्लैग मार्च

**गुमला।** 106 रैपिड एक्शन फोर्स व बसिया पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को बसिया प्रखंड के संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान प्रखंड के विभिन्न मार्गो में फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य संवेदनशील इलाकों में शांति व्यवस्था बनाये रखना और आरपीएफ के द्वारा चलाए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। फ्लैग मार्च के बाद आरपीएफ के सहायक कमांडेट अभिषेक शंकर, इंस्पेक्टर श्यामानंद मंडल एवं थाना प्रभारी छोटु उरांव ने प्रखंड के विभिन्न समुदाय के लोगों के साथ बैठक की। बैठक में लोगों से शांति बहाल रखने की अपील की गई।

### डॉ. एस. ओहदार 27 को गुमला में

**गुमला।** नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ डा. एस ओहदार 27 अगस्त को पालकोट रोड स्थित नीलेश मेडिकल हॉल में रोगियों की जांच करेंगे। यह जानकारी दिलीप नीलेश ने दी है।

### बिजली चोरी मामले में विभाग ने छः नामजद के विरुद्ध कराया प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला पंचायत के विभिन्न गाँवो में दण्डधिकारी एवं पुलिस बल के मौजूदगी में बिजली विभाग द्वारा बदला,डूमर टोली,टंगरा टोली एवं बक्सीडीपा में विधुत ऊर्जा चोरी मामला में विभाग के राजस्व क्षति को लेकर सहायक विद्युत अभियंता अंजू कच्छप के नेतृत्व में गठित छपेमारी टीम द्वारा बदला पंचायत क्षेत्र में भ्रमण कर विधुत ऊर्जा चोरी के मामले में सघन छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बदला निवासी सत्यम कुमार पर 22 हजार 9 सौ 95 रुपया का जुमार्ना लगाया गया जबकि डूमर टोली निवासी सुरेश उराँव पर 22 हजार 9 सौ 95 रुपया,डूमर टोली निवासी जगरनाथ उराँव पर 11 हजार 3 सौ 40 रुपया टंगरा टोली निवासी रेणु देवी पर 18 हजार 3 सौ 96 रुपया बक्सीडीपा निवासी दुर्गा लोहरा पर 22 हजार 9 सौ 95 रुपया तथा विशेश्वर लाल श्रीवास्तव पर 22 हजार 9 सौ 95 रुपया का जुमार्ना लगते हुए सहायक विधुत अभियंता ने छः नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया। छपेमारी अभियान में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी सह दण्डधिकारी मनोज कुमार सिंह, सारणी पुरुष,सुबोध कुमार सिन्हा,फिरोज अख्तर,मानव दिवस कर्मी शिवशंकर उराँव,भोला साहू,अमित कुमार सहित सेन्हा थाना के स0अ0नि0 बिरेन्द्र बाखला दलबल के साथ शामिल थे।

### लाइनर प्लान्टेशन के तहत लगाया गया पौधो का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड के कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय में मनरेगा योजना अन्तर्गत लाइनर प्लान्टेशन के तहत लगाया गया आम,साग सब्जी और धान, मक्का का निरीक्षण बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बीपीओ निलेन्द्र कुमार और मुकीतीड़ार पंचायत सचिव डॉली तिर्की को निर्देश देते हुए कहा की मनरेगा के माध्यम से दीदी बाड़ी योजना के अन्तर्गत साग,सब्जी तथा फल का उत्पादन कराये जिसे विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रओं को खाने में ताजा व हरा साग,सब्जी और फल मिल सके साथ ही कहा कि जेएसएलपीएस के माध्यम से मशरूम का बीज लेकर मशरूम का भी खेती कराये। वही शिक्षिकाओं से साग, सब्जी और खाने पीने के बारे में जानकारी लिया गया। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार, पंचायत सचिव डॉली तिर्की,रोजगार देवेन्द्र कुमार दे,सीएफपी राहुल कुमार के अलावे विद्यालय के शिक्षिका व छात्राएँ उपस्थित थे।

### आरसेटी द्वारा निशुल्क मोबाइल फोन मरम्मत शिविर का आयोजन

**लोहरदगा।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) लोहरदगा द्वारा एक दिवसीय निशुल्क मोबाइल फोन मरम्मत शिविर का आयोजन समाहरणालय के समीप किया गया । इस शिविर के माध्यम से आर सेटी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं द्वारा लोगों के फोन को मरम्मत किया गया। इस मौके पर सस्थांन के मयंक कडुलना ने बताया कि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान पूरे भारत में निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। आने वाले समय में हमारे संस्थान में हाउस वायरिंग , दो चक्का वाहन मरम्मत, प्लंबरिंग, चार चक्का वाहन चालक आदि पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### 40 कार्ड धारियों के बीच धोती साड़ी व लुंगी का किया गया वितरण

**सेन्हा-लोहरदगा।** सोना सोबरन योजना के तहत डाँडू पंचायत भवन में आपूर्ति विभाग के निर्देश पर जनवितरण प्रणली दुकान संचालकों के नेतृत्व में कार्ड धारियों के बीच जनप्रतिनिधियों ने किया धोती साड़ी व लुंगी का वितरण. सेन्हा प्रखंड के डाँडू पंचायत भवन में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के निर्देश पर सोना सोबरन योजना के तहत कैम्प आयोजित कर धोती साड़ी व लुंगी वितरण किया गया. जिसका शुभारम्भ पंचायत समिति सदस्य दुर्गा राम,20 सूत्री उपाध्यक्ष राजकिशोर राम, आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की, उपमुखिया सधनु लोहरा तथा पंचायत सचिव अधीश खाखा द्वारा कार्ड धारियों के बीच धोती साड़ी व लुंगी वितरण कर किया गया.प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में निधारित समय के अनुसार कैम्प का आयोजन कर धोती,साड़ी व लुंगी का वितरण जा रहा है .जिसके तहत जनवितरण कार्ड धारियों को राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

# मन की बात कार्यक्रम में पीएम 27 को कोटेंगसेरा गांव के किसानों को संबोधित करेंगे

## कोटेंगसेरा गांव को सांसद सुदर्शन भगत ने एग्री स्मार्ट विलेज के रूप में किया है चयन, क्षेत्र के सौ से अधिक किसान कर रहे हैं जैविक खेती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किये जाने वाले मन की बात कार्यक्रम में गुमला जिला के मुरकुंडा पंचायत के कोटेंगसेरा गांव का चयन हुआ है। आने वाले 27 अगस्त रविवार को सुबह के एपिसोड में पीएम गांव के किसानों को सीधे सम्बोधित करेंगे। जो पूरे जिले के लिए खुशी की बात है। गौरतलब है कि कोटेंगसेरा गांव को सांसद सुदर्शन भगत ने एग्री स्मार्ट विलेज के रूप में चयन किया है। कोटेंगसेरा गांव में वहां के किसान जैविक खेती करते है और इसी से प्रभावित होकर सांसद सुदर्शन भगत के प्रयास से पीएमओ ने इस गांव का चयन मन कि बात के लिए किया है। गांव का चयन मन की बात कार्यक्रम पर होने पर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की है। इसके लिए गांव से सीधे प्रसारण किया जाएगा। कोटेंगसेरा सहित रघुनाथपुर, कोलाम्बी, कुटवा गांव के 100 से ज्यादा किसान जैविक खेती करते हैं और स्वरोजगार से जुड़े है। इसमें प्रदान संस्था भी प्रयासरत है। गांव के सरपंच फकीरचंद भगत, रोपना राम बड़ाइक, तुला उरांव, नाथू उरांव, विष्णु तिर्की,ज्योति खण्डित सहित अन्य लोगो ने हर्ष व्यक्त किया है। इस दिन यहां पर गांव के लोग मन कि बात सुनेंगे। लोगों ने कहा कि कोटेनगसेरा गांव मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के लोगो तक पहुँचेगा। यह हमने सपना में भी नहीं सोचा था। जानकारी के अनुसार कोटेंगसेरा गांव के दो किसान पीएम किसान निधि का लाभ 13 बार मिलने को लेकर 15 अगस्त को दिल्ली में सम्मानित हो चुके है। जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने कहा कि यह हमारे सांसद श्री सुदर्शन भगत का प्रयास का परिणाम है। कोटेंगसेरा गांव लगातार विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। किसानों के साथ महिला दीदी लगातार जीविकोपार्जन के लिए जैविक खेती की ओर बढ़ रहे है। पीएम की मन की बात में इस गांव का चयन हमारे लिए गर्व की बात है।

> जिला परिषद उपाध्यक्ष ने कहा कि कोटेंगसेरा गांव का चयन मन की बात कार्यक्रम पर होना हर्ष का पल

# आयुष्मान योजना भ्रष्टाचार के मामले में स्थापित किया कीर्तिमान: बंधु तिर्की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बंधु तिर्की का स्वागत करते कांग्रेसी

**गुमला।** झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य व प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भ्रष्टाचार के मामले में कीर्तिमान स्थापित कर चुका है। जिसका खुलासा भारत के नियंत्रक एवं महालेख परीक्षक(सीएजी) की रिपोर्ट के आधार पर हुआ है। श्री तिर्की ने कहा कि एक मोबाईल नंबर से साढे सात लाख लाभार्थियों के जुड़े होने का मामला किसी निजी संस्थान ने उजागर नहीं किया है बल्कि भारत की सीएजी ने किया है। श्री तिर्की शुक्रवार को गुमला परिसदन में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में उक्त बातें कही। उन्होंने कह कि आयुष्मान भारत योजना में उपचार के बाद 88 हजार 760 लोगों की मौत हो गई। परंतु मृत्यु के पश्चात भी दो लाख 14 हजार 923 दावों का भुगतान किया गया। इसके अलावे केवल सात आधार नंबर पर 4761 लोगों का रजिस्ट्रेशन होना आश्चर्यजनक है। श्री तिर्की ने कहा कि भ्रष्टाचार की कहानी केवल आयुष्मान योजना पर ही नहीं बल्कि कई अन्य योजनाओं में संलग्न है। उन्होंने कहा कि केंद्र के शीर्ष नेताओं के संरक्षण में भ्रष्टाचार फल फुल रहा है। सीएजी की रिपोर्ट में भारत माला प्रोजेक्ट में हुए फर्जीवाडे का भी पोल खुला है। इस योजना के तहत बनने वाली सड़क के निर्माण में सौ प्रतिशत रायि की वृद्धि का खुलासा हुआ है। श्री तिर्की ने कहा कि सीएजी के रिपोर्ट में द्वारका एक्सप्रेस वे में भी भारी धांधली उजागर हुई है। एक्सप्रेस वे को बनाने में की स्वीकृत लागत प्रति किलोमीटर 18 करोड़ रूपये से बढ़ाकर 250 करोड़ रूपये प्रति किलोमीटर हो गया और लागत 14 गुणा की वृद्धि खुल्लम-खुल्ला भ्रष्टाचार है। श्री तिर्की ने कहा कि सीएजी की रिपोर्ट आने के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं होना कई सवालों को जन्मदेता है। श्री तिर्की ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काम कर रही केंद्र सरकार ने भ्रष्टाचार के मामले में भगवान राम को भी नहीं छोड़ा है। उन्होंने कहा कि अयोध्यया डेवलपमेंट प्रोजेक्ट में सीएजी की रिपोर्ट के अनुसार संबंधित ठेकेदार को 19.73 करोड़ रूपये का अनुचित लाभ पहुचाया गया है। वहीं केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने अटल पेंशन योजना के करीब दो करोड़ 83 लाख रूपये अन्य योजनाओं के प्रचार-प्रसार में खर्च कर दिये। उन्होंने जिले मे चल रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए एसीबी के पास शिकायत करने की अपील कांग्रेसियों से की।

# अवैध माइनिंग करने वाली बड़ी कंपनियों के खिलाफ तत्काल करें सख्त कार्रवाई: उपायुक्त



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण से संबंधित विभाग एवं प्रखंडवार समीक्षा बैठक का अयोजन किया गया। जिसमें वित्तीय वर्ष 2023-24 के जुलाई माह के निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा कर सभी संबंधित पदाधिकारी को वित्तीय वर्ष के निर्धारित मासिक लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों से राजस्व संग्रहण में आ रही समस्याओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी लेते हुए आपसी समन्वय स्थापित कर राजस्व संग्रहण के शेष लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही राजस्व संग्रहण की धीमी गति वाले विभागों को सुधारात्मक प्रगति लाने व शेष लक्ष्य को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया।

विद्युत विभाग की समीक्षा के क्रम में राजस्व संग्रहण हेतु प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध केवल 20 प्रतिशत की उपलब्धि एवं विद्युत विभाग द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दिए जा रहे असंतोषप्रद सेवा को देखकर उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। उपायुक्त ने विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को कार्य में सुधार लाने का कड़ा निर्देश दिया।

# बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा झारखंड वासियों के लिए बदलाव का संकेत : अनूप

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में शामिल भाजपा नेता व कार्यकर्ता

**गुमला।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह प्रदेश भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा आगामी 19-20 सितंबर को गुमला जिला में होना तय हुआ है। जिसको लेकर शुक्रवार को जिला भाजपा की बैठक जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी की अध्यक्षता में पर्यटन भवन में हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर व सामुहिक वंदे मातरम गान के साथ हुआ। मौके पर जिला अध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी ने चंद्रयान की सफलता के लिए कार्यकताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा बाबूलाल मरांडी का संकल्प यात्रा झारखंड वासियों के लिए बदलाव का संकेत है। राज्य की खुशहाली शांति और विकास के लिए भ्रष्टाचार परिवारवाद और तुष्टिकरण समाप्त कर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनानी है जो पूरे देश की मांग है। बाबूलाल जी का संकल्प यात्रा जिले में कार्यकताओं का नया जोश उत्साह देगी, जिसमें सभी कार्यकताओं को भाग लेना है। बैठक में पूर्व विधानपार्षद प्रवीण सिंह ने सभी मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्षों से बात कर सांगठनिक ढांचा मजबूत करने का आवश्यक सुझाव दिया। उन्होंने कहा आप सभी नेतृत्वकर्ता हैं। भाजपा जीवंत संगठन है जिसमें कार्यकर्ता स्वयं के प्रेरणा से पार्टी व समाज के लिए कार्य करते हैं। बैठक को डॉक्टर दिनेश उरांव, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू ,अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर उरांव,जिला संगठन प्रभारी बबन गुप्ता,कार्यक्रम प्रभारी विनय लाल, पूर्व विधायक कमलेश उरांव आदि ने संबोधित कर संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए।

### सावन के पवित्र माह में मोकरा डोंगैता टोली में किया गया कलश यात्रा का आयोजन

**गुमला।** सावन माह के पावन अवसर पर वनवासी कल्याण केंद्र गुमला के तत्वावधान में रायडीह प्रखंड के कोंडरा पंचायत के मोकरा डोंगैत टोली गांव में कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डोंगैत टोली स्थित शंख नदी से सैकड़ो महिलाओं ने अपने-अपने कलशों में गंगा मां की आह्वान कर जल उठाकर बोल बम, बोल बम , हर हर महादेव , बाबा भोलेनाथ की जय आदि का नारा लगाते हुए डोंगैत टोली के खलिहान टोंगरी ऊपर स्थित निमार्णाधीन मंदिर में स्थापित भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया तथा भगवान से क्षेत्र में सुख शांति एवं अच्छी बारिश की कामना की। तत्पश्चात सभी महिला पुरुषों ने मंदिर प्रांगण में बैठकर भजन कीर्तन का आयोजन से किया। इस मौके पर समाज सेवी श्री सचिदानंद पांडा ने सावन माह में भगवान को जलाभिषेक करने के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए हर वर्ष कलश यात्रा कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया।

## एक नजर में

### दादी प्रकाशमणि आध्यात्मिक ज्ञान, गुणों एवं शक्तियों से विभूषित थी: शांति दीदी

**गुमला।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय घाटो बगीचा स्थित शाखा में संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि जी की 16 वीं पुण्य स्मृति दिवस मना या गया। इस अवसर पर दादी जी की स्मृतियों को ताजा करते हुए स्थानीय संचालिका ब्रह्माकुमारी शांति दीदी ने कहा कि प्रकाश की दैदीप्यमणि दादी प्रकाशमणि आध्यात्मिक ज्ञान, गुणों एवं शक्तियों से विभूषित थी। जिन्होंने महिलाओं को शक्ति स्वरूपा बनने का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया एवं उनकी छिपी हुई शक्तियों को जागृत किया। दादी जी ने विश्व के 130 देशों के लाखों भाई-बहनों को रूहानी सेवा में शामिल किया। उन्होंने अपनी अनुपम आध्यात्मिक दक्षता से समाज में जीवन मूल्यों की स्थापना की आधारशिला रखी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के विशाल आध्यात्मिक संगठन का सफल नेतृत्व करते हुए दादी प्रकाशमणि जी ने अपने जीवनकाल में विश्व कल्याण का परचम फहराया। ऐसी महान विभूति का जन्म दीपावली के शुभ दिन पर 1922 में अविभाजित भारत के सिंध प्रांत के हैदराबाद शहर में हुआ था। दादी जी बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि थी। उनका इस संस्था में एक स्नेहमयी, लगनशील, आज्ञाकारी कुमारी के रूप में पदार्पण हुआ। उस समय इस संस्था को ओम मंडली के नाम से जाना जाता था।

### प्रखंड क्षेत्र के जर्जर अस्पतालों को जल्द किया जाएगा दुरुस्त : बीडीओ

**घाघरा।** अस्पताल प्रबंधन समिति की समीक्षात्मक बैठक घाघरा बीडीओ कार्यालय में शुक्रवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि अस्पताल के लिये जरूरी इक्विपमेंट की सूची बनाएं। आवश्यकता के अनुसार इसकी खरीदारी कर अस्पताल को दुरुस्त करने की पहल करें। अन्य मुद्दों पर उपायुक्त को पत्राचार किया जाएगा और दुरुस्त करने का मार्गदर्शन मांगा जाएगा। ताकि प्रखंड वासियों को इलाज में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के प्रत्येक पंचायत में जर्जर हुए भवन की मरम्मती, एंबुलेंस के ईंधन के लिए फंड की व्यवस्था, ममता वाहन की सुविधा के लिए प्रत्येक पंचायत के पीआरआई मेंबर को मोबाइल नंबर उपलब्ध कराने, सुदूरवर्ती क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को एक सप्ताह पूर्व अस्पताल में एडमिट करने सहित 0 से 5 वर्ष के बच्चों को मिशन इंद्रधनुष के तहत 98% लक्ष्य प्राप्ति कर ली गई है। जिसकी जानकारी दी गई। अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक में मौजूद कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव अनिरुद्ध चौबे ने एंबुलेंस सेवा को दुरुस्त करने पर विशेष जोर डाला। उन्होंने कहा घाघरा सीएचसी के पास तीन एंबुलेंस होने के बावजूद एक ही चालक की नियुक्ति है। वही दो एंबुलेंस एक्टिव हैं। और एक एंबुलेंस पूरी तरह खराब स्थिति में है।

### डुमरी स्वास्थ्य केंद्र में परिवार कल्याण दिवस का किया गया आयोजन

**डुमरी (गुमला)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर डुमरी में शुक्रवार को परिवार कल्याण दिवस मनाया गया। जिसमें दो बच्चों में अंतर रखने हेतु लाभार्थियों को विभिन्न तरीके अपनाने से संबंधित विस्तृत चर्चा की गई। वहीं डॉक्टर अंकित तिर्की ने उपस्थित लाभार्थियों को बताया की प्रत्येक माह परिवार कल्याण दिवस मनाया जाता है। जिसमें योग्य दंपतियों के बीच स्थाई व अस्थाई विधि पर चर्चा की गई। साथ ही अनचाहे गर्भ को रोकने हेतु माला एन की गोली, कंडोम, अंतरा इंजेक्शन, छाया पिल्स (साप्ताहिक गोली), इमरजेंसी पिल्स आदि के उपयोग की सलाह दी गई। वहीं क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से चुने गए लाभार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर लेखा प्रबंधक इंदु कुमारी, बीपीएम राजेश केरकेट्टा, एजरस एक्का, शांता टोप्पो, जोस्फिन कुजूर सहित अन्य चिकित्सा कर्मी व लाभार्थी उपस्थित थे।

### ट्रैफिकिंग के प्रति सावधान रहें ग्रामीण : उज्जवल कुशवाहा

**लोहरदगा।** जिला में लगातार चलाये जा रहे सुरक्षित गाँव कार्यक्रम (एसवीपी) हेतू होप एवं माई चॉइसेस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड के तोड़ार गांव में होप और ओरा (डस्त्री१ड्ड्ल्ल फी अ'ी१३) के संयुक्त भागीदारी से किशोरियों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने हेतु सुरक्षित गांव कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव से हो रहे असुरक्षित पलायन , बच्चों को मानव दुर्व्यवपार आदि से बचाना है। उज्जवल कुशवाहा ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मानव व्यपार,सुरछित स्पर्श असुरक्षित स्पर्श, बाल विवाह, बाल मजदूरी और उनके कर्तव्य आदि पर विस्तार से बताया ,उपस्थित प्रतिभागियों ने इन विषयों पर अपनी समझ बनाई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे ओरा टीम से अरविंद वर्मा, उज्जवल कुशवाहा आरती रजक ,सुमिता उरांव,सिनगी टोप्पो और तोराड गांव के 30 से 40 ग्रामीणों ने भाग लिया।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सीओ

## मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ के साथ सीओ ने की बैठक

**खबर मंत्र संवाददाता**



बैठक करते सीओ

**भंडरा ।** मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में बीएलओ तथा सुपरवाइजर के साथ बैठक की गई .इस अवसर पर अंचलाधिकारी दिनेश प्रसाद गुप्ता ने सभी बीएलओ तथा सुपरवाइजर को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मालूम हो कि निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में 2024 के निर्वाचन के मद्देनजर सभी बीएलओ को घर-घर सर्वेक्षण करते हुए अस्पष्ट मतदाता सूची में फोटो तथा नाम सुधार का निर्देश दिया गया। इस नियमित बीएलओ तथा सुपरवाइजर के बीच पुअर इमेज चेक लिस्ट वितरण किया गया। मौके पर अंचलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी बीएलओ तथा सुपरवाइजर को पारदर्शिता तथा निष्ठा पूर्वक समर्पित होकर गंभीरता से कार्यों का निष्पादन करने का निर्देश दिया इसके अलावा सभी बीएलओ को घर-घर सत्यापन कर छूटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में चढ़ाने का निर्देश दिया गया इसके अलावा प्रपत्र के माध्यम से 18 प्लस के युवक-युवतियों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने का भी निर्देश दिया गया वहीं पर्यवेक्षकों को पन्ना वेरीफाई करने का सख्त निर्देश दिए। इस अवसर पर सीआई अरुण प्रसाद, सुमित जसवाल, सहित सभी बीएलओ मौजूद थे।

# बीएड की पढ़ाई के लिए प्रपोजल दे महाविद्यालय जल्द दिलाएंगे स्वीकृति : कुलपति अजीत सिन्हा

## महाविद्यालय के लिए हर संभव करूंगा प्रयास : धीरज साहू

**खबर मंत्र संवाददाता**



निरीक्षण के लिए पहुंचे कुलपति और सांसद

**लोहरदगा ।** लोहरदगा बीएस कॉलेज का निरीक्षण शुक्रवार को रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा और राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने किया । दोनों ने बीएस कॉलेज का निरीक्षण कर मिली खामियां को जल्द दूर करने का निर्देश दिया । इस दौरान बीएस कॉलेज के विभिन्न विभागों का निरीक्षण करते हुए उसमे पाए गए कमी को दूर करने को लेकर कॉलेज प्रशासन को आवश्यक निर्देश भी दिया गया और विभाग को पत्र भेजने के लिए कहा गया। वही जिले और कॉलेज के खिलाड़ियो को आगे बढ़ाने को लेकर कॉलेज परिसर में बहुउद्देशय स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। जिसमे खिलाड़ियों को खेल के सामग्री भी प्रदान किया जाएगा साथ ही कोचिंग की बेहतर व्यवस्था दी जाएगी। जिससे खेल के क्षेत्र में यहां के छात्र छात्राओं के साथ युवा बेहतर कर पाए। कुलपति अजीत कुमार सिन्हा ने एक सवाल के जवाब में कहा की जिले के एक मात्र डिग्री कॉलेज में जल्द ही बीएड की पढ़ाई के लिए विश्वविद्यालय प्रयास कर रही है। बीएस कॉलेज प्रशासन से बीएड की पढ़ाई को लेकर मानक तय कर रांची विश्वविद्यालय को रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है। जिसके बाद विश्वविद्यालय द्वारा बीएड की पढ़ाई की कागजी प्रक्रिया कराई जाएगी। लोहरदगा बीएस कॉलेज का जल्द ही कायाकल्प किया जायेगा साथ ही सुविधाएं बढ़ाई जाएगी। वही राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने भी बीएस कॉलेज में बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कार्य करने की बात कही। इस मौके विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू सुदेश कुमार साहू, रजिस्टर मुकुंद चंद्र मेहता, सी सी डी सी प्रकाश कुमार झा,प्राचार्य डॉक्टर एसकेपी गुप्ता, प्रोफेसर नईम खान, डॉक्टर शशी कुमार गुप्ता, प्रोफेसर नीता सहाय सहाय, प्रोफेसर आनंद मांझी, प्रोफेसर वासुदेव हंस सहित कांग्रेस के अशोक यादव, सुखैर भगत,लाल अजय सहित कई लोग मौजूद थे।

# भ्रष्टाचार का यार मोदी सरकार : सुखदेव

**खबर मंत्र संवाददाता**




प्रेस वार्ता करते सुखदेव भगत व अन्य

**लोहरदगा।** सीएजी रिपोर्ट के अनुसार एनडीए की सरकार में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष सुखैर भगत की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए सीएजी रिपोर्ट का हवाला देते हुए मोदी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि भ्रष्टाचार का यार मोदी सरकार है। उन्होंने कहा कि भारत माला प्रोजेक्ट के तहत 34 हजार 8 सौ किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु 5 लाख 35 हजार करोड़ रुपये की मंजूरी उउएअ के द्वारा दिया गया था। जिसकी अध्यक्षता खुद पीएम नरेंद्र मोदी ने किया था लेकिन इसे धत्ता बताते हुए सड़क की लंबाई कम कर 26 हजार 3 सौ 16 किलोमीटर कर दिया गया जबकि इसकी राशि भी बढ़ाकर 8 लाख 46 हजार 5 सौ 88 करोड़ कर दी गई। साथ ही द्वारिका एक्सप्रेसवे जिसकी लागत 18 करोड़ रुपये प्रति किलोमीटर थी जिसे बढ़ाकर 250 करोड़ प्रति किलोमीटर कर दी गई इसमें 1400 प्रतिशत की बृद्धि की गई है। उन्होंने टोल टैक्स वसूली में 132 करोड़ की लूट , आयुष्मान भारत योजना में हुए घोटाले को लेकर भी सवाल खड़ा किया। इन सवालों के जरिये उन्होंने मोदी सरकार के क्रियाकलापो पर सवाल खड़ा किया है साथ ही इन घोटालों की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है । इस मौके पर जिलाध्यक्ष सूखैर भगत, नेसार अहमद, सकील अहमद ,शाहिद अहमद बेलू, कुणाल अभिषेक आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### डीआरडीए निदेशक ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं



समस्या सुनते डीआरडीए निदेशक

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर के निर्देश पर शुक्रवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान डीआरडीए निदेशक दिनेश प्रसाद सुरीन ने जनता दरबार में आये फरियादियों की समस्याएं सुनी एवं समस्याओं के निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। जनता दरबार में पेंशन, आवास, जमीन विवाद, शिक्षा, अतिक्रमण समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की समस्या सुनी गई एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। सर्वप्रथम केतार प्रखंड के चेचरिया ग्राम निवासी रामसूरत राम पिता स्व. गणेश राम ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत मनरेगा का पैसा बिजोलिया द्वारा हड़पने के संबंध में आवेदन दिया। जिसे डीआरडीए निदेशक ने जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए उप विकास आयुक्त कार्यालय को निर्देशित किया।

### राजद नेता ने निजी राशि से कराया बाईपास सड़क का जीर्णोद्धार



सड़क बनवाते राजद नेता

**कांडी।** हेंठार इलाके के महत्वपूर्ण बाजार सेमौरा के वर्षों से बाधित बाईपास रोड को चालू कर दिया गया। निजी राशि से इसका बेहतर जीर्णोद्धार कराकर राजद नेता नरेश सिंह ने इसे चालू करा दिया। बाईपास सड़क के बदहाल व जर्जर होने से बड़ी गाड़ियों का गांव में आना पूरी तरह बंद हो गया था। ग्रामीणों ने बताया कि इसके लिए जन प्रतिनिधियों व पदाधिकारियों से लगातार अनुरोध किया गया। लेकिन किसी ने इस पर ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा। जिसके बाद समाजसेवी सह राजद नेता नरेश सिंह से इसकी गुजारिश की। उन्होंने अपने निजी खर्च से तीन किलोमीटर बदहाल सड़क का बेहतर जीर्णोद्धार करा दिया। क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान राजद नेता नरेश प्रसाद सिंह ने बाईपास सड़क की बदहाल हालत देखने के बाद बहुत जल्द इस सड़क के बेहतर जीर्णोद्धार का भरोसा दिलाया था। राजद नेता ने 21 अगस्त की सुबह ही जेसीबी एवं टैक्टर आदि कामगारों के साथ मंगाकर अपनी उपस्थिति में निजी कमाई की राशि से मिशन जन कल्याण के तहत सड़क का बेहतर जीर्णोद्धार कार्य 23 अगस्त को पूरा करा दिया। ग्रामीणों ने इस पुनीत कार्य के लिए राजद नेता नरेश सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया।

### कार्यपालक पदाधिकारी से हाई मास्क एवं स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग



मांग पत्र सौंपते मारुत नंदन सोनी

**मझिआंव।** जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के जिलाध्यक्ष मारुत नंदन सोनी ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार को लिखित आवेदन देकर नगर पंचायत क्षेत्र के तमाम वार्डों में खराब पड़े हाई मास्क लाइट एवं स्ट्रीट लाइट को मरम्मत करवाने एवं नया लाइट लगवाने की मांग की है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि लगभग पांच माह से नगर पंचायत क्षेत्र के लगभग तमाम वार्डों में स्ट्रीट लाइट एवं हाई मास्क लाइट खराब पड़ा है। जिस कारण नगर पंचायत वासियों को घोर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं शाम होते ही बिजली रहने के बावजूद भी शहर के मुख्य सड़क पूरा शहर अौंरे के आगोश में समा जाता है। मानो जैसे लोग नगर पंचायत क्षेत्र नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत हो। जबकि नगर पंचायत क्षेत्र के तमाम वासियो के द्वारा नगर विकास विभाग के निर्देश पर नगर पंचायत कार्यालय के कर्मियों के द्वारा समय-समय पर होल्डिंग टैक्स के रूप में राजस्व की वसूली भी की जाती है।

### मृतक के परिजनों को मिला सहायता राशि



सहायता राशि देते

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर के निर्देश पर गढ़वा प्रखंड अंतर्गत दुबे मरहटिया के टेनवा टोला में विद्युत करंट के चपेट में आने से मृत विद्या चौधरी के परिजनों को 100 किलो चावल तथा 5000 रुपये की आर्थिक सहायता बीडीओ कुमुद झा एवं अंचल अधिकारी कुमार मयंक भूषण ने प्रदान की। उक्त पदाधिकारी द्वारा परिजनों से मिल सहायता राशि प्रदान की गई। साथ हीं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से यथाशीघ्र जोड़ने के लिए पहल किया गया।

सात करोड़, 36 लाख की लागत से होगा तीन सड़कों का निर्माण

# बिछेगा सड़कों का जाल, पक्की सड़क से जुड़ेगा हर गांव : मंत्री मिथिलेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में सात करोड़, 36 लाख रुपए की लागत से तीन नए सड़कों का निर्माण किया जाएग। झारखंड सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

शीघ्र ही टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि गढ़वा जिला के मेराल प्रखंड अंतर्गत चेचरिया पंचायत में गढ़वा-मंझिआव पीडब्ल्यूडी पथ से बाजूडीह शिव झरना वाया राजकीय प्राथमिक विद्यालय तक चार करोड़, 50 लाख, 36 हजार, 700 रुपए की



मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर

लागत से 3830 किमी, गढ़वा प्रखंड के बिरबांध पंचायत में ग्राम जड़गड़ टोला नावादोहरी से त्रिवेणी चौक होते हुए बंडा पुल तक एक करोड़, 51 लाख, 22 हजार, 300 रुपए की लागत से 121 किलोमीटर तथा संग्रहे खुर्द पंचायत में बेलचंपा-मंझिआव राजमार्ग से गिद्दा बस्ती होते हुए लुकमान अंसारी के घर तक एक करोड़, 34 लाख, 83 हजार, 400 रुपए की लागत से 13 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य किया जाएगा।

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि ये सभी सड़कें काफी जीर्ण शीर्ण अवस्था में हैं। ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी उत्पन्न होती है। जनहित में सड़कों का निर्माण अति आवश्यक था। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने भी स्थिति को देखा है। लंबे समय से ग्रामीण इन सड़कों के निर्माण की मांग कर रहे थे। अब ग्रामीणों की मांग पूरी हो गई है। शीघ्र ही उन्हें बेहतर सड़क उपलब्ध होगा। मंत्री ने कहा कि क्षेत्र में कई अन्य सड़कें भी काफी जर्जर स्थिति में हैं। वे सभी सड़कों के निर्माण के लिए प्रयासरत हैं। आने वाले समय में बहुत जल्द ही अन्य जर्जर सड़कों का भी निर्माण कार्य कराया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पूरे गढ़वा में बेहतर सड़कों का जाल बिछाया जाएगा। गढ़वा का एक-एक गांव पक्की सड़क से जुड़ जाए इसके लिए वे लगातार प्रयासरत हैं।

अब तक कई गांव को बेहतर पक्की सड़कों से जोड़ दिया गया है। शेष की योजना पाइप लाइन में है। शीघ्र ही वह भी पूरी होगी। उन्होंने कहा कि गढ़वा वर्षो से विकास के मामले में अपेक्षित रहा है, परंतु अब स्थिति पूरी तरह बदल गई है। यहां की जनता ने जिस उम्मीद एवं विश्वास के साथ उन्हें अपना सेवक चुना है वे उनकी उम्मीदों पर पूरी तरह से खरा उतरने के लिए दिन-रात प्रयासरत हैं।

## बबलू राय एवं एक अन्य को 7-7 साल सश्रम कारावास की सजा

10 हजार रुपया जुर्माना नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्तसश्रम कारावास भुगतनी होगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जयनगर थाना कांड संख्या 08/2021, एसटी 119/2021 के अभियुक्त संजय कुमार उर्फ बबलू राय एवं जितेंद्र कुमार सिंह के मामले की सुनवाई के पश्चात् अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय तरुण कुमार की अदालत ने अंडर सेक्शन 25(1ए)/35 एवं आर्म्स एक्ट एक्ट के तहत दोषी पाते हुए अभियुक्तों को 7-7 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई, साथ ही 10 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया। जुर्माना की राशि



नहीं दिए जाने पर आरोपीयों को 1-1 वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। वहीं अंडर सेक्शन 26(2)/35 आर्म्स एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 7-7 साल सश्रम कारावास व 10 हजार जुर्माना लगाया गया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्तसजा भुगतनी होगी। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। वहीं अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक पीपी पीके मंडल ने किया। इस दौरान सभी गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक पीपी मंडल ने कार्रवाई के दौरान न्यायालय से अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता संजय पांडे ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्तों को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

### छह जुआड़ियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रायडीह मोड़ स्थित क्रेशर के समीप डोमचांच पुलिस अंचल निरीक्षक अवधेश कुमार व थाना प्रभारी अब्दुल्लाह खां के नेतृत्व में गुरुवार की देर रात को छापेमारी कर जुआ खेलते छः लोगों को गिरफ्तार करते हुए नकद समेत कई दो पहिया वाहनों को जप्त किया। इस संबंध में पूछे जाने पर अंचल निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि उक्त क्षेत्र में रात्रि के समय की कुछ लोगों के द्वारा जुआ खेलने की सूचना मिल रही थी, जिसे लेकर गुरुवार देर रात की गई छापेमारी में 41214 रूपये नकद, विभिन्न कंपनियों का मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल व एक स्कूटी समेत 6 लोगों को जुआ खेलते गिरफ्तार किया गया है। जुआड़ियों की पहचान नेटलाल कुमार मेहता, बसंत मेहता, पप्पू यादव, लालेश कुमार मेहता, मनोज कुमार मेहता एवं सुमन कुमार के रूप में हुई है। छापेमारी दल में एसआई विनय कुमार, एएसआई नीरज कुमार सहित दल-बल के जवान मौजूद थे।

### 18 महिला समूहों के बीच बकरी का वितरण

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को झारखंड ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के निर्देशानुसार जलछाजन विभाग के द्वारा 18 महिला समूहों के बीच बकरी का वितरण किया गया। वितरण में पशु चिकित्सा पदाधिकारी सह अनुमंडल पशु चिकित्सा पदाधकारी कोडरमा मौजूद थे।

### घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचे पूर्व विधायक


**चंदवारा (कोडरमा)।** दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही गांव के दो युवकों की मौत व दो घायल के परिजनों की चीख पुकार से पूरा करोंजिया गांव में शोक की लहर है। वहीं सूचना पाकर घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचे पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बीते रात तीन दोपहिया वाहनों में भयंकर टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी थी।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए गये निर्देशों का दिखा असर

## मोटर अधिनियम के नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नही, सख्त कार्रवाई की जाएगी : एसडीओ

उमा शंकर

कोडरमा। उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश के आलोक में शुक्रवार को एसडीओ सन्दीप कुमार मीणा के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने चंदवारा थाना के समीप सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट, बिना निबन्धन, माइनिंग चालान, प्रेशर हॉर्न, ओवरलोड वाहनों की सघन जांच किया गया।





जिसमें कई वाहनों से मोटर अधिनियम के उल्लंघन के आरोप में आर्थिक जुर्माना वसूला गया। बताते चलें कि गत दिन उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में हुए सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बिना नम्बर के वाहनों का परिचालन करने, प्रेशर हॉर्न के साथ वाहन चलाने, तेज गति, बिना चालान के वाहन परिवहन, बिना हेलमेट के बाइक चलाने समेत अन्य मामले आये थे, जिस पर उपायुक्त ने संज्ञान लेते हुए समिति के अधिकारियों को एसडीओ के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था, डीसी के निर्देश के आलोक में शुक्रवार को हुई कार्रवाई के दौरान नियमों के उल्लंघन के आरोप में विभिन्न प्रकार के वाहनों से 3 लाख 50 हजार रुपये का आर्थिक जुर्माना वसूला गया। इसमे बिना हेलमेट के बाइक सवारों से 50 हजार, जबकि अन्य छोटे बड़े वाहनों से मोटर अधिनियम के विभिन्न धाराओं के उल्लंघन के आरोप में 3 लाख रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया।

## सीएजी के खुलासे के बाद प्रधानमंत्री कार्रवाई करें अन्यथा देश ब्यापी जन आंदोलन होगा: के एन त्रिपाठी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** कांग्रेस के पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी ने चतरा परिसदन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए कहा कि संसद के मानसून सत्र में पेश नियंत्रक और महालेखा परीक्षा की रिपोर्ट में मोदी सरकार में हुए घपले-घोटालों को खुलासा हुआ है। देश की लाखों करोड़ रुपये की अनियमितता उजागर हुआ है।

मैं देश के प्रधानमंत्री से मांग करता हूं कि घोटालों एंव अनियमितता में शामिल मंत्रालयों के खिलाफ मामला दर्ज कर करवाई करें। अन्यथा कांग्रेस पार्टी देश ब्यापी जन आंदोलन करने को विवश होगी। के एन त्रिपाठी ने प्रेस को सम्बोधित करते हुए कहा कि द्वारका एक्सप्रेस-वे सड़क निर्माण जिसकी निर्माण लागत 18 करोड़ रुपये प्रति किलोमीटर कैबिनेट से मंजूर थी, उसे बढ़ाकर 250 करोड़ रूपया प्रति कि.मी. कर दिया गया। मोदी सरकार की बहुप्रचारित आयुष्मान भारत हेल्थ स्कीम ने तो घपलों की सारी हदे ही पार कर दी। 7.5 लाख लाभुकों का एक ही मोबाईल नम्बर 9999999999 पर निबंधन पाया गया। ऐसे ही अन्य कई



फर्जी नम्बर यथा 8888888888 पर भी हजारों लाभुक निबंधित पाये गये जिसका कैग की ऑडिट रिपोर्ट में खुलासा है।

आयुष्मान भारत हेल्थ योजना में एक और अदभूत रिकार्ड बनाया मोदी जी की सरकार ने मृत व्यक्तियों के नाम पर आयुष्मान स्कीम अन्तर्गत ईलाज दिखाकर राशि की निकासी कर ली गयी। ऐसे 88670 मृत व्यक्ति थे, जिनके नामों का इस्तेमाल कर फजीर्वाड़ा को अंजाम दिया गया। त्रिपाठी ने कहा कि सिर्फ 5 टोल प्लाजा की रैंडम ऑडिट पर कैग ने पाया कि सड़क उपयोग करने वाली जनता से 132 करोड़ रुपए ज्यादा वसूली कर ली गयी। यह तो जनता की पॉकेटमारी थी। टोल प्लाजा के नियमों का एनएचएआई ने इस घपले को अंजाम दिया। स्वदेशी दर्शन योजना अंतर्गत 14 परियोजनाएं थीं, जिसमें 8 प्रोजेक्ट में 22 माह से 47 माह तक का विलम्ब हुआ 6 परियोजनाएं अभी भी बाकी है। कैग की रिपोर्ट के मुताबिक 2014-15 से 2018-19 की अवधि में 76 प्रोजेक्ट के लिए 5.45,569 करोड़ रुपए थे। ये प्रोजेक्टस योजना आयोग वित्त मंत्रालय की आपत्ति के बावजूद शुरू कर दिये गये। पर्यटन मंत्रालय ने कैबिनेट की मंजूरी के बगैर ही फंड मंजूर कर दिया, जबकि 1000 करोड़ रूपया से अधिक के प्रोजेक्ट कैबिनेट की स्वीकृति लेना जरूरी होता है।

इस योजना में 15 पर्यटन सर्किटों की पहचान की गयी थी, जिसके विकास के लिए 76 प्रोजेक्ट मंजूर किये गये। त्रिपाठी ने आगे कहा कि कोयला खदानों की नीलामी में भारी अनियमितताएं बरती गयी। कोयला खदानों की नीलामी प्रक्रिया की ऑडिट करने पर कग ने पाया कि इसमें पब्लिक मनी की लूट और बंदरबाट हुई है। कोयला खदानों की नीलामी में प्रतिस्पर्धा होना चाहिये था वह नहीं हुआ। ऐसा कारपोरेट्स और उनकी सहायक कम्पनियों के घालमेल से मैनेज हुआ। नीलामी की गयी खदानों के मूल्यांकन (मूल्य असेसमेंट) में त्रुटियां और विसंगतियां थी, जिससे सरकार को राजस्व का भारी नुकसान हुआ। पहले दो चरण में नीलाम की गयी 11 कोयला खदानों की नीलामी बोली में कम्पटीशन का संभावित स्तर हासिल नहीं पाया गया। कैग ने ऌअछ हिन्दुस्तान ऐरोनाटिक्स द्वारा इंजन की डिजाईन में की गयी त्रुटियों के कारण 159 करोड़ रूपया का नुकसान सरकार को हुआ। त्रिपाठी ने बताया कि भारतमाला की परियोजनाओं की निविदा प्रक्रिया में कैग ने त्रुटियां पायी है। इस परियोजना में निर्माण लागत 15.37 करोड़ रूपया प्रति कि.मी. थी। जिसे बढ़ाकर 32 करोड़ रूपया प्रति कि.मी. कर दिया गया। उक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे, हाजी खय्याम कौसर, राघवीर कुमार समेत दर्जनों कांग्रेस के नेता एंव कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर में

### महेंद्र गंझू को गोली मारने वाला आरोपी गिरफ्तार, देसी कट्टा बरामद



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** विगत 21 अगस्त को सदर थाना क्षेत्र के राजगुरुवा गांव में घटित महेंद्र गंझू गोलीकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। एसपी राकेश रंजन द्वारा एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में गठित सदर थाना पुलिस की स्पेशल टीम ने कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल अवैध हथियार रखने वाले युवक गणेश गंझू को धर दबोचा है। जिसे पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार युवक के पास से घटना में प्रयुक्त देशी कट्टा और घायल युवक के शरीर से निकला बुलेट भी बरामद किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि विगत 28 अगस्त को सूचना प्राप्त हुई थी कि अज्ञात अपराधियों के द्वारा राजगुरुवा गांव निवासी महेंद्र गंझू को गोली मारी गई है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जब पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो घायल युवक ने बताया की गांव केही गणेश गंझू नामक युवक ने उसे गोली मारी है। इसके बाद घायल युवक को इलाज के लिए मौके से उठाकर सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसके पैर में लगी गोली को निकाल दिया। एसडीपीओ ने बताया कि घायल युवक के फर्द बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए छापेमारी अभियान चलाकर आरोपी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार युवक ने अवैध हथियार से छेड़छाड़ के दौरान फायरिंग की बात स्वीकारी है। अभियान में सदर थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक मनोहर करमाली व एसआई सिकंदर सिंकू समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### गैरमजरूआ जमीन को रैयती की मान्यता देने की मांग, एक को धरना



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** किसान भवन प्रांगण में गुरुवार को भाकपा अंचल परिषद की बैठक शिवदयाल साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अंचल मंत्री गयानाथ पाण्डेय द्वारा कार्य रिपोर्ट पेश किया गया। जिसमे 1 सितम्बर को गैरमजरुआ जमीन को रैयती मान्यता देने और विस्थापन को पुर्नवास करने की मांग को लेकर प्रखण्ड मुख्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना देने का निर्णय लिया गाया। बैठक में अंचल मंत्री ने कहा कि 20 सितम्बर के पहले प्रखंड के ईचाकखुर्द, तेतरमोड, सोहर, कसारी, बगरा, एदला, सिकरी, बानासाडी, पीरी, जबडा, सबानो, हफुआ, बिरहू, टुटीलावा, मनातू इत्यादि गांवों में ब्रांच कमिटी का पुनर्गठन कर लिया जाएगा। साथ ही 10 सितम्बर को डांक बंगला में नौजवानों का बैठक कर नौजवान संघ का गठन किया जाएगा। भाकपा शुरू से ही गरीब,शोषित और पीडित के हक मे लडाई को अंजाम तक पहुंचाने का काम किया है। अर्जुन कुमार ने कहा कि इसबार शिवपुर कठौतिया रेल लाइन और भारत माला मे गैरमजरूआ जमीन पर रहने वाले जिले के सैकडो परिवार बेघर और बेजमीन हो रहे है। इसपर उन्हे बिना मुआवजा दिये जबरदस्ती हटाया जा रहा है। प्रशासन इस पर ध्यान नही देती है तो हमलोग सड़क से सदन तक आंदोलन के लिए तैयार है। इचाक खुर्द के रैयत तीन माह से धरना पर बैठे है। परंतु आज तक कोई सुध नही लिये है। यह आंदोलन अब हर गांव मे किया जायेगा। बैठक मे जिला प्रवक्ता दशरथ ठाकुर, रामस्वरूप रजक, दिनेश्वर साव, जवाहर विश्वकर्मा, मो सलीम मियां, मो सरफराज, मो मुशर्रफ, मोती दांगी, राकेश, तुला गोप, सुरेश भारती, दशरथ महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

### भू-माफियाओं ने श्रम मंत्री की भतीजी के साथ की मारपीट, प्राथमिकी दर्ज



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** प्रखंड के लोबगा गांव में शुक्रवार को विवादित भूमि पर कब्जा जमाने गए भू माफियाओं ने महिलाओं के साथ मारपीट की जिसमें तीन महिलाएं घायल हो गई। घायलों में श्रम मंत्री सत्यानंद भोगता की भतीजी संगीता देवी भी शामिल हैं। इस मामले में संगीता देवी के अलावा गुलबी देवी और अनीता देवी ने सिमरिया थाना को आवेदन देकर भू माफिया बेलगडा इचाक निवासी बालदेव ठाकुर और नेसार मियां पर कार्रवाई की मांग की है। महिलाओं का कहना है कि गांव के एक भूखंड पर वे वर्षों से जोत कोड़ कर जीविकोपार्जन कर रहे हैं। गांव में जीविकोपार्जन का एकमात्र जरिया खेती हीं है। शुक्रवार को अंचल कार्यालय के कर्मचारी भूमि की जांच पड़ताल करने वाले थे। ऐसे में महिलाएं अपना पक्ष रखने के लिए खड़ी थी। तभी वह भू माफिया बलदेव और नेसार आ धमके और गाली गलौज करने लगे। उन्होंने जाति सूचक शब्द से हमें अपमानित करना शुरू कर दिया, जब हमने उसका विरोध किया तब उसने हमारे साथ मारपीट की। हम लोग जान और इज्जत बचाकर भाग कर थाना आए हैं। महिलाओं ने कहा कि यदि उन भूमि माफियाओं पर कार्रवाई नहीं होती तो वे लोग आत्महत्या कर लेंगी। मामला दर्ज करने के बाद पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है इस बात मोहम्मद निसार और बलदेव ठाकुर ने बताया कि 24, 11, 20 को 29 एकड़ खरीदगी जमीन नर्मदेश्वर सिंह से इकरारनामा लिए हैं। इकरारनामा के बाद जमीन की बिक्री ग्रामीणों के साथ कर रहे हैं।

स्पीड न्यूज

## मरांडी के खिलाफ झामुमो ने दिया थाने में आवेदन

**लातेहार।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए झामुमो नेता पॉल एक्का ने लातेहार थाना में आवेदन दिया है। झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य पॉल एक्का ने आरोप लगाया है कि श्री मरांडी ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के खिलाफ अत्यंत आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया है। उनके इस भाषा से झारखंड के लोग काफी आक्रोशित हैं। पूरे झारखंड में बाबूलाल मरांडी के खिलाफ लोगों के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है।

## डीटीओ ने चलाया वाहन जांच अभियान

**बालूमाथ।** लातेहार जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस के सहयोग से गुरुवार को बालूमाथ थाना चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। मौके पर 30 से अधिक वाहनों की जांच की गयी। जिनसे कागजात एवं यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर 28 हजार फाइन की वसूली की गयी।

## प्रखंड परिसर में पिलायी गयी फ्लेरिया रोधी दवा

**बारियातू।** प्रखंड परिसर में शिविर लगाकर लोगों को फ्लेरिया रोधी दवाएं खिलाई गई। साथ ही स्वास्थय संबंधी जानकारी कई प्रकार की दी गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए एमपीडब्ल्यू बलराम कुमार ने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रतिमा कुमारी का निर्देश प्राप्त था। उक्त निर्देश के आलोक में आज प्रखंड परिसर में शिविर लगाकर उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया।

## हाथियों ने 14 किसानों के धान की फसल को रौंदा

**बालूमाथ।** प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक इन दिनों जारी है। हाथी के झुंड गुरुवार की देर रात बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के गेरेंजा ग्राम में 14 किसानों के खेतों में लगे धान की फसल को रौंद डाला। ग्रामीणों ने बताया की आठ से दस की संख्या में पहुंचे हाथियों के झुंड ने विक्रम यादव, सहदेव यादव, गुलेश्वर यादव, राजकुमार यादव, पन्नू यादव, वीरेंद्र यादव, रमेश यादव, राजदेव यादव, समकेश भुइंया, करमा उरांव, करतु भुइया, गोविंद भुइंया, सरतु भुइंया, मंगरु भुइंया, सरोज यादव के खेतों में लगे धान की फसल को रौंद कर नष्ट कर डाला। क्षेत्र में हाथियों के झुंड ने इन दोनों उत्पात मचा कर रखा है। हाथियों का झुंड महज एक सप्ताह के भीतर 10 से अधिक के ग्रामीणों का घर ध्वस्त कर दिया है। हाथियों के झुंड को खदेड़ने के लिए वन विभाग की टीम विफल है। वहीं नुकसान के बाद वन विभाग द्वारा मुआवजा की राशि भी ससमय नहीं मिलने से लोगो में काफी आक्रोश है।

## जमीन विवाद को ले कर मारपीट में चार घायल

**बालूमाथ।** प्रखंड क्षेत्र के नगडा ग्राम में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में गोवर्धन साव 45 वर्ष पिता स्व. मोहन साव, धनराज साव 50 वर्ष पिता स्व. मोहन साव, चन्द्री देवी 35 वर्ष पति धनराज साव, दीपक कुमार 12 वर्ष पिता गोवर्धन साव सभी ग्राम नगड़ा थाना बालूमाथ निवासी शामिल है। गोवर्धन साव ने बताया की अपने गोतिया के साथ उनलोगों का वर्षो पुराना भूमि विवाद रहा है।

### संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग भारत सरकार करमा जिंपा भूटिया की अध्यक्षता में नीति आयोग के बैठक संपन्न

# स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा समेत कई विभाग की समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग भारत सरकार करमा जिम्पा भूटिया की अध्यक्षता में नीति आयोग के सूचकांकों की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग ने विभागावार नीति आयोग द्वारा निर्धारित मानकों की समीक्षा की एवं स्पष्ट निर्देश दिए कि जो भी नीति आयोग द्वारा निर्धारित मानक है, उसे शत-प्रतिशत पूर्ण करें। उन्होंने अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही जिले के बहुमुखी विकास के लिए विजन एंड एक्शन पालन तैयार कर कार्य करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर नीति आयोग के द्वारा आकांक्षी जिला के लिए निर्धारित सूचकांकों को और भी बेहतर करें। आगे उन्होंने विभागवार समीक्षा कर नीति आयोग के सूचकांको को बेहतर करने के लिए किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए कहा कि जिले में किये जा रहे कार्यों से सम्बंधित डाटा का संग्रहण कर उसे नीति आयोग पोर्टल में प्रविष्टि करें, ताकि जिले की प्रगति दिखाई जा सकें। बैठक में संयुक्त सचिव ने स्वास्थ्य एवं पोषण की समीक्षा के क्रम में निर्धारित मानक के अनुसार एएनसी, टीबी मरीजों की पहचान एवं ईलाज, कुपोषित बच्चों के पहचान एवं ईलाज इत्यादि के संबंध में सिविल सर्जन एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को इससे संबंधित कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया। बैठक में जिले के विकास से संबंधित निर्धारित विभिन्न प्रक्षेत्र में स्वास्थ्य, कृषि,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल , स्किल डेवलपमेंट, शिक्षा विभाग आदि से संबंधित कार्यों की बिदुवार समीक्षा की गई। बैठक में आकांक्षी जिला अंतर्गत नीति आयोग के सूचक के लक्ष्य प्राप्ति से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में उपायुक्त हिमांशु मोहन, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।


समीक्षा करते पदाधिकारी।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासन ही संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडाड़ की पहचानः संतोष मिश्रा

**महुआडांड़।** संत तुलसी दास महाविद्यालय, रेहला, गढ़वा के प्राचार्य संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में शुक्रवार को सात सदस्यीय प्रोफेसरों के दल ने संत जेवियर्स कॉलेज महुआडाड़ का दौरा किया। संत जेवियर्स कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर एम के जोस ने सभी सदस्यों का स्वागत और अभिनंदन किया। इस दौरान दोनों महाविद्यालय के बीच एसएसआर रिपोर्ट की तैयारी, आपसी सहयोग और विचार आदान- प्रदान करने के विषय पर चर्चाएं हुई। भविष्य में संबंध बना रहे इसके लिए दोनों महाविद्यालय एमओयू करने पर भी सहमत हुए। टीम के सदस्यों ने महाविद्यालय के विभिन्न विभागों, पुस्तकालय और प्रयोगशालाओं का भी दौरा किया। इस दौरान प्राचार्य और आईक्यूएसी की कोऑर्डिनेटर सिस्टर कैसलिन जुलियट के नेतृत्व और मार्गदर्शन में एसएसआर रिपोर्ट की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। संत तुलसीदास महाविद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार मिश्रा ने महाविद्यालय के अनुशासन और शिक्षा की गुणवत्ता की सराहना की साथ ही उन्होंने आज के कार्यक्रम में सहयोग और समय देने के लिए संत जेवियर्स महाविद्यालय प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. समीर टोप्पो, के के चौबे, एस के शुक्ला, साधना कुमारी, शशि शेखर, शेफाली प्रकाश, रश्मी सुमन, शालिनी बाडा, सुबोध मिंज,अंजना एक्का, रोनित मार्शल आदि उपस्थित थे।


चर्चा करते अधिकारी।

## दो वाहनों की टक्कर में एक घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र के सिंजो पंचायत अंतर्गत स्थित बूढ़ाखैर गांव के समीप राष्ट्रीय मार्ग 39 पर दिन शुक्रवार को दो वाहनों की आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान सुनील सिंह पिता जानकी सिंह घर चियांकी (पलामू) के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनील सिंह आईआरबी पुलिस का जवान है जो चंदवा के चेतर में कार्यरत है और डिप्टी करके अपने घर चियांकि जेएच 01 एफए 5617 नंबर की पल्सर बाइक से जा रहा था इसी क्रम में बूढ़ाखैर मोड़ के समीप एक अज्ञात वाहन से साइड लेने के क्रम में सीधी टक्कर हो गई जिसमें सुनील कुमार सिंह घायल हो गया। वहीं आसपास के ग्रामीणों के द्वारा दुर्घटना की जानकारी मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह को दी गई जिसके तुरंत बाद एएसआई मिश्रा मांझी अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायल युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका पहुंचाया जहां पर डॉक्टर दिव्य क्षितिज कुजूर के द्वारा घायल का प्राथमिक उपचार किया गया और बेहतर इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं मनिका पुलिस के द्वारा दुर्घटनाग्रस्त पल्सर बाइक को अपने कब्जे में लेते हुए मनिका थाना लाया गया।


दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

## भूख मुक्त पंचायत बनाने को लेकर निकाली रैली


जागरूकता रैली में शामिल लोग।

**बारियातू।** संपूर्ण ग्राम विकास केंद्र पलामू के तत्वाधान मे नागरिक सहायता केंद्र के कर्मियों ने भूख मुक्त पंचायत बनाने को लेकर जागरूकता रैली निकाली। नागरिक सहायता केंद्र के श्रवण उरांव, रामशंकर रविदास ने सिबला पंचायत के भाटचतरा, झलकीटोला सहित अन्य गली मुहल्ले मे साईकिल रैली निकाल कर एवं दिवार लेखन कर भूख मुक्त पंचायत बनाने और राशन कार्ड, मनरेगा योजना को लेकर जागरूक किया गया। वहीं उपस्थित ग्रामीणो को बताया की मनरेगा योजना के तहत जिनको जॉब कार्ड है उन्हें सौ दिन की रोजगार की गारंटी है। किसी भी प्रकार के जॉब कार्ड, राशन व पेंशन से संबंधित समस्या हो तो वैसे लोग आवेदन के लिए नागरिक सहायता केंद्र का सहयोग ले सकते हैं हर संभव मदद की जाएगी। मौके पर काफी संख्या मे ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

## मोटरसाइकिल से गिरकर दो घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ पर शुक्रवार को बसिया ग्राम स्तिथ रेलवे ओवरब्रिज के पास मोटरसाइकिल से गिरकर दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार दीपक महतो 19 वर्ष पिता नरेश महतो ग्राम बारा थाना बालूमाथ निवासी, मनीष कुमार 23वर्ष पिता अतेश्वर प्रसाद ग्राम जिलंगा थाना बालूमाथ निवासी दोनों अपने घर से मोटरसाइकिल में सवार होकर बालूमाथ रहे थे। इसी दौरान रेलवे ओवर ब्रिज के पास गड्ढे में बाइक अनियंत्रित हो गई और मोटरसाइकिल से गिरकर दोनो गम्भीर रुप से घायल हो गये। घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहयोग से दोनों युवकों को बालूमाथ स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर संजय कुमार सिद्धार्थ की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया।

## पंचायत स्वयंसेवक संघ करेगा सीएम आवास का घेराव : शंकर


बैठक करते संघ के लोग।

**महुआडांड़।** राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के द्वारा झारखंड सरकार के समक्ष अपनी मांगों को लेकर लगातार अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी है। वहीं प्रदर्शन कार्यक्रम के बीच आगामी 26 अगस्त को पूरे राज्य के स्वयंसेवक संघ के द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास के घेराव करने की घोषणा की गई है जिसकी जानकारी स्वयं सेवक संघ के महुआडांड़ प्रखंड अध्यक्ष शंकर यादव ने दी। मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम को लेकर बैठक करते हुए शंकर यादव ने बताया कि राज्य सरकार से नाराज चल रहे स्वयंसेवक संघ के द्वारा अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेंगे। बैठक में स्वयंसेवक संघ के अध्यक्ष शंकर यादव, संगीता गिद्ध, राजमणि नगेसिया, गुलशन परवीन,अशोक सिंह समुदवार, सुभाष नगेसिया, राजू कुमार गुप्ता, रविंद्र प्रसाद, शमीम अंसारी समेत प्रखंड के सभी पंचायत के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## बरवाडीह प्रखंड में बिचौलियों की है मनमानी, दिव्यांग को भी नहीं बक्शा

➲ आवास एवं मेड़बंदी में लाभुक को पता नहीं, निकाल ली राशि


जानकारी देता लाभुक।

**बेतला।** केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार भले ही लाख कोशिश कर ले उसके बावजूद भी भ्रष्टाचार कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इस सिलसिले में बरवाडीह प्रखंड के बेतला पंचायत अंतर्गत ग्राम अखरा में पीएम आवास के लाभूक पुना भुइयां के आवास का पैसा गलत तरीके से हजारों रुपए निकासी कर ली गई है। वहीं दूसरी ओर मनरेगा योजना के मेड़बंदी के लाभूक शंकर मिस्त्री एवं रीता देवी ने बताया कि मेरे नाम से मेड़बंदी स्वीकृति की गई थी। लेकिन बिचौलियों के द्वारा पैसा निकासी कर ली गई है। मुझे पता भी नहीं चला, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बरवाडीह प्रखंड में बिचौलिया कितना हावी है। दिव्यांग होने के कारण शिकायत करने ना तो वह प्रखंड कार्यालय जा सकता है और ना ही जिला कार्यालय, जिसके चलते बिचौलियों का और मनोबल बढ़ता जा रहा है, इससे संबंध में पीएम आवास के लाभूक पूना भुइंया ने बताया कि मुझे करीब 2 साल पहले प्रधानमंत्री आवास मिला था लेकिन मजदूरी का पैसा मास्टर रोल से निकलता है मुझे पता नहीं है कि कौन किस समय निकाल लिया, इस संबंध में लाभुक पूना भुइँया ने बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, लातेहार जिला उपायुक्त हिमांशु मोहन से जांच करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है, एवं निकासी की गई पैसे दिलवाने का मांग किया है।

**पदाधिकारी ने क्या कहा**

इस संबंध में बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय से पूछे जाने पर बताया कि मुझे जानकारी नहीं थी यदि ऐसी बात है तो जांच करा कर शीघ्र ही दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बदलावः जिप सदस्य ने योजना बोर्ड में अपने नाम की जगह अंकित करायी प्राक्कलित राशि और मजदूरी दर

**शिलान्यास**

- ➲ जिला परिषद मद से छिपादोहर में अस्पताल मरम्मती कार्य का किया गया शिलान्यास
- ➲ गुणतापूर्ण कार्य होने के साथ-साथ योजना में पारदर्शिता जरूरी : कन्हाई सिंह
- ➲ 937,770 की राशि से होगा मरम्मती कार्य, 326.85 मिलेगी मजदूरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह में बदलाव की बयार दिखने लगी हैं। एक और जहां अन्य योजनाओं में शिलान्यास बोर्ड पर जनप्रतिनिधियों द्वारा अपना नाम अंकित करवाने को लेकर पहली प्राथमिकता दी जाती थी। वहीं बरवाडीह पूर्वी के जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह ने मंगलवार को इस परंपरा को समाप्त करते हुए अपने जिला परिषद मद से छिपादोहर में स्वास्थ्य केंद्र की मरम्मती कार्य का शिलान्यास किया। जहां योजना बोर्ड में अपनी नाम की जगह मजदूरों को दी जाने वाली सरकारी मजदूरी दर और योजना की प्राकलित राशि को दशार्या है, जो लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ हैं, और इससे लोगों में हर्ष भी देखा जा रहा हैं। इस बाबत पूछे जाने पर कन्हाई सिंह ने बताया कि किसी भी योजना में गुणतापूर्ण कार्य होने के साथ-साथ पारदर्शिता होना बहत जरूरी है। यह आम लोगों का हक और अधिकार भी है। लोगों को यह जानने का हक है कि उनके गांव में संचालित की जा रही योजनाएं कितनी राशि की है, और मजदूरों को प्रतिदिन क्या मजदूरी मिलनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कार्य एजेंसी द्वारा गुणवतापूर्ण कार्य संपन्न कराया जायेगा इसके लिए उन्हें निर्देशित कर दिया गया हैं, क्योंकि अस्पताल में गांव पंचायत के ही मरीज आते है, उनकी सुविधाओं का ध्यान रखना हम जनप्रतिनिधियों की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।


शिलापट्ट के साथ जिप सदस्य कन्हाई सिंह।

## हजारीबाग / रामगढ़ की खबरें

### बाल मजदूरी, बाल यौन शोषण पर जागरूकता अभियान

**बड़कागांव।** जन सेवा परिषद ,कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन एवं चाइल्डलाइन 1098 एवं 112 के संयुक्त तत्वधान मे बीएम मेमोरियल स्कूल बड़कागांव के छात्र-छात्राओं के बीच चाइल्डलाइन के टीम लीडर एवं सीएसडब्ल्यू रंजीत कुमार चौबे द्वारा बाल विवाह ,बाल मजदूरी, बाल यौन शोषण पर कार्यक्रम किया गया। उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया की जिस तरह से उगता हुआ सूरज अपने प्रकाश से धरती के अंधेरों समाप्त कर प्रकाश ले आता है उसी तरह से आप सभी बच्चे आने वाले समय में भारत में उजाला फैलाने का काम करेंगे। आप सभी बच्चे आने वाले भविष्य में आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर ,इंजीनियर, बीडीओ, सीओ बनकर देश का नाम रोशन कर सकते हैं लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए हमें बाल विवाह,बाल मजदूरी एवं बाल यौन उत्पीड़न से बचना होगा। तभी हम इस मुकाम तक पहुंच पाएंगे। आगे उन्होंने सभी बच्चों को बताया कि इस सभी प्रकरणों से बचने के लिए आप चाइल्डलाइन के हेल्पलाइन नंबर 1098 और 112 पर कॉल कर सकते हैं जिसमें कॉल करने वाले का नाम और नंबर गोपनीय रखा जाएगा।

### हेलमेट पहने सुरक्षित रहें : आनंद आजाद

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड में शुक्रवार को टाटीझरिया चौक चंद्रु होटल के समीप एक अज्ञात नवयुवक मोटर साईकल से गिर गया। युवक हजारीबाग का रहने वाला बताया गया। टाटीझरिया पुलिस की सहयोग से घायल युवक को प्राथमिक उपचार कर परिजनों को जानकारी दिया गया। थाना प्रभारी आनंद आजाद ने कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें। लापरवाही नहीं बरते। यदि यह नव युवक के पास हेलमेट नहीं होता तो इसकी जान भी जा सकती थी। इसलिए ट्रेफिक नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहें।

### मृतक रामेश्वर ठाकुर के परिजनों से मिले युवा नेता गौतम

**टाटीझरिया।** प्रखंड के झरपो, भराजो, अमनारी, टटगावां, नारायणपुर, शिमराढाब, पिण्डरी, बेडमक्का, खैरा, करमा सिझुआ,कारिचट्टान,महु वरी समेत अन्य गांव हाथी से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। दौरा के दौरान क्षेत्र में झरपो गांव के हाथी से मृत वृद्ध रामेश्वर के परिजनों से मिलकर ढाढस बांधे और बोले कि मृत रामेश्वर ठाकुर के परिजनों से मिलकर बाकी का बकाया राशि जल्द वन विभाग के द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा। ज्ञात हो कि रामेश्वर ठाकुर की मौत हाथी के जानलेवा हमला के कारण बीते दिन लगभग 13 दिन हो गयी थी।युवा नेता गौतम ने वन विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि टाटीझरिया व दारू प्रखंड में हाथियों का आतंक बढ़ा हुआ है। अभी तक वन विभाग के पदाधिकारी सक्रिय नही दिखा रहे।क्षेत्र के लोग डर से घर के बाहर भरी बरसात में रहने को विवश है। अगर वन विभाग के लोग तत्काल पीड़ित परिवार को मुवावजा नही दिए और हाथी को भगाने का काम नही किये तो दोनों प्रखंड के लोगों के साथ वन विभाग का घेराव करेंगे। मृत परिवार से मिलने वालों में सहयोगी रंजीत यादव,बलि सिंह, व मृत परिवार में श्याम ठाकुर,महेंद्र शर्मा,किशोरी ठाकुर,बिनोद मालाकार, राहुल कुमार,राजेश कुमार इत्यादि लोग मौजुद थे।

### मुखिया पिंकी खातून के निधन पर दोतल्ला पंचायत में शोकसभा का हुआ आयोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** शाह कॉलोनी पंचायत की मुखिया पिंकी खातून की हृदय गति रुकने से अकास्मात मृत्यु हो जाने पर बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में शुक्रवार को शोकसभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान उनकी आत्मा को जन्नत प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। मौके पर स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी ने इस विषम घड़ी में ईश्वर से उनके परिवार को शक्ति प्रदान करने की कामना की। पिंकी खातून के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक सभा के बाद एक दिन का अवकाश घोषित किया गया। शोक संवेदना प्रकट करने वालो में स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी, पूर्व मुखिया सह झामुमो नेता लव कुमार महतो, उप मुखिया प्रशांत कुमार, वार्ड सदस्य नीतू सिन्हा, रेणुका देवी, शकुंतला देवी, वीणा देवी, पुष्पा सिन्हा, दयामुनी मुर्मू, अनीता देवी, शहजाद हुसैन, सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब के अध्यक्ष शेरोफेना एक्का, बिरसा उरांव, भगवान दास सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल हैं।

### कोलियरी शिक्षकों को 20 लाख ग्रेच्युटी का जल्द भुगतान कराएं पीएम मोदी : जयप्रकाश



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह कोयला खदान शिक्षक मोर्चा के सीसीएल प्रक्षेत्र के सचिव जय प्रकाश पांडेय ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कोल इंडिया के कोलियरी अनुदानित विद्यालयों में कार्यरत वर्षो से शोषित, पीड़ित और भूखे शिक्षकों लिए कम से कम 20 लाख की ग्रेच्युटी और लगभग 16 वर्षो से बकाए अनुदान को जल्द भुगतान कराने की अपील की है। ज्ञात हो कि ये शिक्षक कोल इंडिया के राष्ट्रीयकरण के समय से ही कोलियरी विद्यालयों में अपनी सेवा देते आ रहे हैं। उनके लिए कोल इंडिया द्वारा राज्य सरकार के कर्मी के समान वेतन देने के लिए जेबीसीसीआई में निर्णय भी हुआ था। लेकिन कोल इंडिया के लाल फीताशाही और यूनियनों के उदासीनता के कारण अभी तक इन शिक्षकों का वेतनमान लागू नहीं किया गया है। मात्र 5000 से 7000 रूपये के अनुदान वेतन पर ही उनसे कार्य लिया जा रहा है। सबसे दुखद बात यह है की वह राशि भी कोल इंडिया द्वारा सीसीएल, बीसीसीएल, ईसीएल और एनसीएल में लगभग 16 वर्ष से भुगतान भी नहीं हुआ है। श्री पांडेय ने शिक्षको का दुख बयान करते हुए बताया कि लगभग 60 प्रतिशत शिक्षक 60 वर्ष की उम्र सीमा भी पार कर चुके हैं। कोल इंडिया द्वारा शोषण के प्रकाष्ठा को पार करते हुए उन्हें भारत सरकार द्वारा निर्धारित 20 लाख रूपये की ग्रेच्युटी राशि का भुगतान किए बिना उनका भी अनुदान भुगतान पर रोक लगा दिया गया है, जो मानवता के खिलाफ गभीर अपराध है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी से आग्रह किया है की आपके द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए 9 वर्षो से भारत के कार्य किए जा रहे हैं। वहीं कोल इंडिया के कोलियरी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को कोल इंडिया हक नहीं दे रहा है। लगातार शिक्षकों को प्रताड़ित करते हुए उनका 20 लाख का ग्रेच्युटी और अनुदान भुगतान बंद कर रहा है। क्या यही न्याय है। क्या यही गरीबी कल्याण योजना है। जेपी पांडेय कहा कि मिनी रत्न की उपाधि प्राप्त करने वाली कोल इंडिया कंपनी वर्षो से अनुदानित कोलियरी शिक्षकों पर शोषण का हंटर चला रही है और भारत सरकार मूक दर्शक बनी रहे।

# चंदवा के जमुआरी गांव में युवक की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती उग्रवाद प्राभवित क्षेत्र जमुआरी गांव में गुरुवार की रात्रि अज्ञात अपराधियों के द्वारा प्रद्युमन यादव नामक युवक की हत्या गोली मारकर कर दी गयी। घटना को उस वक्त अंजाम दिया गया जब वह घर के बाहर किसी से फोन पर बात कर रहा था। तभी दो अपराधी आए और सामने से उसके सर पर गोली मार कर हवाई फायरिंग करते हुए पैदल भाग निकले। गोली चलने की आवाज सुनने के बाद परिजन घर से बाहर निकले तो प्रद्युमन गोली लगने से घायलावस्था में पड़ा मिला, जिसके बाद प्रद्युमन को आनन-फानन में इलाज के लिए कुड़ू अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना के बाद देर रात्रि चंदवा पुलिस जमुआरी गांव पहुंची, परिजनों से घटना की जानकारी ली व शव को कब्ज में लेकर अंतः परीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। हालांकि प्रद्युमन यादव को किस कारण गोली मारी गई, इसका पता नहीं चल पाया था। मृतक के परिजनों ने बताया कि गुरुवार की रात्रि प्रदुमन यादव घर के बाहर खड़े होकर किसी से मोबाइल फोन पर बात कर रहे थे, तभी दो अज्ञात अपराधी पहुंचे और उन्हें गोली मारकर चलते बने। मृतक प्रद्युमन यादव ऑटो चालक है, साथ ही वन विभाग में पौधारोपण आदि का कामकाज भी देखता था। मृतक अपने पीछे पत्नी पूनम देवी के अलावे 8 साल का बेटा और 4 साल की बेटी को पीछे छोड़ गया है, जिनका घटना के बाद से रो-रोकर बुरा हाल है।


जानकारी देते परिजन।


मृतक का फाइल फोटो।

**क्या कहते हैं थाना प्रभारी**

घटना के संबंध में पूछे जाने पर पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हत्या के कारण अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, मृतक के परिजनों का फर्द बयान ले लिया गया है, मामले में प्राथमिक की दर्ज कर सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए जांच पड़ताल की जाएगी व जो भी अपराधी इस घटना में संलिप्त है जल्द ही पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

## प्रदुमन यादव की हत्या के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल

▫ पुलिस अविलंब इस घटना का उद्वेदन कर अपराधियों को गिरफ्तार करें : प्रतुल शाहदेव



**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने बीती रात चंदवा थाना के जमुआरी ग्राम में प्रद्युमन यादव की हत्या की घटना की कड़ी निंदा की है। प्रतुल ने कहा है कि इस हत्या के बाद से क्षेत्र के ग्रामीण दहशत में है। प्रतुल ने लातेहार के पुलिस कप्तान से मांग की कि वे एसआईटी का गठन करके इस घटना का उद्वेदन करायें, ताकि लोगों का विश्वास सिस्टम पर फिर से मजबूत हो। प्रतुल ने कहा इससे पहले भी चंदवा थाना अंतर्गत लुकइया ग्राम में शमीम अंसारी के घर हुई भीषण डकैती की घटना और मां नगर भगवती के महा दरबार में हुई चोरी की घटना का भी उद्वेदन नहीं हुआ है। पुलिस को इन लंबित कांडों का भी उद्भेदन करना चाहिए। ताकि क्षेत्र में अमन और शांति बन सके।प्रतुल ने कहा कि ऐसी सूचनाओं आ रही है कि ग्रामीण और जंगल के क्षेत्र में कुछ आपराधिक और उग्रवादी संगठन फिर से सक्रिय हो रहे हैं। इन पर भी लगाम कसने की आवश्यकता है। पुलिस को अपने खुफिया तंत्र को भी और मजबूत करना चाहिए।

स्पीड न्यूज

### सुप्रीम कोर्ट से केजरीवाल की याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री से जुड़े विवाद में गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी। उच्च न्यायालय ने गुजरात विश्वविद्यालय द्वारा दायर मानहानि मामले पर रोक लगाने के अरविंद केजरीवाल के अनुरोध को खारिज कर दिया था।

### डीएफसी का 90 प्रतिशत कार्य साल के अंत तक हो जायेगा पूरा : सीआरबी

**नयी दिल्ली।** रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं कार्यपालक अधिकारी अनिल कुमार लाहोटी ने शुक्रवार को कहा कि डेडीकेटेड फ्रेट कारिडोर (डीएफसी) का 90 प्रतिशत निर्माण कार्य साल के अंत तक पूरा कर लिया जायेगा। सीआरबी आज डीएफसी कॉरपोरेट कार्यालय में मुख्य महाप्रबंधक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस तथ्य की अत्यधिक सराहना की कि लगभग 2196 किमी. (77.2 प्रतिशत) डीएफसी पहले ही चालू हो चुका है और 90 प्रतिशत डीएफसीसीआइएल को साल के अंत तक पूरा किया जाना है।

### एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री समेत दर्जनों गिरफ्तार

**कोलकाता।** जादवपुर विश्वविद्यालय में बांग्ला विभाग के प्रथम वर्ष के छात्र स्वप्नदीप कुंडू की रैगिंग की वजह से हुई मौत के खिलाफ शुक्रवार को विश्वविद्यालय के पास अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के प्रदर्शन में शामिल हुए संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही संगठन के राष्ट्रीय मंत्री बिराज विश्वास सहित सौ से अधिक कार्यकताओं को गिरफ्तार किया गया है। प्रदर्शन का जो वीडियो सामने आया है, उसमें देखा जा सकता है कि पुलिस एबीवीपी कार्यकताओं को घसीटते हुए पुलिस वाहन में डाल रही है।

### केरल के वायनाड में सड़क दुर्घटना में नौ महिलाओं की मौत

**नयी दिल्ली।** केरल के वायनाड के मननथावाड़ी में शुक्रवार को चाय बागान श्रमिकों को ले जा रही एक जीप पलटने से 9 महिलाओं की मौत हो गयी। हादसा दोपहर 3:30 बजे मननथावाड़ी थलापुझा कन्नोथ हिल के पास हुआ। हादसे की शिकार ये सभी महिलाएं वायनाड की रहने वाली बतायी गयी हैं। हादसे में ड्राइवर समेत तीन घायलों की हालत बेहद गंभीर है। घटना को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और वायनाड से सांसद राहुल गांधी ने दुख प्रकट किया है और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

# भारत की ग्रीस के साथ बढ़ेगी रणनीतिक साझेदारी

## कृषि में सहयोग पर समझौता, 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना करने का निर्णय, सैन्य व रक्षा क्षेत्र को सशक्त बनाने पर सहमति

**एथेंस (हि.स.)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ग्रीस दौरे पर दोनों देशों के बीच कृषि के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता हुआ है। साथ ही, सैन्य व रक्षा क्षेत्र को सशक्त बनाने पर भी सहमति बनी है।

दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्रीस यात्रा पर पहुंचे। वहां ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस के साथ द्विपक्षीय वार्ता करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ग्रीस और भारत के बीच दुनिया की दो पुरातन सभ्यताओं, दो पुरातन लोकतांत्रिक विचारधाराओं और दो पुरातन व्यापार और सांस्कृतिक संबंधों वाला एक स्वाभाविक रिश्ता है। हमारे रिश्ते की बुनियाद प्राचीन और मजबूत है। उन्होंने जानकारी दी कि उनकी यात्रा के दौरान कृषि क्षेत्र में सहयोग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गये हैं। रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में, दोनों देश सैन्य संबंधों के साथ-साथ रक्षा उद्योग को सशक्त बनाने पर सहमत हुए हैं। साथ ही, दोनों देशों ने आतंकवाद और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में आपसी सहयोग पर चर्चा की। तय हुआ कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार स्तर का भी संवाद होना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि ग्रीस के प्रधानमंत्री और वे इस बात से सहमत हैं कि दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार तेजी से बढ़ रहा है और आने वाले समय में भी इसमें बढ़ोतरी की अपार संभावनाएं हैं। इसलिए, दोनों देशों ने 2030 तक अपने द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का निर्णय लिया है। मोदी ने कहा कि 40 साल के लंबे अंतराल के बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री ग्रीस आये हैं, फिर भी हमारे रिश्तों की गहराई और गर्माहट कम नहीं हुई है। इसलिए भारत-ग्रीस संबंधों को रणनीतिक स्तर पर ले जाने का फैसला किया गया है। दोनों देशों ने रक्षा और सुरक्षा, बुनियादी ढांचे, कृषि, शिक्षा, नई और उभरती प्रौद्योगिकी और कौशल विकास के क्षेत्रों में अपना सहयोग बढ़ाने और अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने का निर्णय लिया है।

भारतीय प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच कुशल प्रवासन को आसान बनाने के लिए जल्द ही एक प्रवासन और गतिशीलता साझेदारी समझौता करने का निर्णय लिया गया है। ग्रीस ने भारत-यूरोपीय संघ व्यापार और निवेश समझौते के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया। यूक्रेन मुद्दे पर दोनों देश कूटनीति और बातचीत का समर्थन करते हैं। संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर ग्रीस के सहयोग के लिए मोदी ने ग्रीस के प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस ने भारतीय प्रधानमंत्री के भारत आने का निमंत्रण स्वीकार किया और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 के लैंडिंग की सफलता पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि दोनों देश अपने समय की चुनौतियों से निपटने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं।

### ग्रीस में पीएम मोदी 'द ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर' से सम्मानित



**एथेंस।** दक्षिण अफ्रीका की यात्रा पूरी कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्रीस पहुंचे। वे ग्रीस में एक दिन रहेंगे। ग्रीस के प्रधानमंत्री क्यारीकोस मित्सोटाकिस ने उन्हें आमंत्रित किया था। 40 साल बाद भारत के कोई प्रधानमंत्री ग्रीस की यात्रा कर रहे हैं। ग्रीस की राष्ट्रपति कतेरीना साकेलारोपोलू ने पीएम नरेंद्र मोदी को ग्रीक अवार्ड ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर से सम्मानित किया। इस पर पीएम मोदी ने कहा, मैं अवार्ड देने के लिए राष्ट्रपति कतेरीना सकेलारोपोलू, ग्रीस की सरकार और लोगों को धन्यवाद देता हूं। इससे पता चलता है कि ग्रीस के लोगों के दिल में भारत के प्रति कितना सम्मान है। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने यूनानी समकक्ष क्यारीकोस मित्सोटाकिस से मुलाकात की। गौरतलब है कि ऑर्डर ऑफ ऑनर की स्थापना 1975 में की गई थी। यह सम्मान ग्रीस के राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्रियों और प्रतिष्ठित हस्तियों को दिया जाता है। यह सम्मान उन्हें मिलता है जिन्होंने अपनी विशिष्ट स्थिति के कारण ग्रीस के कद को बढ़ाने में योगदान दिया है।

## मुद्रास्फीति को काबू में रखना मेरी प्राथमिकता : सीतारमण



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि भरोसेमंद आर्थिक वृद्धि को सुनिश्चित करने के लिए महंगाई को काबू में करना सरकार की प्राथमिकता है। इन स्थितियों को ध्यान में रखते हुए मेरी प्राथमिकता मुद्रास्फीति को काबू में रखने की है।

सीतारमण ने नयी दिल्ली में जी-20 के आर्थिक मंच बी-20 भारत 2023 शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि लंबी अवधि तक बढ़ी हुई ब्याज दरें आर्थिक सुधार के रास्ते में आ सकती हैं। उन्होंने कहा कि भारत आर्थिक सुधारों की रफ्तार तेज करने में सफल रहा है। इसलिए अप्रैल-जून तिमाही की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े अच्छे रहने चाहिए।

वित्त मंत्री ने कहा कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय बढ़ाने का बजट में एलान किये जाने के बाद निजी क्षेत्र के पूंजीगत व्यय के सकारात्मक संकेत भी नजर आने लगे हैं। उन्होंने कहा कि अगले कुछ साल में सतत वैश्विक आर्थिक सुधार बात करने का मुद्दा होगा। भले ही सभी अर्थव्यवस्थाएं कोरोना महामारी से बाहर आने और उसके बाद सुधार आदि की कोशिश कर रही हैं, लेकिन विकास को बनाये रखना मुख्य प्रश्न बनता जा रहा है।

### भारत की वृद्धि का सफर विश्व के भविष्य को देगा आकार : एन चंद्रशेखरन

**नयी दिल्ली।** बिजनेस-20 (बी-20) इंडिया के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने कहा कि भारत विकास का प्रकाश स्तंभ बना हुआ है। चंद्रशेखरन ने कहा कि देश डिजिटल एवं कृत्रिम मेधा, ऊर्जा, और मूल्य आपूर्ति श्रृंखला के वैश्विक बदलाव का नेतृत्व करने के लिए अच्छी स्थिति में है। भारत की वृद्धि का सफर दुनिया के भविष्य को आकार देगा। चंद्रशेखरन ने शुक्रवार को नयी दिल्ली में बी-20 शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत तीन परिवर्तनों का नेतृत्व करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत की वृद्धि का सफर एक प्रतीक बनकर उभरा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में सकारात्मक रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है।

### शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट सेंसेक्स 366 अंक लुढ़का

**नयी दिल्ली।** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को गिरावट आयी। हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन सेंसेक्स 365 अंक से ज्यादा टूट गया, जबकि निफ्टी 19,300 से नीचे आ गया। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और नीतिगत दर में वृद्धि की आशंका के बीच वित्तीय, आइटी तथा तेल कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से शेयर बाजार में गिरावट आयी। कारोबार के अंत में बांबे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 365.83 अंक यानी 0.56 फीसदी लुढ़कर 64,886.51 पर बंद हुआ। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 120.90 अंक यानी 0.62 फीसदी की गिरावट के साथ 19,265.80 पर बंद हुआ।

## जी-20 शिखर सम्मेलन में पुतिन शामिल नहीं होंगे



**मॉस्को (हि.स.)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन अगले माह भारत में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। अगले महीने, 9 व 10 सितंबर को भारत में जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। भारत के पास इस वर्ष जी-20 की अध्यक्षता का जिम्मा है। भारत इस समय जी-20 की मेजबानी कर रहा है।

रूस की ओर से शुक्रवार को औपचारिक घोषणा की गयी कि अगले महीने भारत में होने वाले जी-20 सम्मेलन में राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन शामिल नहीं होंगे। पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन भारत में सितंबर में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए यात्रा की योजना नहीं बना रहे हैं। फिलहाल उनका मुख्य जोर एक विशेष सैन्य अभियान पर है।

दरअसल, भारत में इस समय जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियां जोरों से चल रही हैं। सम्मेलन को लेकर भारत ने सभी जी-20 सदस्य देशों, आमंत्रित देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के नेताओं को निमंत्रण भेजा था।

## भारत की हजारों किलोमीटर जमीन चीन ने हड़प ली : राहुल

एजेंसी

**कारगिल।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कारगिल में एक रैली को संबोधित करते हुए भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा, लद्दाख एक रणनीतिक स्थान है। खासकर, जब मैं पैंगोंग त्सो झील पर था, एक बात तो साफ है कि चीन ने भारत की हजारों किलोमीटर जमीन हड़प ली है। दुख की बात है कि विपक्ष की बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि लद्दाख का एक इंच भी चीन ने नहीं लिया है, जो कि एक झूठ है।

राहुल की ये टिप्पणी प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बुधवार को जोहांसबर्ग में ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) शिखर सम्मेलन के मौके पर हुई बातचीत के बाद आयी है। यह बातचीत अनौपचारिक थी। राहुल ने आरोप लगाया कि भाजपा लद्दाख की जमीन छीनकर अडाणी को सौंप देना चाहती है। इसी कारण से वे लद्दाख के लोगों को उचित प्रतिनिधित्व नहीं देते हैं, क्योंकि इसके बाद वे स्थानीय लोगों की जमीन नहीं ले पायेंगे। उन्होंने कहा, भाजपा के लोग जानते हैं कि अगर आपको प्रतिनिधित्व दिया गया, तो वे आपकी जमीन नहीं छीन पायेंगे। यह सब जमीन के बारे में है। वे (भाजपा) आपकी जमीन छीनना चाहते हैं और अडाणी को देना चाहते हैं. लेकिन हम ऐसा कभी नहीं होने देंगे। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने 20 अगस्त को पैंगोंग त्सो झील क्षेत्र का दौरा किया था और अपने दिवंगत पिता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जन्मदिन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी।

### कांग्रेस शांति और सुरक्षा पर हमें न दे व्याख्यान : भाजपा

**नयी दिल्ली।** राहुल गांधी के चीन पर दिये गये बयान पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पलटवार करते हुए कांग्रेस को शांति और सुरक्षा पर व्याख्यान नहीं देने की सलाह दी है। शुक्रवार को भाजपा प्रवक्ता डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस कम से कम शांति और सुरक्षा पर हमें व्याख्यान न दे। कांग्रेस की नीति रही है कि पाकिस्तान के साथ शांति वार्ता चलाती रहे और आतंकवाद भी पलता रहे। हमारी नीति है कि शांति वार्ता और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते। डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि हम चीन के साथ कांग्रेस के रिश्ते और चीन के साथ अपने रिश्ते को साफ करना चाहते हैं। यह समझ से परे है कि बार-बार कांग्रेस सांसद राहुल गांधी चीन की बातचीत पर प्यार क्यों बरसाते हैं।

### डोनाल्ड ट्रंप गिरफ्तार 20 मिनट बाद मुचलके पर रिहा किये गये

**अटलांटा।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को वर्ष 2020 के चुनाव परिणाम को पलटने के लिए धोखाधड़ी और साजिश करने के आरोप में जॉर्जिया के फुल्टन काउंटी जेल में गिरफ्तार कर लिया गया। जेल प्रशासन ने उनका मग शॉट किया। हालांकि, 20 मिनट बाद उन्हें 200,000 अमेरिकी डॉलर के मुचलके पर रिहा कर दिया गया। रिहा होते ही वह हवाई अड्डे के लिए रवाना हो गये। वहां से वह न्यूजर्सी जायेंगे।

## नफरत संबंधी अपराधों को रोकने को 2018 के दिशा निर्देशों को और कठोर करेंगे : एससी

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वह भीड़ हिंसा, नफरत फैलाने वाले भाषणों और पीट-पीटकर हत्या से निपटने के लिए अपने 2018 के दिशा निर्देशों को और कठोर बनायेगा, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि कट्टरता फैलाने वाले सार्वजनिक बयानों के दोषियों के साथ समान रूप से निपटा जाये, चाहे वहे किसी भी समुदाय के हों। बता दें कि शीर्ष अदालत ने सामाजिक कार्यकर्ता तहसीन पूनावाला की याचिका पर सात जुलाई, 2018 को दिये एक महत्वपूर्ण फैसले में नफरत फैलाने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए कई दिशा निर्देश जारी किये थे। राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को प्रत्येक जिले में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति जैसे निवारक और उपचारात्मक उपाय करने का निर्देश दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने 2018 के फैसले के अनुपालन पर राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से तीन सप्ताह के भीतर ब्योरा जुटाने का केंद्र सरकार को शुक्रवार को निर्देश दिया। न्यायालय ने केंद्र सरकार से यह भी कहा कि अगर उसे तब तक जानकारी नहीं प्राप्त होती है, तो उसे सुनवाई की अगली तारीख को इस बारे में सूचित किया जाये।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने गृह मंत्रालय से 2018 के फैसले के अनुपालन के तहत राज्यों द्वारा नोडल अधिकारियों की नियुक्ति का विवरण देते हुए एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। पीठ ने कहा कि उसने शीर्ष अदालत द्वारा जारी 2018 के दिशानिदेशों का अध्ययन किया है और उसका मानना है कि कुछ और तत्वों को जोड़े जाने की जरूरत है। पीठ ने कहा, वर्ष 2018 के ये दिशा निर्देश काफी विस्तृत हैं। हम इसमें कुछ और जोड़ेंगे, कुछ कम नहीं करेंगे। शीर्ष अदालत कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें विभिन्न राज्यों में नफरत फैलाने वाले भाषणों पर अंकुश लगाने के निर्देश देने की मांग की गयी है।

## इंदौर को मिला सर्वश्रेष्ठ 'राष्ट्रीय स्मार्ट सिटी' का पुरस्कार

नयी दिल्ली (हि.स.)। केंद्र सरकार के स्मार्ट शहरों की प्रतियोगिता के चौथे संस्करण में सर्वश्रेष्ठ 'राष्ट्रीय स्मार्ट सिटी' का पुरस्कार इंदौर ने जीता है। इंदौर शहर को स्मार्ट शहरों में पहला स्थान मिला है। 100 स्मार्ट शहरों के बीच अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए सूरत और आगरा को दूसरा और तीसरा स्थान मिला है। यह पुरस्कार इंदौर में 27 सितंबर को आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रदान करेंगी।

शुक्रवार को आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने जानकारी दी कि राज्यों की श्रेणी में प्रथम स्थान मध्य प्रदेश, दूसरा स्थान तमिलनाडु और तीसरा स्थान संयुक्त रूप से राजस्थान और उत्तर प्रदेश को दिया गया है। केंद्रीय शासित प्रदेश में चंडीगढ़ को स्वच्छ यूटी का पुरस्कार दिया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि स्मार्ट सिटी मिशन के तहत देश के शहरों को स्वच्छ और साफ सूथरा बनाने के उद्देश्य से 25 जून 2015 को लांच किया गया था।

## पंजाब में राष्ट्रपति शासन के संकेत देकर राज्यपाल ने दी मुख्यमंत्री को चेतावनी

**चंडीगढ़ (हि.स.)।** पंजाब के राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच छिड़ा विवाद गहरा गया है। पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने विभिन्न मुद्दों पर पत्र लिखकर मांगी गयी जानकारी नहीं देने पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान को अंतिम पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने पूरा मामला राष्ट्रपति के समक्ष उठाने तथा आपराधिक कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

राज्यपाल ने एक अगस्त को भी इसी तरह का पत्र लिखा था। प्रत्येक पत्र में उनकी भाषा बदल रही है और उनके संकेत राष्ट्रपति शासन की सिफारिश की तरफ बढ़ रहे हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान को लिखे पत्र में राज्यपाल ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 167 के स्पष्ट प्रावधानों के अन्तर्गत मुख्यमंत्री के लिए राज्य के प्रशासनिक मामलों संबंधी मांगी गयी सभी जानकारी उपलब्ध कराना अनिवार्य होता है। राज्यपाल ने कहा कि मांगी गयी जानकारी देना तो दूर, सीएम ने अनावश्यक और अनुचित टिप्पणियां करके अशालीनता का प्रदर्शन किया है, जिसे न केवल मेरे व्यक्तिगत, बल्कि राज्यपाल कार्यालय के प्रति अत्यधिक शत्रुता और प्रहार के रूप में वर्णित किया जा सकता है।

राज्यपाल ने कहा कि पंजाब में नशीले पदार्थों की बड़े पैमाने पर उपलब्धता और उपयोग के संबंध में विभिन्न एजेंसियों से रिपोर्ट मिली हैं। यह आम बात हो गयी है कि वे दवा की दुकानों में उपलब्ध हैं और एक नया चलन अब यह देखा गया है कि वे सरकार नियंत्रित शराब की दुकानों में भी बेचे जा रहे हैं।

## इंडियाज बेस्ट डांसर 3 में हंसवी और देपर्णा के शानदार प्रदर्शन ने कुमार सानू को किया प्रभावित



ब्लॉकबस्टर वीकेंड के सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का होमग्रोन डांस रियलिटी शो, इंडियाज बेस्ट डांसर 3 अपने पार्टी स्पेशल थीम के साथ मनोरंजन के स्तर को और भी ऊपर ले जाने के लिए तैयार है। एक 'बेहतरीन' पार्टी अनुभव का वादा करते हुए, प्रतियोगी अपने शानदार डांस मूव्स, चार्टबस्टर हिट्स और नॉन-स्टॉप मनोरंजन से बिल्कुल सही माहौल बनायेंगे। इस पार्टी में मजेदार स्वैग जोड़ने आएंगे प्रसिद्ध गायक कुमार सानू, जो अपने नवीनतम गाने, इश्क है को प्रमोट करने के लिए शो की शोभा बढ़ायेंगे। सम्मानित निर्णायकों में से एक, जज गीता कपूर, इस शानदार परफॉर्मेंस से प्रफुल्लित होने से खुद को नहीं रोक सकीं। उन्होंने कहा, हंसवी और देपर्णा, देपर्णा व हंसवी ने जिस तरह से एक्ट किया, आपने इसमें अपने जीवंत रंग भी जोड़ दिये। इतना ही नहीं, देपर्णा गोस्वामी के अनुरोध पर कुमार सानू फिल्म परदेस का खूबसूरत गाना भी गायेंगे, जिससे यह शाम सभी के लिए यादगार बन जायेगी। इस मंत्रमुग्ध शो केवल सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर है।

## कछुओं की वजह से ही सीखा कराटे : सेथ रोगन



निर्माता सेथ रोगन बचपन से ही टीनएज म्यूटेंट निंजा टर्टल्स फ्रैंचाइज के बहुत बड़े प्रशंसक रहे हैं। उन्होंने बताया कि कैसे उन्हें इस फ्रैंचाइज में नवीनतम अध्याय बनाने का अवसर मिला। पैरामाउंट पिक्चर्स के बैनर तले बनायी गयी आगामी फिल्म 'टीनएज म्यूटेंट निंजा टर्टल्स : म्यूटेंट मेहेम' 25 अगस्त को अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में भारत भर में रिलीज हो गयी। फिल्म में जैकी चैन स्प्लिंटर की आवाज बन रहे हैं। फिल्म का निर्देशन जेफ रोवे ने किया है, जिसकी सम्मोहक कहानी सेथ रोगन ने लिखी है। यह फिल्म एक ऐसी कहानी बयां करती है, जो कछुआ भाई-बहनों द्वारा न्यू यॉर्क के लोगों का स्नेह पाने के प्रयासों के इर्द-गिर्द घूमती है। वे किसी कारणवश मानव क्षेत्र से लंबे समय तक दूर रहते हैं, जिसके बाद, उनकी आकांक्षा अपने बहादुरी वाले कार्यों के माध्यम से सामान्य किशोरों के रूप में पहचान हासिल करने की रहती है। अपने नये सहयोगी, अप्रैल ओ'नील की सहायता से, वे एक रहस्यमय आपराधिक सिंडिकेट का सामना करते हैं। हालाकि, उनकी परिस्थितियां उथल-पुथल राह से होकर जाती हैं, क्योंकि वे खुद को उत्परिवर्ती (म्यूटेंट) विरोधियों के निरंतर हमले से जुड़ी एक कठिन परिस्थिति में उलझा हुआ पाते हैं। यह चार भाई-बहन कछुओं की कहानी है, जिनके नाम लियोनार्डो, माइकलएंजेलो, राफेल और डोनाटेलो हैं। उनका जीवन एक रहस्यमय नियॉन 'ओज' के संपर्क के बाद विचित्र म्यूटेंट्स में तब्दील हो जाता है। फिल्म की सामूहिक रूप से वैश्विक बॉक्स ऑफिस राजस्व में 1.7 बिलियन डॉलर से अधिक राशि जमा हुई है। फिल्म की कहानी को आगे बढ़ाने के अलावा सेथ रोगन ने बीबॉप को अपनी आवाज भी दी है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# जॉब एलर्ट

## इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

अप्रेंटिस के पदों पर भर्ती निकाली हैं। कडउछ ने विभिन्न ट्रेंड्स और कैटेगिरी के लिए कुल 490 पदों पर भर्तियां निकाली हैं। अब ऐसे में, भी कैंडिडेट्स इन पदों पर आवेदन करने के इच्छुक और योग्य हैं वे इस भर्ती के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया 25 अगस्त, 2023 से शुरू हो गयी है। वहीं, कैंडिडेट्स को अप्लाई करने के लिए 10 अगस्त, 2023 तक का मौका दिया जाएगा। अभ्यर्थी इस बात का ध्यान रखें कि लास्ट डेट बीतने के बाद कोई मौका नहीं दिया जाएगा।

**ऑनलाइन आवेदन शुरू होने की तारीख- 25 अगस्त, 2023 ऑनलाइन आवेदन की आखिरी तारीख- 10 सितंबर, 2023**

इन पदों के लिए चयन ऑनलाइन परीक्षा में उम्मीदवार द्वारा प्राप्त अंकों और अन्य निर्धारित मानदंडों के आधार पर होगा। बता दें कि ऑनलाइन परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) पूछे जाएंगे, जिसमें चार विकल्पों में से एक ऑप्शन ठीका होगा। इस भर्ती से जुड़े सेलेक्शन प्रोसेस के बारे में डिटेल में जानने के लिए उम्मीदवारों को आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट करना होगा।

## केंद्रीय भण्डारण निगम

विज्ञापित पदों पर भर्ती के लिए आवेदन के इच्छुक उम्मीदवार कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट,पर करियर सेक्शन में एक्टिव किए जाने वाले लिंक के माध्यम से उम्मीदवार सम्बन्धित अप्लीकेशन पेज पर जाकर अप्लाई कर सकेंगे। आवेदन प्रक्रिया के अंतर्गत उम्मीदवारों को पहले पंजीकरण करना होगा और फिर पंजीकृत विवरणों से लॉग-इन करके उम्मीदवार अपना अप्लीकेशन सबमिट कर सकेंगे। **आवेदन प्रक्रिया 26 अगस्त से शुरू होनी है और उम्मीदवार 24 सितंबर 2023 की रात 11.59 बजे तक अपना अप्लीकेशन सबमिट कर सकेंगे।**

हालांकि, आवेदन से पहले उम्मीदवारों को आवेदन से पहले केंद्रीय भण्डारण निगम द्वारा जारी की जानी वाली भर्ती अधिसूचना में दिए गए योग्यता से सम्बन्धित मानदंडों को ध्यान से पढ़ लेना चाहिए।

केंद्रीय भण्डारण निगम में इन पदों की होनी है भर्तीअसिस्टेंट इंजीनियर (सिविल, इलेक्ट्रिकल) -



24 पद एकाउंटेंट - 24 पद सुप्रींटेंडेंट - 13 पद जूनियर टेक्निकल असिस्टेंट - 93 पद

## हिंदुस्तान पेट्रोलियम

विज्ञापित पदों पर भर्ती के लिए आवेदन के इच्छुक उम्मीदवार एचपीसीएल की आधिकारिक वेबसाइट, पर करियर सेक्शन में एक्टिव लिंक या नीचे दिए गए डायरेक्ट लिंक से भर्ती अधिसूचना डाउनलोड कर सकते हैं और सम्बन्धित ऑनलाइन अप्लीकेशन पेज पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया आज यानी शुक्रवार, **18 अगस्त को सुबह 9 बजे से शुरू हो चुकी है और उम्मीदवार निर्धारित आखिरी तारीख 18 सितंबर 2023 की रात 11.59 बजे तक अपना अप्लीकेशन सबमिट कर सकते हैं।**

आवेदन के दौरान अनारक्षित, अन्य पिछड़े वर्गों (नॉन-क्रीमी लेयर) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के उम्मीदवारों को 1180 रुपये के शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यमों से करना होगा। हालांकि, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और दिव्यांग उम्मीदवारों को शुल्क का भुगतान नहीं करना है। विभिन्न विभागों में इंजीनियर पदों के लिए उम्मीदवारों को सम्बन्धित ट्रेड में 4 वर्ष की पूर्णकालिक नियमित डिग्री उत्तीर्ण होना चाहिए। उम्मीदवारों की आयु 25 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। इंफॉर्मेशन सिस्टम्स (आइएस) ऑफिसर के पदों के लिए कंप्यूटर साइंस / आइटी इंजीनियरिंग में 4 वर्षीय बीटेक या एमसीए किया होना चाहिए और आयु 29 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आरक्षित वर्गों के उम्मीदवारों को अधिकतम आयु सीमा में केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार छूट दी जाएगी।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्य प्रदेश

मध्यप्रदेश में 12वीं पास युवाओं के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्य प्रदेश की तरफ से भर्ती का सुनहरा अवसर है। यहां ओटी तकनीशियन के 79 पदों को भरने के लिए उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। इच्छुक उम्मीदवार इन रिक्तियों के लिए आधिकारिक वेबसाइट - पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। **आवेदन की प्रक्रिया 18 अगस्त से ही चल रही है। आवेदन करने की आखिरी तारीख 12 सितंबर 2023 तक है।**

## भारतीय नौसेना में भर्ती

362 ट्रेड्समैन मेट पदों पर भर्ती के लिए एक अधिसूचना जारी की है। **ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया 26 अगस्त से शुरू होगी, जो 25 सितंबर 2023 तक चलेगी।** इच्छुक उम्मीदवार इन रिक्तियों के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

**अनारक्षित 151 पद, ओबीसी 97 पद**
**इडब्ल्यूएस 35 पद, एससी 26 पद**
**एसटी 26 पद**

# अंतरिक्ष के क्षेत्र में करियर की संभावना

मिशन 2022 को लेकर देश में उत्साह

दुनिया में अंतरिक्ष विकास को प्राथमिकता

फिजिक्स और मैथ्स से इंटर युवाओं के लिए अधिकतम अवसर

55 प्रतिशत अंक सहित 12 वीं उतीर्ण होना आवश्यक

इंस्ट्रूमेंटेशन एक्सपेरीमेंटल एस्ट्रोनॉमी सहित इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल या इलेक्ट्रिकल कम्युनिकेशन की डिग्री उपयोगी





**पंकज कुमार**

देश अतंरिक्ष के क्षेत्र में लगातार सफलता अर्जित कर रहा है। उन वैज्ञानिकों की भी पीठ थपथपाई जा रही है जिन्होंने इसे कामयाब बनाया। अगर इन वैज्ञानिकों की तरह भविष्य में आप भी ऐसी शाबाशी के हकदार बनना चाहते हैं तो इसके लिए एस्ट्रोनॉमी या खगोल विज्ञान की राह पकड़नी होगी। यह वह विषय है जो विभिन्न ग्रहों, तारों आदि के रहस्यों, सवालों एवं गुत्थियों को सुलझाता है। रिसर्च करने वालों को यह क्षेत्र अंतरिक्ष की भी सैर कराता है। दिलचस्प विषय होने के कारण ही आज देश दुनिया में इस पर जगह-जगह काम हो रहे हैं। इसमें रुचि रखने वाले युवाओं के लिए नए-नए अवसर भी निकलकर सामने आ रहे हैं

खगोलशास्त्र, विज्ञान की वह शाखा है जो धरती से परे अंतरिक्ष के ज्ञान से संबंधित है। यह ब्रह्मांड में स्थित खगोलीय पिण्डों की गति, प्रकृति और संघटन का विज्ञान है। साथ ही, इनके इतिहास और संभावित विकास के लिए प्रतिपादित नियमों का अध्ययन भी है। यह ज्योतिष विज्ञान जिसमें सूर्य, चंद्रमा और विभिन्न ग्रहों द्वारा व्यक्ति के चरित्र, व्यक्तित्व एवं उस पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन किया जाता है, से पूरी तरह अलग है। आधुनिक तकनीक एवं गैजेट्स के प्रयोग ने हालांकि खगोल विज्ञान को एक विशिष्ट विधा बना दिया है परन्तु वास्तव में यह बहुत ही पुरानी विधा है।

प्राचीन काल से ही मानव ग्रहों एवं अंतरिक्ष पिंडों का अध्ययन करता रहा है। खगोल विज्ञान में अंतरिक्ष पिंडों के बारे में जानकारी संग्रह करने के बाद उपलब्ध आंकड़ों से तुलना कर निष्कर्ष निकाले जाते हैं तथा पुराने सिद्धांतों को संशोधित कर नए नियम प्रतिपादित किए जाते हैं।

### एडमिशन कैसे :

खगोल विज्ञानी का कोर्स करने के लिए भौतिकी या गणित से स्नातक पास युवा एक्सपेरीमेंटल एस्ट्रोनॉमी कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। इंस्ट्रूमेंटेशन एक्सपेरीमेंटल एस्ट्रोनॉमी में प्रवेश के लिए बैचलर ऑफ इंजीनियर (इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल या इलेक्ट्रिकल कम्युनिकेशन) की डिग्री जरूरी है। यदि पीएचडी कोर्स में प्रवेश लेना चाहते हैं तो ज्वाइंट एंट्रेंस स्क्रीनिंग टेस्ट (जेईएसटी) से गुजरना होगा। इस परीक्षा में बैठने के लिए भौतिकी से मास्टर डिग्री तथा इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री होना जरूरी है। इसमें 55 फीसदी या इससे ऊपर अंक होना जरूरी है। खगोल विज्ञान के रंग खगोल विज्ञान में वैज्ञानिक तरीकों से तारों, ग्रहों, धूमकेतु आदि के बारे में अध्ययन किया जाता है। साथ ही, पृथ्वी के वायुमंडल के बाहर किस तरह की गतिविधियां हो रही हैं, यह भी पता लगाया जाता है। इसमें कई शाखाएं हैं :

**एस्ट्रो-केमेस्ट्री :** इस शाखा में केमिकल कम्पोजिशन के बारे में अध्ययन किया जाता है। साथ ही विशेषज्ञ अंतरिक्ष में पाये जाने वाले रासायनिक तत्व के बारे में गहन अध्ययन कर जानकारी एकत्र करते हैं।

**एस्ट्रो-मीटेरोलॉजी :** खगोल विज्ञान के इस हिस्से में खगोलीय चीजों की स्थिति और गति के बारे में जानकारी जुटाई जाती है। साथ ही, यह जानने का प्रयास किया जाता है कि खगोलीय चीजों का पृथ्वी के वायुमंडल पर किस तरह का प्रभाव पड़ता है। यदि आप वायुमंडल पर पड़ने वाले खगोलीय प्रभाव को ठीक से समझ गए और इस विधा का गहन अध्ययन कर लिया तो आपकी मांग काफी बढ़ जायेगी।

**एस्ट्रो-फिजिक्स :** इसके अंतर्गत खगोलीय चीजों के भौतिक गुणों का अध्ययन किया जाता है। खगोलीय भौतिक गुणों को समझना बहुत दुरूह कार्य है। इनको समझने में अध्ययनरत छात्रों को सालों लग जाते हैं।

**एस्ट्रो-जियोलॉजी :** इसके तहत ग्रहों की संरचना और कम्पोजीशन के बारे में अध्ययन किया जाता है। इस क्षेत्र के विशेषज्ञ बनने के लिए ग्रहों की गहराई से अध्ययन करने की जरूरत है। इसे समझने के लिए सोलर सिस्टम, प्लेनेट, स्टार, सेटेलाइट आदि के गहन अध्ययन की जरूरत है।

**एस्ट्रोबायोलॉजी :** क्या पृथ्वी के वायुमंडल के बाहर भी जीवन है? इस बात का अध्ययन एस्ट्रोबायोलॉजी के अंतर्गत किया जाता है। इस शाखा के जानकार ही पृथ्वी से बाहर जीवन होने के रहस्य पर से पर्दा हटा सकते हैं। इसके लिए कई वर्षो तक काम करना जरूरी है। अवसर कहां-कहां इससे जुड़े विषय में कोर्स पूरा करने के बाद अवसर की कमी नहीं है।

### सरकारी संस्थान

'इसरो' (इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गनाइजेशन), नेशनल सेंटर फॉर एस्ट्रो-फिजिक्स- पुणो, फिजिकल रिसर्च लैब-अहमदाबाद, विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर, स्पेस फिजिक्स लैब, स्पेस एप्लिकेशन सेंटर, इंडियन रिसर्च आर्गनाइजेशन- बेंगलुरू, एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया आदि में नौकरी तलाश सकते हैं।

यदि शोध के क्षेत्र में कुछ सालों का अनुभव हो तो अमेरिका की 'नासा' में भी नौकरी कर सकते हैं। विदेशों में कई दूसरे अंतरिक्ष सेंटर में भी काम के मौके तलाशे जा सकते हैं। इससे जुड़े संस्थानों में रिसर्चर और अध्ययन-अध्यापन से भी जुड़ने के अवसर मिलते हैं।

**वेतनमान :** वैज्ञानिक के रूप में आज शुरुआती वेतनमान 50-60 हजार रुपये हैं। वरिष्ठता के क्रम में यह दो लाख रुपये प्रतिमाह भी मिलता है। इसके अलावा बतौर वैज्ञानिक कई और सुविधाएं भी मिलती हैं। इससे संबंधित विषय में शोध कार्य के दौरान कनिष्ठ शोधकर्ता को करीब 25 हजार रुपये और वरिष्ठ शोधकर्ता को 30 से 50 हजार रुपये मिलते हैं। हॉस्टल में रहने, खाने, चिकित्सा तथा परिवहन की सुविधाएं संस्थान द्वारा दी जाती हैं। शोध के बाद अंतरिक्ष वैज्ञानिक, एस्ट्रोनॉमर और एस्ट्रोनॉट के पद पर उच्च वेतनमान के साथ अन्य सुविधाएं भी मिलती हैं।

### कहां-कहां हैं कोर्स

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरू
रेडियो एस्ट्रोनॉमी सेंटर, तमिलनाडु
इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रो-फिजिक्स, पुणे
रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट, सीवी रमन एवे न्यू, बेंगलुरू
फिजिकल रिसर्च लेबोरेट्री, अहमदाबाद
उस्मानिया विविद्यालय, हैदराबाद
मदुरै कामराज विविद्यालय, मदुरै, तमिलनाडु
पंजाबी विविद्यालय, पटियाला, पंजाब

**(लेखक न्यूटन टयूटोरियल्स लिमिटेड रांची के डायरेक्टर हैं।)**

## विवेक मन्त्र




ब्रह्म और विद्या इन दो शब्दों से ब्रंहविद्या शब्द का निमार्ण हुआ है। ब्रंम्ह शब्द से उस अनंत, सर्वव्यापक,अव्यापकृत और अखंड सत्ता को संबोधित किया जाता है जिसमें दृश्यमान जगत का उदभव,स्थिति और संहान सन्निहित है।

विद्या शब्द की दो विभक्तियां हैं परा और अपरा। विद्या की अपरा शाखा में चारो वेद, शिक्षा, कल्प, व्याकरण, न्याय,छंद और ज्योतिष का ज्ञान सम्मिलित है जब कि परा शाखा का संबंध अविनाशी और अव्यक्त ज्ञान से है।

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

## एडमिशन एलर्ट



**सवाल:** 10वीं में हूं। काफी ऊहापोह में हूं। साइंस लें या कॉमर्स मेरा मन साइंस में नहीं लगता।

**दीपक , लोहरदगा**

**जवाब:** 10वीं में साइंस भी आपके विषयों में शामिल होगा। इसलिए यह बात अभी निकाल दें कि साइंस में मन नहीं लगता। आपने अपने करियर के बारे में कुछ तो सोचा होगा। उसे घरवालों के सामने रखें। कारण बताएं कि आप यह विषय क्यों लेना चाहते हैं। घरवालों को ठीक से संतुष्ट करें। उन्हें बताएं कि कॉमर्स में कौन- कौन से करियर के विकल्प हैं। अब अभिभावक बच्चों की रुचि को समझने लगे हैं।

**सवाल:** इंजीनियरिंग में डिप्लोमा करना चाहता हूं। 12वीं पास हूं। मैथ्स, फिजिक्स और इंग्लिश मेरे प्रिय विषय हैं। सुंदर कुमार, पतरातू

जवाब: 12वीं की पढाई करते समय ही आपको डिप्लोमा करने को सोचना चाहिए था। अगर डिप्लोमा करना चाहते हैं तो आपको पॉलिटेक्निक की प्रवेश परीक्षा देनी होगी। हर राज्य में पॉलिटेक्निक कॉलेज हैं। इसके अलावा निजी संस्थान भी विभिन्न ब्रांच में इंजीनियरिंग में डिप्लोमा कराते हैं। प्रवेश परीक्षा देकर दाखिला हासिल कर सकते हैं। अगर अंग्रेजी, फिजिक्स और मैथ्स आपके प्रिय विषय हैं तो आप प्रयास कर सकते हैं।

## करियर जोन




**सवाल:** दसवीं 47.8 फीसदी अंकों के साथ किया है। 11वीं कॉमर्स से कर रहा हूं। सीए करना चाहता हूं। **अमित बोकारो**

**जवाब:** सीए करने के लिए रुकावट का कोई कारण नहीं बनता। बस, आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। सीए के लिए 12वीं पास होना चाहिए। लेकिन 10वीं में आपके अंक बता रहे हैं कि इसे संतोषजनक नहीं कहा जा सकता। आपको और मेहनत करनी चाहिए। अंक अच्छे आने का मतलब होता है कि आपने मेहनत ही नहीं की, बल्कि आपका कॉन्सेप्ट भी क्लीयर है। सीए में दाखिला पाने के लिए ही कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। फिर इसके फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल सीए परीक्षा में आपको कम से कम 50 प्रतिशत अंक तो लाने ही होंगे। इसका ध्यान आपको रखना होगा। बोकारो, धनबाद, जमशेदपुर, हजारीबाग और रांची में चैप्टर के कोर्स कराए जाते हैं। इसके योग्य शिक्षकों का अभाव नहीं है। यह शत प्रतिशत जॉब ऑरिएटेंट कोर्स है।

सरकारी और निजी दोनों क्षेत्र में इसके लिए अवसर है। आप कंप्यूटर और कॉम्यूनिकेशन स्कील डवलप कर लें इसकी आवश्यकता सभी करियर में होती है।

# मोटिवेशन: आप कैसे बैठते हैं?

समाज में संपन्नता बढ़ने के साथ लोगों के जीवन स्तर में लगातार सुधार हो रहा है। आज कार विशेषकर शहरों में खरीदने की होड़ है और एक बड़ा वर्ग निजी कार रख रहा है। लोगों का जीवन स्तर उठना एक अच्छी बात है। लेकिन कार या कोई भी अन्य चार पहिया वाहन के मालिक होने के साथ हमें किस प्रकार से बैठा जाए इस बात की भी पूरी जानकारी होनी चाहिए। सामान्य तौर पर कुछ लोग ड्राइवर रखते हैं और कुछ लोग स्वयं गाड़ी ड्राइव करते हैं। इसलिए दोनो स्थिति में क्या किया जाए यह बात पूरी तौर पर समझ लेने कीआवश्यकता है क्योंकि लोगों में तौर तरीके समझने का अभाव होता है।



एडी बाधवा

जैसा की नियम है कि अगर आप किसी मित्र या परिचित या किसी भी व्यक्ति से लिफ्ट मांग रहे हैं और वह व्यक्ति खुद ही गाड़ी ड्राइव कर रहा है और उसके बगल की सीट खाली हो साथ ही पीछे की सीट भी खाली हो तो भूलकर भी पीछे की सीट पर नहीं बैठना चाहिए। अगर आप पीछे बैठ जाते हैं तो लिफ्ट देने वाला व्यक्ति अपमानित महसूस करता है। अगर आगे वाले सीट पर कोई बैठा हो तो तब पीछे बैठना चाहिए। अगर महिला हैं और आपको आगे बैठने में संकोच होता हो तो आप लिफ्ट लेने से बचें। साथ ही अगर आप अपने बच्चों और पत्नी के साथ जा रहे हों तो बच्चों को सदैव पीछे की सीट पर ही बैठाना चाहिए। पति कभी भी पत्नी का ड्राइवर नहीं होता इसलिए ऐसे एहसास से बचना चाहिए। कौन कहां और कैसे बैठा है इस बिंदु पर ध्यान देने से हम अन्य लोगों के लिए भी आर्दश बन सकते हैं। साथ ही अगर किसी मित्र के कार में बैठ रहे हों और आपका मित्र वाहन चला रहा हो तो उसके बगल वाले सीट पर बैठना सबसे बेहतर होता है अगर वह खाली हो। पीछे नहीं बैठना चाहिए यह एक प्रकार का अपमान होता है।

ड्राइवर गाड़ी चला रहा हो तो आपको सदैव पीछे की सीट पर ही बैठना चाहिए।

साथ ही अगर आपके साथ ड्राइवर हो और गाड़ी आप खुद चलाना चाह रहे हो तो ड्राइवर को अपने बगल में बैठना चाहिए न कि उसे पीछे की सीट पर बैठा देना चाहिए। याद रहे कार को घर न समझे सावधानी से बैठे, अपना ख्याल रखें। किसी भी सभ्य समाज में वाहन में बैठना एक व्यवहारिक स्थिति है। इस पर सदैव ध्यान देना चाहिए।

**(लेखक सीएमए सह मोटिवेटर है।)**

# पर्यावरण विज्ञान में करियर

**डॉ रेणु सिन्हा**

मनुष्य का अस्तित्व पर्यावरण से जुड़ा है। दुनिया की सबसे बड़ी समस्याओं में एक है अस्तित्व की समस्या जो जल, स्थल और वायु सहित पूरे यूनिवर्स को अपने में समाहित किया हुआ है। पर्यावरण विज्ञान को विषय के रुप में देश के लगभग सभी यूनिवर्सिटी में पढ़ाया भी जाने लगा है। शिक्षण संस्थाओं से लेकर रिसर्च इंस्टीट्यूट तक में लोगों की आवश्यकता है।

12वीं विज्ञान उतीर्ण करने के बाद पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में करियर संभावनाओं की तलाश की जा सकती है। ग्रेजुएट इन इनवायरमेंटल साइंस और पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री इस क्षेत्र में जॉब की संभावना पैदा करती है।

पर्यावरण के क्षेत्र मेंजानकारी हो तो फोटोग्राफी, शोध,शिक्षण,बचाव और विकास के क्षेत्र में कार्य किया जा सकता है।

देश के विभिन्न नियमित और दूरस्थ यूनिवर्सिटी में पर्यावरण संरक्षण और विकास से संबंधित कोर्स संचालित किये जाते हैं।



कई वेबसाइट पर्यावरण से संबंधित जॉब की जानकारी देते हैं। इन वेबसाइट पर साइबर सिरिया डॉट कॉम, ईकोइंप्लाई डॉट कॉम,सिक डॉट कॉम, इन्वॉयरमेंटयेलो पेज पर पूरी जानकारी उपलब्ध हैं।

**ओसमानिया यूनिवर्सिटी हैदराबाद**
**दिल्ली यूनिवर्सिटी दिल्ली**
**जवाहरलाल नेहरू दिल्ली**
**वीर कुंवर सिंह यूनिवर्सिटी आरा बिहार**
**पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़**
**रांची यूनिवर्सिटी रांची**
**मगध यूनिवर्सिटी बोध गया**
**दूरस्थ माध्यम से निम्न यूनिवर्सिटी**
**कोटा ऑपेन यूनिवर्सिटी कोटा राजस्थान**
**नालंदा ऑपेन यूनिवर्सिटी नालंदा बिहार**
**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय नयी दिल्ली**

# चन्द्रयान से जुड़ें कुछ सवाल-जबाव

चंद्रमा की सतह पर चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग के बाद अब कुछ सवाल खड़े होते हैं।

पहला सवाल है कि लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान अब अगले कुछ दिनों तक क्या काम करेंगे? वे कब तक चंद्रमा पर रहेंगे और कितने समय तक सक्रिय रहेंगे? चंद्रयान-3 का चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरना महत्वपूर्ण क्यों है? अभी तक किसी देश ने वहाँ अपना यान क्यों नहीं उतारा? भारत ने अपना यान उतारने का फैसला क्यों किया?

दूसरा महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि आने वाले कुछ समय में भारत की अंतरिक्ष अनुसंधान से जुड़ी परियोजनाएं क्या हैं?

तीसरा सवाल है कि इस अभियान से वैज्ञानिक, तकनीकी, आर्थिक और राजनयिक क्षेत्र में भारत के रुतबे और रसूख पर क्या फर्क पड़ने वाला है?

ये तीन अलग विषय हैं, पर चंद्रयान-3 के कारण एक-दूसरे से जुड़े हैं। सबसे पहले चंद्रयान-3 की संरचना पर ध्यान दें। चंद्रयान का जब प्रक्षेपण किया गया था, तब रॉकेट पर चंद्रयान-3 दो भागों में उससे जुड़ा हुआ था। एक था प्रोपल्शन मॉड्यूल और दूसरा, दूसरा लैंडर विक्रम। लैंडर विक्रम के भीतर रखा गया था रोवर प्रज्ञान, जो सॉफ्ट लैंडिंग के बाद बाहर निकल कर अब चंद्रमा की सतह पर भ्रमण कर रहा है।

प्रणोदन (प्रोपल्शन) मॉड्यूल 100 किमी चंद्र कक्षा तक लैंडर और रोवर विन्यास को लेकर गया और वहाँ से वह अलग हो गया। पर उसका काम इतना ही नहीं था। चंद्र कक्षा से पृथ्वी के वर्णक्रमीय और ध्रुवीय मीट्रिक मापों का अध्ययन करने के लिए उसमें स्पेक्ट्रो-पोलरिमेट्री ऑफ हैबिटेबल प्लेनेट अर्थ (एसएचएपीई) नीतभार (पेलोड) है। इससे वह चंद्रमा की कक्षा में परावर्तित प्रकाश के जरिए पृथ्वी का अध्ययन करेगा।

तीन लक्ष्यः चंद्रयान-3 के तीन बड़े लक्ष्य हैं। इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए चंद्रयान के पास 14 दिन का समय है। पहला, चंद्र सतह पर सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग की क्षमता प्रदर्शित करना। दूसरा, रोवर प्रज्ञान का चंद्रमा की सतह पर भ्रमण और तीसरा वैज्ञानिक प्रयोगों को पूरा करना। इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए लैंडर व रोवर में सात पेलोड लगे हैं। विक्रम और प्रज्ञान दोनों ही सौर ऊर्जा से संचालित हैं। जिस इलाके में ये उतरे हैं, वहाँ सूरज की रोशनी तिरछी पड़ती है। सूर्य से प्राप्त ऊर्जा का इस्तेमाल करने के लिए इनमें लंबवत यानी खड़े सोलर पैनल लगे हैं। चंद्रयान-3 के चारों ओर लिपटा सुनहरा आवरण तापमान से बचाव के लिए ही लगा है। इसे मल्टीलेयर इंसुलेशन कहा जाता है। इसमें बाहर की तरफ सुनहरी और अंदर की तरफ सफेद या सिल्वर रंग की पॉलिएस्टर फिल्में हैं।

इन फिल्मों पर एल्यूमिनियम की बहुत पतली परत की लेप भी लगाई जाती। इसे पूरे अंतरिक्ष यान में नहीं लगाया जाता है, बल्कि केवल कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्रों में लगाया जाता है। ऐसे क्षेत्र जो विकिरण से क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। इनका मुख्य काम सूर्य की रोशनी को परावर्तित करना है। पृथ्वी से अंतरिक्ष तक अंतरिक्ष यान की यात्रा के दौरान, तापमान बहुत तेजी से बदलता है। तापमान में परिवर्तन से अंतरिक्ष यान के नाजुक उपकरणों पर असर पड़ता है।

लैंडर के पेलोडलैंडर विक्रम पर लगाए गए चार पेलोड खासतौर पर चांद के भू-भौतिकीय व भूगर्भीय संरचना को समझने के लिए आँकड़े जुटाएंगे, जो एक तरह से चांद के अतीत का अध्ययन है। इसमें नासा से प्राप्त एक निष्क्रिय लेजर रेट्रोरिफ्लेक्टर ?रे को चंद्र लेजर रेंजिंग अध्ययनों के लिए लगाया गया है। रेडियो एनाटॉमी ऑफ मून बाउंड हाइपरसेंसटिव आयनोस्फीयर एंड एटमॉस्फि यर (रंभा) नाम का पेलोड चांद की सतह के निकट प्लाज्मा (आयन और इलेक्ट्रॉन) के घनत्व और इसमें समय के साथ हुए बदलाव को मापेगा।इससे यह पता चलेगा कि चाँद की सतह पर जमी धूल जले हुए बारूद जैसी क्यों हो गई है। चंद्र सरफेस थर्मो फिजीकल एक्सपेरिमेंट (चेस्ट) पेलोड सतह के तापीय गुणों का अध्ययन करेगा। इंस्ट्रूमेंट फॉर लूनर सीस्मिक एक्टिविटी (आईएलएसए) भूकंपीय गतिविधियां मापते हुए चंद्रमा के क्रस्ट और मेंटल की संरचना के आँकड़े जुटाएगा।

स्पीड न्यूज

## जन समस्याओं से रूबरू हुए उपायुक्त

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमे दूरदराज से आये दर्जनों ग्रामीणों ने बारी बारी से अपनी समस्याओं को रखा और आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की। जिस पर उपायुक्त ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन देते हुए उनके आवेदनों को सम्बंधित विभाग के पदाधिकारियों को प्रेषित करते हुए मामले की जांच करने और जल्द से जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## चंद्रयान तीन से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में शुक्रवार को चंद्रयान 3 से संबंधित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्कूल परिसर में बच्चों ने चंद्रयान 3 की मानव श्रृंखला बनाई, जो आकर्षण का विशेष केंद्र था। इसके बाद वर्ग 6 से 8 तक के बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता हुई। इसमें बच्चों से चंद्रयान-1, 2 और 3 से संबंधित कई सवाल पूछे गए, जिसका जवाब बच्चों ने बारीकी से दिया। जबकि वर्ग नवम से 12वीं के बच्चों के बीच चंद्रयान को लेकर पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। इसमें बच्चों ने चंद्रयान के लांचिंग से लेकर लैंडिंग तक की तस्वीर कैनवास पर उकेरी। इसके अलावा सभी क्लास में शिक्षकों ने बच्चों को चंद्रयान से जुड़ी जानकारियां उपलब्ध कराई। मौके पर प्रमोद कुमार शर्मा, सीमा जैन, अलका सिंह, कुंतल जेठवा, प्रियंका सिंह, विनोद कुमार सिंह, प्रवीण कुमार, राकेश पांडेय, किशोर कुणाल, जयप्रकाश सिंह, शशि राज, सपना शर्मा, मनोज पांडेय समेत अन्य शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं बच्चे मौजूद थे।

## छात्राओं ने रंग बिरंगे मनमोहक राखियां बनाई

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** बिशुनपूर रोड स्थित होली चाइल्ड स्कूल में शुक्रवार को सीसीए के तहत रक्षाबंधन को लेकर छात्राओं ने रंग बिरंगे मनमोहक राखियां बनाई। इस अवसर पर कक्षा एलकेजी से नवम तक के बच्चों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी खुशी तथा कला का प्रदर्शन किया। वहीं निदेशक नवनीत ओझा ने राखियों एवं कार्ड्स का अवलोकन किया एवं बच्चों की प्रतिभा को सराहना करते हुए कहा कि होली चाइल्ड स्कूल पढ़ाई के अतिरिक्तबच्चों के सर्वांगीन विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं और इसके लिए स्कूल की प्रिंसिपल प्रियंका ओझा व सभी शिक्षक बधाई के पात्र हैं। वहीं प्रिंसिपल प्रियंका ओझा व निदेशक नवनीत ओझा ने बच्चों को रक्षा बंधन की बधाई देते हुए भाई बहन की पवित्र रिश्तों को निभाने के साथ रक्षाबंधन पर्व के महव के बारें में बताया।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में जश्न का माहौल

**कोडरमा।** चंद्रयान-3 के दक्षिण ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग की सफलता पर मॉडर्न पब्लिक स्कूल में जश्न का माहौल दिखा। गुरुवार को विद्यालय असेंबली में विद्यालय निदेशिका संगीता शर्मा ने सभी छात्रों को भारतीय वैज्ञानिक की इस अद्भुत सफलता के लिए ढेरों बधाइयां देते हुए चंद्रयान-3 की जानकारियां दी। भारतीय वैज्ञानिकों की सफलता की खुशी में विद्यालय के छात्रों ने हाथ में तिरंगा झंडा लिए भारत माता की जय और वंदे मातरम् जैसे जोशीले नारे लगा रहे थे। जोशीले नारों से पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति की गूंज में गूंज उठा।

## कार्यक्रम के तहत जयनगर व मरकच्चो का चयन

**जयनगर (कोडरमा)।** भारत सरकार द्वारा आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत जिले के दो प्रखंड जयनगर व मरकच्चो का चयन किया गया है। जिसको लेकर जयनगर प्रखंड मुख्यालय सभागार में प्रमुख अंजू देवी की अध्यक्षता में आकांक्षी कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बैठक हुई। बैठक के दौरान जयनगर प्रखंड में सामाजिक विकास, बुनियादी ढांचा, कृषि व संबंधी योजना, शिक्षा और स्वास्थ्य व पोषण में हो रहे सभी कार्यों को और बेहतर तरीके से करते हुए आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। मौके पर राज नारायण सिंह, वीरेंद्र कुमार, राधा सिंह, प्रवीन कुमार वर्मा, त्रिभुवन पांडे, मनोज दास, सकलदेव यादव आदि मौजूद थे।

## कितने आशिकों, शायरों के हसीन सपनों को चूर करने वाले वैज्ञानिकों ने तो सारे सपने ही तोड़ डाले



(हास्य व्यंग्य- चांद मेरा दिल में था अब क्या होगा)
डा0 दिलीप कुमार झा (पत्रकार झारखंड)

23अगस्त 2023 की शाम 6बज कर 4 मिनट पर चंद्र यान –3 के कदम चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर क्या पड़े कि सारी दुनिया इसरो के वैज्ञानिकों के इस सफलता पर उनकी सराहना कर उन्हें शुभकामनाएं देने लगे बधाइयों का दौर प्रारंभ हो गया। युवा अतिउत्साहित होकर बम पटाखे फोड़ने लगे ,हवन और दुआओं का दौर और शोर करने वाले भी मिठाइयां खाते रहे और खिलते रहे फिर थक हार कर अपने अपने घर जाकर अपने अपने सुविधा के और सदियों से रची और बसी कल्पनाओं, भावनाओं, आस्थाओं और ख्यालों का जब हकीकत से रूबरू होने लगे तो कुछ दिल के मरीज, प्रेम में बीमार और इश्क में गिरफ्तार हुस्न की तीरों केशिकार, घायलआशिक, शिकार और शिकारी पागल,दीवाना,कवियों और गझलकारों कल्पनाओं से बसंत बहार खिलाने वाले रचना कारों दिल जलों, लैला और मजनुओं रोमियो और जूलियट ,हीर और रांझा ,सहिनी और माहिवालों के पद चिन्ह पर चलने वालों आदर्श मानने वालों लव गुरुओं के होश फाख्ता हो गए क्या अब ये चांद, चांद नही रह गया हमारी आस्था के प्रतीक चांद का अब क्या होगा ? भोले बाबा के मस्तक पर सुषोभित चांद सोमराज को सोमराज (वैज्ञानिक) ने ही राजनीतिज्ञों के कहने पर ही उसकी असलियत सबके सामने ला दी ,जिसे हम प्यार करने वालों ने चांद सा मुखड़ा , चांद का चेहरा ,मेरा चांद मुझे आया है नजर के गीत गाने लिखने और गाने वाले चांद सी महबूबा ,चांदी जैसा चांद से ही चांदी ,चंदा मामा ,चांद धरती पर उतर कर चांदनी रातों में चांद अपनी शीतलता लिए सबको भाव विभोर करने वाला चांद की असलियत अब सामने आ ही गई है।

हम इंसानों की फितरत ही है कि अपने ख्वाबों ख्यालों और कल्पनाओं की चादर बिछोने और तकिया की तरह इस्तेमाल अपनी जिंदगी में भी सुखद अनुभूति के साथ जीने की चाहत नही छोड़ सकते और अगर कोई इस काल्पनिक मिथक को भी तोड़ने का प्रयास कर हमे जगाना चाहता है तो उसे दुनियां से मिटा देते हैं लेकिन हम सोए ही रहना चाहते हैं ।जिसने कोशिश की जगाने की ब्रूनो,गैलीलियो जिसने टेलिस्कोप का अविष्कार किया उसने आज से हजारों साल पहले इंसान को चैतन्य अवस्था में लाने का प्रयास किया तो उसे जेल में डाल दिया। फासिया महिला वैज्ञानिक ने जब चांद के झूठ और भ्रम को तोड़ना चाहा तो उसे भी मार दिया गया। इस तरह धर्म और आस्था के साथ चांद की खूबसूरती के किस्से और महबूब और महबूबा एक दूसरे के लिए चांद सा रोशन चेहरा जुल्फों का रंग सुनहरा जैसे सैकड़ों गाने युगों युगों से इसी चांद को लेकर गए। अब तो ये चांद भी प्रेमी जोड़े के दिल और दिमाग से निकल जायेंगे और चांद बस अब मुस्कुराता हुआ उन्हें चिढ़ाता रहेगा कि न तो मै तुम्हारा मामा हूं ना तो तुम्हारे महबूब की महबूबा और न तुम्हारे लिए धर्म और मजहब की आस्था का केंद्र। आगे से मेरा नाम किसी के साथ मत जोड़ना।

# बिहार में जातिगत जनगणना का काम पूरा

## अब तैयार किया जा रहा है डाटा, सीएम नीतीश ने बताई अंदर की बात

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** इस वक्त बिहार की राजधानी पटना से बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जातीय गणना को लेकर बड़ा बयान दिया है। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि जाति आधारित गणना का काम पूरा हो चुका है। जातीय गणना के बाद राज्य सरकार की स्थिति के अनुसार सहयोग भी किया जायेगा।

नीतीश कुमार ने कहा कि इन लोगों को जितना करना था इन्होंने कर लिया। सभी पार्टियों के बैठक में तय हुआ था। यह कार्यक्रम निजी नहीं है। आर्थिक स्थिति किसी जाति धर्म का हो इसका जायजा भी जरूरी



था। सर्वे का काम पूरा हो चुका है। सर्वे का फिगर तैयार किया जा रहा है और उसे जारी किया जाएगा। सिर्फ संख्या की घोषणा नहीं होगी, उसमे सारी जानकारी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने भी रोका नहीं है। सॉलिसिटर जनरल के द्वारा सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखे जाने का कोई मतलब नहीं है। वहीं आइएनडीआइए की बैठक को लेकर नीतीश कुमार ने कहा कि हमलोग 31 तारीख को मुंबई की बैठक में जाएंगे। बैठक की बात बाहर कुछ कहना ठीक नहीं हैं। पटना में भी बैठक हुई। हम चाहते हैं कि सब एक जुट हों। वहीं केंद्रीय एजेंसी के द्वारा लालू यादव पर हो रही करवाई पर नीतीश कुमार ने बयान देते हुए कहा कि सीबीआई जानबूझ का बेचारे लालू यादव को तंग कर रही है। केंद्र के द्वारा सब को परेशान किया जा रहा है। शिक्षक बहाली पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि शिक्षक बहाली बहुत अच्छा हो रहा है। सब के हित में काम हो रहा है। राज्यपाल से भी हमारी बात हुई है, कहीं कोई विवाद नहीं है। जो भी सीट खाली हुई है उस पर बहाली होगी।

# बिहार के पहले एक्सप्रेस-वे का सर्वे जल्द

## 4 घंटे में बक्सर से भागलपुर, लेटेस्ट अपडेट आया सामने

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार को अपने पहले एक्सप्रेस-वे का तोहफा जल्द मिल सकता है। बक्सर से भागलपुर तक एक्सप्रेस-वे बनेगा या नहीं, इसके लिए भारतीय राजमार्ग प्राधिकरण जल्द सर्वे और टेस्ट का काम शुरू करने वाली है। मालूम हो कि बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के बीच दिल्ली में एक अहम बैठक हुई थी। इस हाईलेवल मीटिंग में बिहार के पहले एक्सप्रेस-वे को लेकर केंद्र और राज्य सरकार के बीच सहमति बनी है। फिलहाल भागलपुर से बक्सर के



बीच के करीब 380 किलोमीटर के सफर के लिए तकरीबन 9 घंटे का वक्त लगता है।

अब एक्सप्रेस-वे के बन जाने से बक्सर से भागलपुर तक पहुंचने के लिए सिर्फ 4 घंटे का वक्त लगेगा। अमूमन एक्सप्रेस-वे पर 100 से 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गाड़ियां ट्रैवल कर सकती हैं। अब बक्सर भागलपुर एक्सप्रेस-वे बन जाने के बाद दिल्ली से बिहार के कई शहर कनेक्ट होंगे। इतना ही नहीं दूसरे राज्यों से गाजीपुर या लखनऊ के रास्ते बिहार जाने वाले लोगों को गाजीपुर क्रॉस करने के बाद बिहार के बड़े एरिया के लोकल ट्रैफिक को झेलने से बच जाएंगे। अगर मंत्रालय की मंजूरी मिल जाती है तो पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेस-वे से कनेक्ट किया जाएगा। बता दें कि 343 किलोमीटर लंबी पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे लखनऊ के चांदसराय से गाजीपुर के हैदरिया तक कनेक्ट होती है। सूत्रों के मुताबिक बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेस-वे एक ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट होगा।

## ड्यूटी पर शहीद होने वाले बिहार पुलिसकर्मियों के परिजन को अब मिलेगा 25 लाख

**पटना।** परिवार के सदस्य का अचानक इस दुनिया से चले जाना दुखों का पहाड़ टूटने के बराबर होता है। इस दुख और परेशानी को समझते हुए बिहार पुलिस ने बड़ा फैसला लिया है। राज्य के पुलिसकर्मियों की ड्यूटी के दौरान मौत होने पर उनके परिजनों को तत्काल 25 लाख रुपए का आर्थिक अनुदान दिया जाएगा। इसके दायरे में बिहार पुलिस के सिपाही से लेकर भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) स्तर के अधिकारी भी आएंगे। राशि चेक के माध्यम से या संबंधित व्यक्ति के बैंक खाता में सीधे भुगतान किया जाएगा। इस बारे में विशेष जानकारी देते हुए सहायक पुलिस महानिरीक्षक (कल्याण) विशाल शर्मा ने बताया कि बिहार के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर एस भट्टी की अध्यक्षता में हुए बिहार पुलिस केंद्रीय प्रशासी समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। कर्तव्य पालन के दौरान यदि कोई पुलिसकर्मी शहीद होता है, तो उसे 25 लाख रुपए का अनुदान दिया जाएगा। इसके साथ ही बिहार पुलिस कल्याण कोष के माध्यम से पुलिसकर्मी और उनके परिजनों की पढ़ाई के साथ ही चिकित्सा के लिए पहले की अपेक्षा दोगुना राशि दी जाएगी। शहीद होने पर पहले एक लाख रुपए का भुगतान होता था।

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वाधान में

# झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाईटी द्वारा कैम्प का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज सुंदरपहाड़ी, प्रखंड परिसर में, प्रखंड प्रमुख श्रीमती प्रमिला, प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय प्रकाश मरांडी ,संजय आनन्द, श्रम अधीक्षक-सह- जिला कौशल पदाधिकारी, गोड्डा द्वारा मुख्यमंत्री सारथी योजना एवं सुंदरपहाड़ी प्रखंड में संचालित बिरसा कौशल केंद्र में विभिन्न ट्रेडों दिए जा रहे कौशल प्रशिक्षण के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत निजी क्षेत्र में रोजगार मुहैया करना एवं स्वरोजगार हेतु सहयोग प्रदान करने के बारे में बताया गया साथ ही, बताया गया कि यदि कौशल विकास प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत किसी कारणवश युवक एवं युवतियाँ रोजगार से नहीं जुड़ पाते है तो प्रशिक्षण पूर्ण होने के 03 माह पश्चात युवकों को 1000 रुपया प्रति माह एवं युवतियों एवं अन्य को 1500 रुपया प्रति माह वित्तीय सहायता झारखण्ड सरकार द्वारा अधिकतम एक वर्ष के लिए दी जाएगी। वहीं गैर-आवासीय बिरसा प्रशिक्षण केंद्र में युवक -युवतियों को आने-जाने के लिए 1000



रुपया प्रति माह यात्रा भत्ता का भी प्रावधान है।

कौशल विकास विभाग, गोड्डा से रेल श्रवण कुमार, महात्मा गाँधी राष्ट्रीय फेलो द्वारा राष्ट्र निर्माण में कौशल विकास के महत्व एवं प्रशिक्षण केंद्र दी जा रही सुविधाओं के बतायो प्रशिक्षण प्रदाता प्रतिनिधि द्वारा संचालित कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों में दिए जा रहे विभिन्न ट्रेडों में शैक्षणिक योग्यता के अनुसार निः शुल्क कौशल प्रशिक्षण जैसे - डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर, टेलरिंग, हेल्थकेयर में जेनेरल ड्यूटी असिस्टेंस, असिस्टेंस एलेक्ट्रिसियन इत्यादि के बारे में बताया। मौके पर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकास प्रशिक्षण का प्रचार-प्रसार हेतु 02 दिनों के लिए जागरूकता रथ का हरी झड़ी दिखा कर रवाना किया गया। प्रखंड प्रमुख एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया गया कि लोगों को मुख्यमंत्री सारथी योजना के बारे बता कर कौशल विकास से जोड़ने का कार्य करें ताकि अधिक से अधिक युवा लाभान्वित हो सके।

उक्त कार्यक्रम में प्रतिनिधिगण विभिन्न प्रशिक्षण प्रदात्ता झ एरोसोफ्ट से यसवंत कुमार वर्मा, एक्स्सेल डाटा सर्विस से अंकित कुमार, रोहीत कुमार कुशवाहा, सुंदरपहाड़ी बिरसा प्रशिक्षण केंद्र से लाल मोहन श्रमिक मित्र सहित अन्य प्रतिनिधिगण, प्रखंड कर्मीगण उपस्थित हुए।

## गुवा गोलीकाण्ड पर नागपुरी विडियो एलबम हुआ लांच

**चक्रधरपुर।** झारखण्ड के गायक पवन राय द्वारा 8 सितम्बर 1980 को घटित झारखंड राज्य के पश्चिमी सिंहभूम जिला के गुवा में घटित गोलीकाण्ड के घटना के उपर एक गीत बनाया गया। उक्त गीत में पवन राय द्वारा अभिनय के जरिये घटना की बात बताई गई है। गीत में गुवा में हुई घटना पुलिस बर्बरता में मारे गए शहीद के बारे, जल जंगल जमीन बचाये खातिर एवं बहादुर उरावं के घर कुर्की जब्ती ये सभी गीत के माध्यम से दशार्या गया है। पवन राय इससे पूर्व अनेको नागपुरी सांग के माध्यम झारखण्ड राज्य के वीर महापुरुष के झारखण्ड राज्य के माटी के उपर अनेक गीत बनाये है। गुवा गोलीकान्ड प्रतिवाद सभा के नेता पूर्व विधायक बहादुर उरांव ने पवन राय एवं उनके टीम को ये सांग बनाये जाने के लिए बधाई दी है और आगे भी कहा कि झारखण्ड आन्दोलन के जुड़ा और सांग बनाने की अपील की। ये सांग पवन राय स्डुडियों, अनीशा म्युजिक रांची में रिकार्ड और शूट हुआ है। गाना यूट्यूब पर 25 अगस्त को लॉन्च किया गया। गाना के गीतकार राज रॉय, म्युजिक कम्पोज वेलसेन टोप्पो, कैमरा अधीर राज, विडियो इडिट बालाकरण उरांव, ऑडियो मिक्सिंग नीलेश सोनी, डायरेक्टर एवं प्रोड्यूसर सरोज महतो ने की है।

# कांवर पदयात्रा 28 को, अंतिम सोमवारी को उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

## 27 को गुरुनानक भवन में बाहर से आनेवाले श्रद्धालुओं को ठहराने का हुआ निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर की धार्मिक संगठन श्रीराम संकीर्तन मंडल के तत्वाधान में आयोजित होने वाली 24वां कांवर पद यात्रा को लेकर माहुरी भवन में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न सामाजिक, स्वयंसेवी, धार्मिक एवं तिलैया से कोडरमा के बीच सेवा देने वाली संस्थाएं के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में मंडल के अध्यक्ष मुन्ना भदानी ने कहा कि मंडल के द्वारा इस कांवर पद यात्रा की शुरुआत 400 श्रद्धालु भक्तों के साथ झरनाकुंड से ध्वजाधारी धाम तक लगभग 15 किलोमीटर पैदल चलकर 777 सीढ़ी चढ़कर जलाभिषेक करेंगे। वहीं सचिव अरविंद चौधरी ने कहा कि कांवर



पदयात्रा मिल का पत्थर साबित हो रहा है। इस कार्यक्रम में श्रीराम मंडल के अलावा झरनाकुंड विकास समिति, ध्वजाधारिधाम समिति, नंदी बाबा सेवा ट्रस्ट के अमूल्य सेवा कार्यक्रम में चार चांद लगा रही है। वहीं जिला एवं पुलिस प्रशासन, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठन, धार्मिक संगठन के अलावा शुभचिंतकों के जरिये जो सेवा भावना मिल रही है वो अद्वितीय है। वहीं कोडरमा जिला प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रो. बीएनपी बर्णवाल ने कहा कि कांवर पदयात्रा आज जिले के लिए मिशाल बन चुकी है और इसमें संगठनों की जो सहभागिता है, उसे भुलाया नही जा सकता। उन्होंने यह भी घोषणा की कांवर पदयात्रा को लेकर निजी विद्यालय बंद रहेंगे। वहीं कोडरमा जिले के डीजे एवं टेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष बैजनाथ यादव ने कहा कि झारनाकुण्ड के रास्ते में कांवरियों की सुविधा के लिए लाइटिंग की व्यवस्था में एसोसिएशन सहयोग करेगा एवं श्रीराम मंडल के द्वारा कार्यक्रम में जरूरत के अनुसार निःशुल्क सहयोग करने की बात कही। वहीं गुरुद्वारा गुरुसिंह सभा के प्रधान हरजीत सिंह सलूजा, सचिव गुरभेज सिंह एवं पूर्व सचिव यशपाल सिंह गोल्डल ने कहा कि कार्यक्रम में कांवरियों के ठहरने के लिए गुरुनानक भवन 27 अगस्त की शाम से निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा और अन्य सुविधाएं भी मुहैया कराने की बात कही। बैठक में प्रो.सुरेंद्र साहू, प्रो. कैलाश राणा, शीतल लाल, संजय अग्रवाल, महेश यादव, प्रवीण यादव, उदय सिंह, अरुण ओझा, अरुण सेठ, आलोक कुमार सिन्हा, राजेश कपसीमे, प्रेम नारायण मेहता, दिलीप अठघरा, पंकज दुबे, नवीन सिन्हा, मनोज साव, बबलू सिंह आदि ने भी संबोधन किया। मौके पर आशुतोष भदानी, सुभाष गुप्ता, किशुन लाल साव, ज्योति पहाड़ी, सुनील कुमार, महेश दास, प्रभु मिस्त्री, बिरजू विश्वकर्मा, शंकर प्रसाद गुप्ता, बसंत गुप्ता, संजय शर्मा, अरविंद कुमार एकघरा, विशाल भदानी, बिनोद चौरसिया, राहुल कपसीमे, राहुल सिंह, विक्की केशरी, लखन सिंह, पीयूष सिंह, राकेश कपसीमे, सुजय सिंह, संतोष कपसीमे, महावीर खेतान, शाहिल भदानी, ओम प्रकाश निरंजन, विक्रम साव, दिलीप कुमार, नीरज कुमार आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन चंद्रयान 3 के सफलता और वैज्ञानिकों के प्रति कृत्यगता जाहिर की और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

एक नजर में

## विनीता ने किया 28वां रक्तदान

**गढ़वा।** लायंस क्लब के चार्टर्ड अध्यक्ष आनंद कुमार की पत्नी विनीता आनंद ने अपना 28वां रक्तदान किया। विनीता ने प्रेगनेंसी कॉप्लीकेशन के कारण ऑपरेशन के लिए परमेश्वरी अस्पताल में भर्ती ग्राम पंचखेड़ी निवासी महताब आलम की पत्नी तलत परवीन के लिए रक्तदान किया। इस दौरान मरीज के परिवार के सदस्य वकार अहमद ने भी एक यूनिट रक्तदान किया। मौके पर विनीता ने कहा कि जब भी ब्लड की आवश्यकता होगी और वह देने में समर्थ होगी वह रक्तदान करती रहेगी। लायंस ग्रीन के अध्यक्ष विजय कुमार सोनी ने कहा कि हमारा क्लब इस क्षेत्र में हमेशा लोगों की मदद के लिए प्रयासरत रहा है और आगे भी करता रहेगा। मौके पर लायंस क्लब के जोन चेयरपर्सन उमेश अग्रवाल, चन्दन कुमार मेहता आदि लोग उपस्थित थे।

## लायंस गढ़वा सिटी ने किया जरूरतमंदों के बीच छाता का वितरण

**गढ़वा।** लायंस क्लब अफ़ गढ़वा सिटी के तत्वावधान में शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल के समीप गरीब व जरूरतमंदों के बीच छाता का वितरण किया गया। मौके पर लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष दयाशंकर गुप्ता ने कहा कि लायंस क्लब हर समाज और हर तबके को अपनी सेवा देते आया है। इसी क्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 322ए के आवाहन पर जरूरतमंदों के बीच धूप और वर्षा से बचाव के लिए छाता वितरण किया जा रहा है। इस दौरान फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले वेंडर के लिए भी बड़ा छाता उपलब्ध कराया गया। मौके पर अध्यक्ष सुशील कुमार केशरी, क्लब के सचिव संजय कुमार, पूर्व सचिव राम नारायण प्रसाद, संतोष कश्यप, शिव कुमार गुप्ता, ओम प्रकाश केशरी उपस्थित थे।

## बिरसा हरित ग्रामीण योजना से संबंधित दिया गया प्रशिक्षण

**मझिआंव।** बीडीओ नितेश भास्कर के द्वारा झारखंड राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी बिरसा हरित ग्रामीण योजना (बागवानी) से संबंधित प्रखंड स्तरीय शिक्षक द्वारा संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। बताते चलें कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्रामीण योजना (बागवानी) के सफल क्रियान्वय के लिए बीडीओ नितेश भास्कर के निर्देश पर प्रशिक्षु एई बख्तियार अफजल, ग्राम रोजगार सेवक सत्येंद्र कुमार ठाकुर, जेएसएलपीएस से राजदेव बाड़ा षि विभाग से सुरेश कुमार सिंह एवं मनरेगा लिपिक अखिलेश कुमार के द्वारा प्रखंड स्तरीय संबंधित कर्मी ग्राम रोजगार सेवक, बीएफटी, बागवानी सखी एवं जेएसएलपीएस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें लोगों को पेड़ लगाने एवं संबंधित कार्यों के बारे में बताया गया।

## कस्तूरबा गाधी के छात्राओं को दिया गया ईएलसी निर्वाचन साक्षरता का प्रशिक्षण

**मझिआंव।** उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर स्थानीय कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कक्षा नवीं, दशम एवं इंटर के छात्राओं को ईएलसी निर्वाचन साक्षरता का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान ईएलसी निर्वाचन साक्षरता क्लब का गठन किया गया। इसके साथ ही मास्टर ट्रेनर सह प्रखंड राज्य पदाधिकारी परमानंद प्रसाद के द्वारा इस से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से मजबूत एवं स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण के लिए आवश्यक भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

साथ ही इसके महत्व को समझाया। इसके अलावा फार्म 6, 7, 8 अर्थात नए मतदाताओं को जोड़ने, मृत एवं मतदाताओं का नाम हटाने तथा मतदाता पहचान पत्र में आवश्यक सुार करने के लिए फर्म 8 की जानकारी दी गई। साथ ही कहा कि आप सभी को अपने आसपास रहने वाले नागरिकों को इस संबंध में आवश्यक जानकारी देकर इस बार 80 प्रतिशत के पार मतदान करने के लिए मतदाताओं को उत्सुक बनाना है। मौके पर वार्डेन के अलावा विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## नीतीश कुमार बिना बताए पहुंचे जेडीयू कार्यालय, लगाई ललन सिंह की क्लास

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के राजनीतिक गलियारे में शुक्रवार को एक अलग ही तस्वीर देखने को मिली। दरअसल पटना में बीपी मंडल की जयंती को लेकर राजकीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस कार्यक्रम में शामिल हुए और फिर यहां से वह जेडीयू कार्यालय पहुंच गए। इस दौरान बड़ी बात यह रही कि नीतीश कुमार पार्टी ऑफिस जाने की जानकारी किसी को नहीं दी और न ही उनका पहले से यहां जाने का कोई कार्यक्रम था। लेकिन, सीएम नीतीश कुमार पार्टी पहुंचकर अलग-अलग कमरों में घूमने लगे। हैरानी की बात यह रही कि नीतीश कुमार जब पार्टी कार्यालय पहुंचे तो पटना में रहने के बावजूद राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह पार्टी ऑफिस नहीं पहुंचे थे।

इसी बीच जब ललन सिंह को जानकारी मिली कि नीतीश कुमार पार्टी ऑफिस पहुंच गए हैं तो वह भागे-भागे जेडीयू कार्यालय पहुंचे। हालांकि तब तब तक नीतीश कुमार पार्टी दफ्तर के एक हाल में बीपी मंडल के तैल चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद निकलने लगे थे। नीतीश कुमार गाड़ी में बैठ चुके थे। लेकिन, तभी उन्होंने ललन सिंह को भागते हुए आते देखा और मुस्कुराते हुए उनकी क्लास लगा दी। दरअसल नीतीश कुमार ललन सिंह को देखकर अपनी गाड़ी से उतरे और मुस्कुराते हुए कहा कि आप अपने कमरे में ही बैठिए। हम आपके कमरे में भी गए थे। आप आए नहीं थे। इस पर ललन सिंह ने कहा कि 4-5 मिनट में यहां कार्यक्रम था। हम 12 बजे पहुंच गए। फिर नीतीश कुमार ने कहा कि हम तो बोले कि चलो तो जरा यहां बहुत दिन हो गया है, कौन-कौन लोग है देखेंगे।

## सीतामढ़ी में बाढ़ का खतरा मंडराया! बागमती समेत कई नदियां उफान पर

**सीतामढ़ी।** नेपाल में लगातार हो रही बारिश के कारण सीतामढ़ी से होकर बहने वाली बागमती समेत नदियां उफान पर है। इससे जिले में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। जिले के छह स्थानों पर नदियां खतरे के निशान से उपर बह रही है। बागमती नदी तो सभी स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वहीं, सोनबरसा में झीम नदी तो सुंदरपुर में अधवारा नदी उफान पर है। जानकारी के मुताबिक, ढेंग घाट व सोनाखान में बागमती खतरे के निशान (71 मीटर) को पार कर बह रही है। चंदौली घाट में खतरे के निशान 59.06 से नीचे 59.56 मीटर तथा कटौझा में खतरे के निशान 55:00 मीटर से 56.20 मीटर पर बह रही है। इन सभी जगहों पर अभी जलस्तर में और वृद्धि की संभावना है। सोनबरसा में झीम नदी खतरे के निशान 81.85 मीटर से नीचे 80.63 मीटर पर बह रही है। सुंदरपुर में अधवारा नदी खतरे के निशान 61.70 मीटर से नीचे 57.43 मीटर तथा पुपरी में अधवारा नदी खतरे के निशान 55.79 मीटर से नीचे 51.60 मीटर पर बह रही है। बैरगनिया के गोआबारी में लालबकेया नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वहीं, जिले के परिहार प्रखंड के रास्ते गुजरने वाली हरदी नदी में भी अचानक उफान आ गया। इसके चलते कई गांव बाढ़ के पानी से घिर गए हैं। दो दर्जन से अधिक घरों में पानी प्रवेश कर जाने की खबर है। परवाहा-लालबंदी पथ में बंसवरिया रैन से लेकर लहुरिया बाजार तक करीब ढाई फीट पानी का तेज बहाव हो रहा है।